यूनियन धारा
Union Dhara

जिल्द 43, सं.1 Vol. XXXXIII No. 1, मुंबई जनवरी-मार्च, 2018

महिला विशेष

Woman Special

गृहपत्रिका • HOUSE MAGAZINE OF यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India

अनुक्रमणिका
Contents

यूनियन धारा UNION DHARA
जनवरी – मार्च, 2018 January–March 2018

प्रकाशन तिथि : 08.03.2018

परिदृश्य 3–4
संपादकीय..... 5–6
अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का इतिहास... 7–8
साहित्य जगत से 9
Women empowerment..... 10–11
आज की नारी/चरक का कोना..... 12–13
आधी आबादी की समस्याएँ
एवं निराकरण..... 14–15
Success Stories of Women 16–19
काव्यधारा..... 20–21
महिला बॉस..... 22–23
Matrilineal Culture/मैं नारी हूं 24–25
Women Empowerment in
India 26–27
Women in Banking & Financial
Sector/बैंकिंग उद्योग में महिलाएं . 28–29
धर्म एवं नारी..... 30–31
Woman–Urban/Rural 32–33
स्वातंत्र्योत्तर भारत में महिलाओं की
आर्थिक स्थिति 34–35
Woman Empowerment –
The need of the hour 36–37
Legally Speaking..... 38–39
विशेष आयोजन – महिलाओं हेतु
कार्यशाला..... 40–41
विश्व की महत्वपूर्ण महिलाएं 42–43
क्या नारी ही नारी की शत्रु है 44–45
सेंटर स्प्रेड – बाली 46–47
Revenge of a Woman 48–49
Girl Child and Girl Abusing 50–51
Devdasi and prostitution..... 52–53
Management Quality of
Women 54–55
सेवा निवृत्त जीवन से 56
Sexual Harassment
Redressal Committee..... 57
What's New –
Union Bhavishya 58–59
पुरस्कार / केंद्रीकृत समाचार/
समाचार दर्शन 60–69
Face in the UBI Crowd 70–71
खेल जगत से 72
Mentality & Physicality of
Women..... 73
मॉडेलिंग, विज्ञापन एवं
फिल्मों में महिलाएं 74–75
मानव कंप्यूटर – शकुंतला देवी/
शिखर की ओर .../शुभमस्तु..... 76–77
Women as Domestic..... 78
महिला मानसिकता..... 79
Women SHGs/
सफलता की उड़ान 80–81
भारत की प्रथम महिला..... 82
महिलाओं की क्षमता एवं सामर्थ्य..... 83
महिला प्रधान क्षेत्रों में महिला/
नारी होने का अधिकार 84–85
भारतीय समाज में महिलाएं..... 86
पुरुष बनने की दौड़ में दौड़ती महिलाएं .. 87
बधाई/हमें गर्व हैं..... 88
बाल प्रतिभा..... 89
हेल्थ टिप्स /व्यंजन..... 90
आपकी पाती/प्रतियोगिता क्र. 145..... 91
Back Cover..... 92

महाप्रबंधक (मा.सं.)
रवि कुमार गुप्ता
General Manager (HR)
Ravi Kumar Gupta

संपादक
डॉ. सुलभा कोरे
Editor
Dr. Sulabha Kore

संपादकीय सलाहकार
रेखा नायक (अध्यक्ष)
इशराक अली खान
नितेश रंजन
राजेश कुमार
Editorial Advisors
Rekha Nayak (Chairperson)
Ishraq Ali Khan
Nitesh Ranjan
Rajesh Kumar

Printed and published by Dr. Sulabha Kore on behalf of Union Bank of India and printed at SAP PRINT SOLUTIONS PVT. LTD. Lower Parel, Mumbai-400013

and published at Union Bank Bhavan, 239, Vidhan Bhavan Marg, Nariman Point, Mumbai-400021.

Editor - Dr. Sulabha Kore
E-mail: sulabhakore@unionbankofindia.com

Our Address : Union Dhara, 11th Floor, Union Bank Bhavan, 239, Vidhan Bhavan Marg, Nariman Point, Mumbai - 400 021.

E-mail: uniondhara@unionbankofindia.com
Mob. No. 9820468919
Tel.: 22896547 / 22896545 / 22896590

इस पत्रिका में व्यक्त विचारों से प्रबंधन का सहमत होना अनिवार्य नहीं है.

Designed and Printed at **SAP PRINT SOLUTIONS PVT. LTD.**, Lower Parel, Mumbai - 400 013.

परिदृश्य PERSPECTIVE

पिछले कुछ दशकों से भारत समेत सम्पूर्ण विश्व में महिलाओं के सशक्तिकरण का मुद्दा चर्चा का विषय रहा है. संयुक्त राष्ट्र की कई एजेंसियों ने अपनी रिपोर्ट में इस बात पर ज़ोर दिया है कि लैंगिक असमानता के मुद्दे को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए.

इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता कि भारत में महिलाओं ने स्वतंत्रता के बाद के सात दशकों में उल्लेखनीय प्रगति की है, लेकिन अभी भी उन्हें पुरुष प्रधान समाज में कई कुप्रथाओं एवं सामाजिक बुराइयों के खिलाफ संघर्ष करना पड़ रहा है. कई बाधाएं और मर्दाना ताक़तें अभी भी आधुनिक भारतीय समाज में मौजूद हैं, जो उसकी पारंपरिक महिला से आगे की यात्रा में अवरोध उत्पन्न करती हैं. यह विडंबना ही है कि जिस देश ने हाल ही में मंगल अभियान को प्रथम प्रयास में पूर्ण करने वाले एशिया के पहले देश के रूप में गौरव प्राप्त किया हो, वह लैंगिक असमानता की सूची में दुनिया भर के 146 देशों में 29वें स्थान पर हो. हालांकि महिलाओं की स्थिति में सुधार हुआ है, लेकिन उनके सच्चे सशक्तिकरण की अभी भी प्रतीक्षा है.

भारत के महानतम सपूतों में से एक, स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि "विश्व के कल्याण की गुंजाइश तब तक नहीं है, जब तक कि महिलाओं की स्थिति में सुधार न हो, क्योंकि पक्षी के लिए केवल एक पंख से उड़ना संभव नहीं है." इसीलिए एक विकसित देश होने के लिए भारत को अपनी विशाल महिला शक्ति को एक प्रभावी मानव संसाधन में बदलने की जरूरत है और यह केवल महिला सशक्तिकरण के माध्यम से ही संभव है.

महिला सशक्तिकरण का अर्थ है सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, जाति और लिंग–आधारित भेदभाव के अनैतिक बंधनों से महिलाओं को मुक्त कराना अर्थात, महिलाओं को जीवन के विकल्प चुनने की स्वतंत्रता देना. महिला सशक्तिकरण का मतलब 'महिलाओं की पूजा करना' नहीं है बल्कि इसका अर्थ है 'पितृसत्ता' को 'समानता' में बदलना.

भारत में महिलाओं की स्थिति, पिछली कुछ सदियों से कई महान बदलावों के अधीन रही है. सुधारकों द्वारा समान अधिकारों को बढ़ावा दिए जाने के बावजूद प्राचीनकाल से मध्ययुग तक उनकी स्थिति में गिरावट का इतिहास महत्वपूर्ण घटनाओं से परिपूर्ण रहा है. आधुनिक भारत में महिलाओं ने राष्ट्रपति, प्रधान मंत्री, लोकसभा के अध्यक्ष, विपक्ष के नेता, केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री और राज्यपाल सहित कई उच्च पद संभाले हैं.

भारत सरकार ने, विभिन्न सांविधिक बाध्यताओं से अलग हटकर महिला सशक्तिकरण के लिए कई नवोन्मेषी योजनाएं बनाईं हैं. उनमें से कुछ के नाम हैं– बेटी बचाओ, स्टेप (सपोर्ट फॉर ट्रेनिंग कम एम्प्लॉयमेंट ऑफ वुमेन), साक्षर भारत, एसएचजी, एनएमईडब्ल्यू (नेशनल मिशन फॉर एम्पावर्मेंट ऑफ वुमेन), महिला समृद्धि योजना, किशोर शक्ति योजना आदि.

आंकड़ें बताते हैं कि ग्रामीण भारत में कृषि और संबद्ध औद्योगिक क्षेत्रों में, महिलाओं की संख्या, श्रम शक्ति का लगभग 89.5% है. अनुमान है कि कुल कृषि उत्पादन में, महिलाओं का औसत योगदान, कुल श्रमिकों के 55% से 66% तक है. विश्व बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में डेयरी उत्पादन में कुल रोजगार का 94% हिस्सा महिलाओं का है. वन–आधारित लघु–स्तरीय उद्यमों में कुल कार्यरत लोगों में महिलाओं की हिस्सेदारी 51% है.

वो दिन गए जब विश्व के सभी शक्तिशाली पुरुषों की तुलना में, महिलाओं को किसी भी तरह से उपयुक्त नहीं माना जाता था. पुरुष प्रधान विश्व हमेशा इस तथ्य

The subject of empowerment of women is becoming a burning issue all over the world including India since last few decades. Many agencies of United Nations in their reports have emphasized that gender issue is to be given utmost priority.

There is no denying the fact that women in India have made considerable progress in almost seven decades of Independence, but they still have to struggle against many handicaps and social evils in the male-dominated society. Many evil and masculine forces still prevail in the modern Indian society that resists the forward march of its women folk. It is ironical that a country, which has recently acclaimed the status of the first Asian country to accomplish its Mars mission in the maiden attempt, is positioned at the 29th rank among 146 countries across the globe on the basis of Gender Inequality Index. There has been amelioration in the position of women, but their true empowerment is still awaited.

Swami Vivekananda, one of the greatest sons of India, quoted that, "There is no chance for the welfare of the world unless the condition of women is improved. It is not possible for a bird to fly on only one wing." Thus, in order to achieve the status of a developed country, India needs to transform its colossal women force into an effective human resource and this is possible only through the empowerment of women.

Women empowerment means emancipation of women from the vicious grips of social, economical, political, caste and gender-based discrimination. It means granting women the freedom to make life choices. Women empowerment does not mean 'deifying women' rather it means replacing patriarchy with parity.

The status of Women in India has been subject to many great changes over the past few millennia. With a decline in their status from the ancient to medieval times, to the promotion of equal rights by many reformers, their history has been eventful. In modern India, women have held high offices including that of the President, Prime Minister, Speaker of the Lok Sabha, Leader of the Opposition, Union Ministers, Chief Ministers and Governors.

Government of India, apart from various statutory encasements has formed innovative schemes for women empowerment. To name a few, Beti Bachao, STEP (Support for training cum employment of women), Saakshar Bharat, SHGs, NMEW (National Mission for empowerment of women), Mahila Samridhi Yojana, Kishore Shakthi Yojana etc.

The data further reveals that in rural India, in the agriculture and allied industrial sectors, females account for as much as 89.5% of the labour force. In overall farm production, women's average contribution is estimated at 55% to 66% of the total labour. According to World Bank report, women accounted for 94% of total employment in dairy production in India. Women constitute 51% of the total employed in forest-based small-scale enterprises.

Gone are the days when women were considered no match for all powerful men in this world. The male dominated world was always reluctant to even acknowledge the fact that women were as good as men

को स्वीकार करने के लिए अनिच्छुक था कि कड़ी मेहनत, बुद्धिमत्ता (आईक्यू) और नेतृत्व गुणों के मापदंडों पर महिलाएँ भी उतनी ही अच्छी हैं जितना कि पुरुष. दुनिया भर में नई पीढ़ी की महिलाओं ने सभी नकारात्मक धारणाओं को पीछे छोड़ दिया है और स्वयं को जीवन के सभी क्षेत्रों में संदेह से परे साबित किया है, जिसमें उद्यमशीलता की सबसे पेचीदा और जटिल दुनिया भी शामिल है.

हां, ऐसी महिलाओं का भी एक वर्ग है जो शॉर्ट–कट में विश्वास करती हैं, लेकिन साथ ही ऐसी महिलाओं की भी कोई कमी नहीं है, जिनमें विश्वास है, खुद पर भरोसा है, जिनके भीतर व्यवसाय में सर्वश्रेष्ठ कर दिखाने और विरोधियों को उनके ही खेल में हराने की जबरदस्त क्षमता है.

भारत में भी कई ऐसी साहसिक और निडर महिलाएं हैं, जिन्होंने देश के साथ–साथ विदेशों में भी खुद के लिए एक जगह बनाई है. उनके अथक उत्साह, सफलता की निरंतर प्यास और अतिरिक्त कदम बढ़ाने की उनकी इच्छा ने उनकी जन्मजात सीमाओं के बारे में सभी मिथकों को तोड़ दिया है जो कि उनकी सफलता के मार्ग में एक बड़ी बाधा के रूप में जाने जाते थे.

सुश्री इंदिरा नूयी, अध्यक्ष, पेप्सिको; सुश्री नैना लाल किदवई, एचएसबीसी इंडिया; डॉ. किरण मजूमदार शॉ, सीएमडी, बायोकॉन; एमडी और सीईओ, सुश्री चंदा कोचर, आईसीआईसीआई बैंक; सुश्री इंदु जैन, अध्यक्ष, टाइम्स समूह; सुश्री मल्लिका श्रीनिवासन, निदेशक, टीएएफ़ई आदि कुछ ऐसे ही नाम हैं.

उपर्युक्त वैश्विक भारतीय सीईओ के अलावा, महिलाओं को प्रेरित करने के लिए, मैं विशेष रूप से सुश्री चेतना सिन्हा की सफलता की कहानी को याद करना चाहता हूं. जो एक सामाजिक कार्यकर्ता और किसान से उद्यमी बन गईं और ग्रामीण भारत के सूखाग्रस्त इलाकों में उद्यमिता कौशल प्रदान कर महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कार्य कर रही हैं.

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में, महिला कर्मचारियों की संख्या 8,930 है, जो कि हमारे कार्यबल का 23.74% है. हमें यह उल्लेख करते हुए खुशी हो रही है कि हमारी 289 शाखाओं की शाखा प्रबन्धक, महिलाएं हैं. भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार, हमारे बैंक में स्थानान्तरण और पदोन्नति पोस्टिंग में महिला कर्मचारियों को प्राथमिकता दी जाती है. इसके अलावा, कार्यस्थल पर महिला कर्मचारियों के यौन उत्पीड़न की रोकथाम, निषेध और निवारण नीति आधारित शिकायतों की प्राथमिकता से जांच के लिए, एक स्वतंत्र बाहरी महिला सदस्य के साथ, हमारे यहाँ केंद्रीय कार्यालय में और विभिन्न अंचलीय/क्षेत्रीय स्तरों पर समितियों का गठन किया गया है. केंद्रीय कार्यालय में उक्त समिति का नेतृत्व एक महिला महाप्रबंधक द्वारा किया जा रहा है.

निष्कर्ष रूप में, यह आम तौर पर माना जाता है कि महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक, राजनीतिक और कानूनी रूप से सशक्त बनाना एक कठिन काम है. इससे अलावा महिलाओं की उपेक्षा की संस्कृति को बदलना आसान नहीं होगा, जिसकी जड़ें भारतीय समाज में बहुत गहरी हैं. लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि यह अकल्पनीय है. केवल क्रांतियां एक दिन में बदलाव लाती हैं, लेकिन सुधारों में समय लगता है. विशेष रूप से इसमें भी समय लगेगा. महिला सशक्तिकरण का विचार मुश्किल लग सकता है, लेकिन धीरे धीरे यह बहुत आसान होता जा रहा है. हमें बस जरूरत है, सही दिशा में केन्द्रित सघन प्रयासों की, जो सभी प्रकार की बुराइयों से महिलाओं को मुक्त करने के बाद ही रुकेंगे.

आप सभी को शुभकामनाएँ !

राजकिरण रै जी

राजकिरण रै जी.
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

on parameters of hard work, intelligence quotient (IQ) and leadership traits. The new generation women across the world have overcome all negative notions and have proved themselves beyond doubt in all spheres of life including the most intricate and cumbersome world of entrepreneurship.

Yes, there is a section among women who believe in short-cuts but at the same time there is no dearth of women who are confident, believe in themselves and have enormous fire in their bellies to take on the best in the business and beat them at their own game.

India too, has its own pool of such bold and fearless women who have made a mark for themselves both within the country as well as overseas. Their relentless zeal, incessant quench for success and willingness to walk the extra mile have broken all myths about their inborn limitations that were supposed to be major roadblocks on their success expressways.

To name a few, Ms. Indira Nooyi, Chairman Pepsico, Ms. Naina Lal Kidwai, HSBC India, Dr. Kiran Mazumdar Shaw, CMD Biocon, Ms. Chanda Kochar, MD & CEO, ICICI Bank, Ms. Indu Jain, Chairperson Times Group, Ms. Mallika Srinivasan, Director, TAFE and so on….

Apart from the above mentioned global Indian CEOs, to motivate the women folks, I specially wish to recall the success story of Ms. Chetna Sinha, a Social activist and farmer turned entrepreneur, working to empower women in draught prone areas of rural India, by teaching entrepreneurial skills.

In Union Bank of India, we have on scroll 8,930 women employees representing 23.74% of our work force. It is heartening to mention that 289 of our branches are headed by Women employees. As per GOI guidelines, in our bank women employees are given preferential treatment in transfers and postings on promotions. Apart from this, as per policy for Prevention, Prohibition and Redressal of Sexual Harassment of Women Employees at Workplace, we have in place committees at Central Office and at various Zonal / Regional levels with an independent external lady member, for looking into such complaints on priority. At Central Office, the said Committee is headed by a Women General Manager.

To conclude, it is generally perceived that empowering women socially, economically, educationally, politically and legally is going to be a herculean task and further not going to be easy to change the culture of disregard for women which are so deep-rooted in Indian society. But it does not mean that it is implausible. Only revolutions bring changes in a day, but reforms take their time. This one, in particular, will take its time as well. The idea of women empowerment might sound hard by the yard, but by the inch, it is just a cinch. All we need is a concentrated effort focused in the right direction that would rest only with the liberation of women from all forms of evil.

Wish you all Good Luck.

RajKiran Rai G.

RajKiran Rai G.
MD & CEO

संपादकीय EDITORIAL

दोस्तों

हर एक व्यक्ति के जीवन में, औरत मौजूद होती है. उसका होना अलग अलग नामों और रिश्तों के जरिए होता है लेकिन वह हरदम मौजूद रहती है. मैं आपको तथा आपके जीवन में मौजूद औरतों के लिए 'विश्व महिला दिवस' पर हार्दिक शुभकामनाएं देती हूँ. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के इतिहास में पहली बार यूनियन धारा 'महिला विशेषांक' के रूप में प्रकाशित हो रही है. यह विशेषांक यानी सबकुछ महिलाओं को, महिलाओं के लिए और महिलाओं द्वारा तैयार किया गया विशेषांक है. लेकिन समग्र पुरूषों को चाहिए कि वे इस विशेषांक को देखें, पढ़ें और उसके जरिए अपने दूसरे हिस्से को बेहतरीन तरीके से जानें और समझें. इस अंक में सभी महिलाओं ने अपना योगदान दिया है. ये महिलाएं बैंक के विभिन्न संवर्गो; विभिन्न पहचान तथा पदों पर कार्यरत हैं. कुछ महिलाएं शाखाओं में कार्यरत हैं. तो कुछ प्रशासनिक कार्यालयों में; कुछ लिपिक हैं. तो कुछ कार्यपालक हैं लेकिन ये सभी महिलाएं, इस संस्था के प्रति अपनी ईमानदारी और निष्ठा से संस्था में मौजूद हैं. मैं अपने प्रबंधन और संपादकीय बोर्ड के प्रति भी आभार व्यक्त करती हूँ, जिन्होंने यूनियन धारा के इस विशेष और नवोन्मेषी अंक के प्रकाशन में मुझे अपना संपूर्ण समर्थन दिया. यूनियन बैंक की 'महिला' ऊर्जावान है, वह कुछ हटकर करनेवाली साहसी, सुंदर और सकारात्मकता के साथ जोश और उत्साह से लबालब है. यहां हमने बहुत से विषयों पर बात की है–स्त्री–एक जैविक उत्पाद और उसका जन्म, पुरानी परंपराओं के साथ उसकी यात्रा और उसकी वर्तमान स्थिति, अस्तित्व के लिए उसका संघर्ष और उसकी सफलता. हमारा यह समाज हरदम उसे क्या करना है और क्या नहीं करना है, यह बताता है लेकिन उसे कभी यह नहीं पूछता कि एक 'स्त्री' के रूप में वह क्या चाहती है और यही मुख्य समस्या है.

स्त्री के अस्तित्व की लड़ाई, उसके जन्म के साथ ही शुरू होती है. हमारा सामाजिक ताना–बाना लड़की के जन्म की अनुमति नहीं देता, बावजूद इसके कुछ लड़कियां इस दुनिया में जन्म लेती हैं. (यही बात भारतीय समाज के स्त्री पुरूष अनुपात में असंतुलन पैदा करती है.) और यही लड़कियां स्त्री के रुप में इस दुनिया में जादू कर देती हैं. अपनी करिश्माई ऊर्जा, मुस्कुराहट, संघर्ष, संवेदनशीलता, परिश्रम, ईमानदारी तथा इस दुनिया में एक स्त्री के नाते अपनी मौजूदगी से वे इस दुनिया को जीने लायक बनाती हैं.

सर्वशक्तिमान ईश्वर का महानतम सपना
उसकी सर्वश्रेष्ठ रचना है 'वह'
और वह रचती है,
एक बेहतरीन दुनिया, एक बेहतर अस्तित्व
आप कगार पर खड़े हो,
उसकी मुस्कान आपको संबल देती है,
मुसीबतों से भरे रास्ते पर
उसका हाथ आपके हाथ में
आप थक जाते हो, वह पानी पिलाती है

Dear Friends,

In each and everybody's life, there exist a woman. She exists with different names and relations but she is always there. I wish you all and the woman in your life 'Happy World Women's Day'. This is the 1st time in History of Union Bank of India that Union Dhara is coming out with women special issue. This special issue means everything is a woman. This issue is of the woman, for the women and by the women but the entire male community have to go through it, read it to better understand their counterpart. All contributors of this issue are women. Women of different cadres of the Bank, women of different identity and capacity of the Bank. Some are working in branch, some are in administrative offices, some are clerks, some are executives but they exist within the institution with their loyalty and honesty to the institution. I am thankful to our management and our Editorial Board, who have given me full support in bringing out this special and innovative issue of Union Dhara. I am thankful to woman of Union Bank of India. She is enthusiastic, she is a path breaker, she is bold, she is beautiful and she is full of zest and zeal with positive attitude. Here we are talking about so many things. Woman, as a biological product and then her birth, her journey with old ethics and her present position, her struggle for existence and her success. This society of ours always tells her what to do and what not to do but it didn't ask her 'what's exactly she wants as a woman?' and this is the main problem.

A fight or struggle for existence of woman starts with her birth itself. Social fabric of society does not allow birth of the girl child but still some girls come to this world (this is creating imbalance in male-female ratio of Indian society) and they create miracles in this world being a women. They make this world livable with their charismatic energy, smile, struggle, empathy, hard work, honesty and just being there in the world as a woman.

Divine's greatest dream
His superlative creation is "SHE"
And she creates
A better world, a better existence,
You, standing on ledge,
Her encouraging smile.
On a road with obstacles
With her hand in hand
you get tired, she gives you water

आप रोते हो, वह आपके आंसू पोंछती है
आप हंसते हो, वह प्यार से आपकी ओर देखती है
आपकी जीत, उसके खुशी के आंसू
वह रेशम, वह डोरी, धागा और रस्सी भी
वह बेटी, बहन, सखी, पत्नी
सहेली और मां भी!
सफलता के परचम लहराने में
वह व्यस्त होने के बावजूद भी
आप उसे हर जगह पाओगे
आपकी जिंदगी के हर मोड़ पर, उसका अस्तित्व
वह विश्व की आधी आबादी किंतु
विश्व को समाहित करनेवाली.
वह स्वयं में त्रिमूर्ति है
वह दुर्गा, लक्ष्मी और काली.
और हम उसे प्रणाम करते हैं
उस ईश्वरीय स्त्रीत्व को
हमारा प्रणाम !

you cry, she wipes your tears
you laugh, she grins admiringly
you win, she cries the tears of joy
A silk twine,
a cord, a string and a rope too
She's a daughter, sister, friend, wife,
girlfriend and a mother
while she's busy achieving
pinnacle of successes.
you'll find her, on every walk
of your life on every turn.
She's half the world, but
accommodates the whole.
she's the trinity herself
she's Durga, Lakshmi and Kali
And we bow to thee,
the divine feminine
we bow to thee.

हां जी, उस स्त्रीत्व को, उस ईश्वरीय स्त्रीत्व के आगे हम नतमस्तक हैं और हां, उस सुंदर और साहसी स्त्री शक्ति को यह हमारा सलाम है.

365 x 24 x 7 के लिए विश्व महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं !

Yes, we bow to thee, we bow to the divine feminine, And yes, this is our salute to power of woman. Having her beautiful, bold substance.

Happy World Women's Day for 365 x 24 x 7.

डॉ. सुलभा कोरे Dr. Sulabha Kore

छपते छपते...

विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में वाय.बी.चव्हाण ऑडिटोरियम, मुंबई में आयोजित गरिमामयी कार्यक्रम में दि. 8 मार्च 2018 को **'यूनियन धारा'** के महिला विशेषांक का विमोचन करते हुए श्री राजकिरण रै जी., बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ तथा विशेष अतिथि, श्रीमती शिखा शर्मा, एमडी एवं सीईओ, एक्सिस बैंक तथा अन्य गणमान्य.

महिला दिवस पर विशेष जानकारी

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, हर वर्ष 8 मार्च को पूरे विश्व में मनाया जाता है. कोई भी पर्व या तिथि विशेष मनाने के पीछे कोई न कोई ऐसा जरुर कारण होता है जिससे हमारा समाज प्रभावित होता है. हमारे समाज में महिलाओं की भागीदारी, विशेष योगदान, महिलाओं के प्रति सम्मान और महिलाओं के प्रति समाज निर्माण में योगदान को देखते हुए हर वर्ष पूरे विश्व में 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाये जाने का उद्देश्य जाति-पाति, राजनीति, समाज में फैली कुरीतियाँ और ऊंच-नीच की भावना और समाज में महिलाओं को बराबरी का दर्जा दिलाना और समान अधिकारों की रक्षा करना है. आज के इस 21वीं सदी के दौर में महिलाओं ने पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर, समाज के हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी निभाई है. समाज में हर तबके की महिलाओं के अधिकारों की रक्षा हो इसलिए संयुक्त राष्ट्र संघ के नेतृत्व में हर वर्ष 8 मार्च को पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है.

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का इतिहास

नीतू ईजे
क्षे. का., मदुरै.

वैसे तो सदियों से हमारे समाज में महिलाओं को सिर्फ घर के कामों तक ही सिमित रखा जाता रहा है. हर समय नारी को केवल घर के काम करने वाली और परिवार की जिम्मेदारी उठाने वाली ही समझा जाता रहा है. कभी भी हमारे समाज में महिलाओं को बराबरी का दर्जा नहीं दिया गया. इसका मुख्य कारण समाज में फैली कुरीतियां और पुरुष मानसिकता रही है जिसके कारण हर वक्त ये महिलायें हमारे समाज में हमेशा से उपेक्षित रही हैं. इसे देखते हुए सर्वप्रथम विश्व के सबसे पुराने लोकतंत्र संयुक्त राज्य अमेरिका में वहाँ की राजनितिक पार्टी 'सोशलिस्ट पार्टी' के तत्वावधान में 28 फरवरी 1909 को पहली बार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया जिसका मुख्य उद्देश्य अमेरिकी लोकत्रंत के चुनाव में महिलाओं की भागीदारी और उनको वोट दिलाने का अधिकार था. फिर 1910 में कोपेनहेगेन सम्मेलन में पहली बार महिला दिवस को अंतर्राष्ट्रीय दर्जा दिया गया और विश्व स्तर पर महिलाओं के सम्मान और समाज में भागीदारी हेतु इसे अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाने लगा.

प्रथम विश्व युद्ध के दौरान 1917 में महिला दिवस के अवसर पर रुस की महिलाओं ने अपने हक़ के अधिकारों की रक्षा और मूलभूत अधिकारों जैसे रोटी, कपड़े की मांग पर पहली बार हड़ताल पर जाने का फैसला किया.

पूरे विश्व के इतिहास में यह किसी भी देश की महिलाओं द्वारा इतना साहसिक फैसला था कि वहां की तत्कालीन सरकार पूरी तरह से हिल गयी और सरकार को अपनी सत्ता से हाथ धोना पड़ा. फिर उसी समय रुसी महिलाओं को वोट देने का अधिकार प्रदान किया गया और यह ऐतिहासिक घटना 8 मार्च को हुई, जिसके कारण रुस में स्वतंत्र रूप से 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' मनाया जाने लगा.

इस कारण धीरे-धीरे महिलाओं की मांगों की आवाज़ पूरे विश्व में उठने लगी जिसके कारण विश्व के सभी देशों में अपने समाज में महिलाओं के सम्मान और भागीदारी के लिए उनके मौलिक अधिकारों को सुरक्षा प्रदान की जाने लगी. संयुक्त राष्ट्र संघ के गठन के बाद पूरे विश्व में महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए अनेक नीतियां और कार्यक्रम बनाये गये और फिर 8 मार्च को विश्व के सभी देशों में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाने लगा. भारत में भी महिला दिवस को विशेष महत्व दिया जाता है और व्यापक रूप से हमारे देश में भी महिला दिवस मनाते हैं.

महिलाओं को अनेक नामों से पुकारा जाता है, कभी यह नारी कहलाती हैं तो कभी स्त्री, तो कभी औरत. भले ही इन महिलाओं को चाहे किसी भी नाम या रूप में देखा जाय लेकिन हमारे समाज में महिलाओं के सहयोग के बिना सम्पूर्ण विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है. चाहे इन्सान के परवरिश की बात हो या लालन पालन की, वंशवृद्धि की हो या एक अच्छे समाज निर्माण की या फिर कला संस्कृति और धर्म की! हर जगह महिलाओं के सहयोग के बिना हमारा समाज अधूरा है. फिर भी समाज के अनेकों हिस्सों में आज भी कई जगह इन महिलाओं को उपेक्षित ही रहना पड़ता है.

लेकिन इन सबसे परे आज की महिलायें अपने अदम्य साहस और साहसिक निर्णयों के चलते समाज के हर क्षेत्र में अपने हुनर और सफलता का डंका बजा रही हैं. आज के इस महिला सशक्तिकरण के दौर में महिलाओं की स्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दुनिया के सबसे पुराने लोकतान्त्रिक देश संयुक्त राज्य अमेरिका में एक महिला के रूप में हिलेरी क्लिंटन ने सबसे बड़े संवैधानिक पद के लिए अपना एक मजबूत दावा पेश किया, जो कि इस बात की ओर इशारा करता है कि आज के दौर में ये महिलायें पुरुषों की तुलना में कहीं भी पीछे नहीं हैं. दुनिया के हर क्षेत्र में ये महिलायें पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं. भारतवर्ष की अगर बात करें तो जब से मानवता की उत्पत्ति हुई है, भारतवर्ष को संस्कृति का जनक कहा जाता है और प्राचीन काल से ही भारत को विश्वगुरु का दर्जा हासिल है.

कहने का आशय यह है कि हमारा देश भारत, पूरे विश्व को मानवता की राह पर चलने का मार्ग दिखाता रहा है और बात जब महिलाओं की आती है तो हमारा देश भारत, सदियों से ही महिलाओं के सम्मान में सदैव अग्रणी रहा है, भारतीय संस्कृति भी तो यही कहती है

''यत्र नार्यस्तु पुजयन्ते, रमन्ते तत्र देवता''

'अर्थात जहां नारी की पूजा होती है, वहां पर ईश्वर स्वयं खुद निवास करते हैं'

पूरे देश में इस दिन महिलाओं को समाज में उनके विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया जाता है और समारोह आयोजित किए जाते हैं. महिलाओं के लिए काम कर रहे कई संस्थानों द्वारा जैसे अवेक, सेवा, अस्मिता, स्त्रीजन्म, जगह-जगह महिलाओं के लिए प्रशिक्षण शिविर लगाए जाते हैं. सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है. समाज, राजनीति, संगीत, फिल्म, साहित्य, शिक्षा आदि क्षेत्रों में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए महिलाओं को सम्मानित किया जाता है. कई संस्थाओं द्वारा गरीब महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है. भारत के कुछ राज्यों में इस दिन सरकारी बसों में महिलाओं को निशुल्क यात्रा करवाई जाती है. भारत में महिलाओं को शिक्षा, वोट देने के अधिकार के साथ, सभी मौलिक अधिकार प्राप्त हैं. धीरे-धीरे परिस्थितियां बदल रही हैं. भारत में आज महिलाएं आर्मी, एयर फोर्स, पुलिस, आईटी, इंजीनियरिंग, चिकित्सा जैसे क्षेत्रों में पुरूषों के कंधे से कंधा मिला कर चल रही हैं. माता-पिता अब बेटे-बेटियों में कोई फर्क नहीं समझते हैं. लेकिन यह सोच समाज के कुछ ही वर्गों तक सीमित है.

सही मायने में महिला दिवस तब सार्थक होगा जब विश्व भर में महिलाओं को मानसिक व शारीरिक रूप से संपूर्ण आजादी मिलेगी, जहां उन्हें कोई प्रताड़ित नहीं करेगा, जहां उन्हें दहेज के लालच में जिंदा नहीं जलाया जाएगा, जहां कन्या भ्रूण हत्या नहीं की जाएगी, जहां बलात्कार नहीं किया जाएगा, जहां उसे बेचा नहीं जाएगा. समाज के हर महत्वपूर्ण फैसले में उनके नजरिए को महत्वपूर्ण समझा जाएगा. तात्पर्य यह है कि उन्हें भी पुरूष के समान ही समझा जाएगा. जहां वह सिर उठा कर अपने महिला होने पर गर्व करें, न कि पश्चाताप, कि काश! मैं एक लड़का होती.

✦✦✦

महाशक्ति

सुनिता हलदे
विलेपार्ले (पूर्व) शाखा
मुंबई (प)

1947 में भारत स्वतंत्र हो गया. हमारा संविधान भी तैयार हो गया. इस संविधान के अनुसार स्त्री को भी समान नागरिक अधिकार मिल गये. सरकार ने स्त्री का जीवन सुखकर करने का भरपूर प्रयास किया है.

लेकिन इतने सालों बाद भी स्त्री का सही सम्मान नहीं हो रहा है.

स्वामी विवेकानंदजी ने सही कहा है कि शक्ति के सिवाय संसार का उद्धार होना संभव नहीं है. हमारा देश अब भी दुर्बल और पिछडा क्यों है? हमारे देश में शक्ति का अवमान होता है इसलिए भारत में मातृशक्ति जागृत हो गयी है. इस मातृशक्ति द्वारा हमारे इस देश में पुनश्च गार्गी, मैत्रेयी का निर्माण होगा.

स्त्री को उन्होंने महाशक्ति कहा है और इस महाशक्ति की उपासना के सिवाय कुछ भी हासिल नहीं होगा. जीवन को कर्तव्यदक्ष और आदर्श चरित्र बनाने के लिए नीतिमान स्त्री शक्ति का सम्मान करना होगा.

स्त्री सम्मान का सही मतलब है कि संपूर्ण समाज की स्त्री की तरफ देखने की दृष्टि बदलनी होगी. सारा समाज आज मेरे साथ है, यह भावना उसके मन में जागृत होनी चाहिये.

आज भारतीय समाज में स्त्री ने बहुत सुंदर तरीके से घर संभाल कर पुरूषों को दैनिक जिम्मेदारी से मुक्त रखा है, इसलिए आज पुरूष समाज में मान-सम्मान, आदर, प्रतिष्ठा और धन कमाने के लिए निश्चित रूप से बाहर निकला. परन्तु नारी को क्या मिला? उसे घर की चौखट से बाहर आने की अनुज्ञा ही नही थी.

उसकी आत्मनिर्भरता खत्म हो चुकी थी. इस कारण समाज का बहुत बड़ा नुकसान हुआ. आधी उर्जा उत्पादकता मानव संपदा का उपयोग सही तरीके से नहीं हुआ. क्या स्त्री ने घर के पुरूष को दिये हुये मानसिक आधार का मूल्य हो सकता है?

नारी नारायणी है, परन्तु प्रत्यक्ष में इस देवी को तो हमने दासी बनाया है. बलात्कार, छेड़छाड़ इस प्रकार से आज वह पूरी तरह परेशान है. उसे पुनः सम्मान से खडे करना, समाज का काम है. आज अखबार में कहीं ना कहीं उन पर की गई अत्याचार की खबरें छपती है.

दिल्ली में हुई अमानवीय घटना के बाद समाज में एक असुरक्षा की भावना निर्मित हो गई है. इस कारण नारी के मन में भी असुरक्षा की भावना अधिक जागृत हो गई है.

आज समाज में विविध क्षेत्रों में नारी अधिक क्षमता से प्रवेश करने के बावजूद भी इस तरह की घटना घटती है तो वो समाज को अधिक सोचने को मजबूर करती है.

जब आधुनिक विचारों का, प्रारंभ हुआ तब से नारी को पुरूषों के बराबर का माना गया. मौका पाने पर वह पुरूष के बराबरी से काम कर सकती है, यह साबित हो गया है. वह आत्मविश्वास से समाज में रहने लगी.

नारी के आत्मसम्मान और सुरक्षा के लिए नये नियम (कायदे/कानून) बनाये गये, परन्तु इस बदलाव के बाद भी पुरूषों की मानसिकता बदली नहीं. नारी के प्रति देखने का पुराना वर्चस्ववादी, उपभोगवादी दृष्टिकोण कायम रहा.

आज भी हमारे समाज में गाली-गलौच होती है तो स्त्रियों की बदनामी के उल्लेख से ही होती है.

आज समाज को जरूरत है नारी के पीछे गंभीरता से खड़े होने की, उनके पंखों को बल देने की, उन्हें आत्मसम्मान देने की.

✦✦✦

बेबाक साहित्यिक अभिव्यक्ति
कृष्णा सोबती

पूजा वर्मा
क्षे. का., पुणे

महिला साहित्यकारों में एक सशक्त नाम है, लेखिका कृष्णा सोबती का. उनकी लेखनी में क्या नहीं है ? उनके लेखन में क्रांति है, भावुकता है. उनकी लेखनी समाज से जुड़ी भी है और समाज की बेड़ियाँ तोड़ती भी है. उनकी लेखनी के जरिए महिलाओं के हृदय में छिपी वेदना भी दिखती है तो उनमें छुपी हिम्मत भी दिखती है. कल्पना शक्ति ऐसी कि पाठक को लगे कि उसकी बातों को ही कलम से उतारा गया है. जो बात स्त्री कह न सके, उसे लिखकर बताया है.

साहित्य जगत में एक ऐसा नाम जो, महिला क्रांतिकारी साहित्यकारों में गिना जाता है. ऐसा नाम जिसने महिलाओं की पारंपरिक छवि से हटकर महिलाओं का वह रूप समाज को दिखाया, जिसे हर महिला जीती है एवं महसूस करती है. कृष्णा सोबती की लेखनी में उनकी कल्पना शक्ति छलक़ती है, उनकी लेखनी से लिखा एक एक शब्द महिला की मनःस्थिति, उनके हृदय में चल रहे द्वंद्व एवं परिवार और समाज में उनकी भूमिका को बताता है.

कृष्णा सोबती का जन्म 18 फरवरी 1925 को गुजरात, पंजाब, जो अब पाकिस्तान में है वहां हुआ, इनकी प्राथमिक शिक्षा भारत के दिल्ली एवं शिमला इन नगरों में हुई. उच्च शिक्षा इन्होंने फतेहचंद कॉलेज, लाहौर से प्राप्त की, परंतु बंटवारे के बाद इन्होंने भारत में ही वास किया. कृष्णा सोबती की विशेष रुचि काल्पनिक लेखन में है, इनके हिन्दी लेखन में पंजाबी एवं उर्दू के शब्दों की प्रमुखता है. इनकी विशेषता उस क्षेत्र के शब्दों को ग्रहण करने में है जिस क्षेत्र पर वह लेख या कहानी लिख रही होती है. सोबती ने महिलाओं के मुद्दों, जैसे उनकी पहचान, भूमिका, कामुक भावना पर लेख लिखे परंतु उन्हें केवल महिलाओं की लेखिका कहलाने से एतराज रहा है, उनके अनुसार लेखन में वह महिला एवं पुरुष दोनों के विचारों को महत्व देती हैं.

उनके विषय, शब्दों एवं मुहावरों के चयन को आलोचना का भी सामना करना पड़ा है. आलोचकों के अनुसार उनके लेखन में हमेशा कामुक भावना को दर्शाया जाता है, परंतु उनके विचारों में उन्होंने महिलाओं की उन्हीं भावनाओं को प्रदर्शित किया है जिन्हें आम तौर पर प्रदर्शित नहीं किया जाता या जिन्हें अभिव्यक्त करने में महिलाएं हिचकिचाती हैं. ऐसी ही एक बात है, अब यह बात अलग है कि भारतीय परिवेश में ये बातें सदैव बंद कमरों में की जाती हैं, लेखन के जरिए इन्हें व्यक्त कर जगजाहीर नहीं किया जाता है. सोबती ने शुरुआती दौर में लघु कथाएँ लिखीं, उनकी कथा लामा (तिब्बत के बौद्धों के बारें में) एवं 'नाफिसा' का प्रकाशन 1944 में हुआ, इसी वर्ष सोबती ने बंटवारे पर अपना लेख 'सिक्का बदल गया' प्रकाशित किया.

सोबती ने अपने प्रथम उपन्यास, 'चन्ना' के प्रकाशन हेतु उसकी पाण्डुलिपि लीडर प्रेस, इलाहाबाद में दी थी, पाण्डुलिपि को स्वीकार किया गया, परंतु बाद में उन्हें ज्ञात हुआ कि उनके लेखन में बदलाव किए गए हैं, जो उन्हें स्वीकार नहीं था, उन्होंने इसके प्रकाशन को बंद करने को कहा एवं छपाई पर हुए व्यय को भी स्वयं वहन किया.

बाद में राजकमल प्रकाशन द्वारा इसे 'जिंदगीनामा: ज़िंदा रुख' के नाम से सन 1979 को प्रकाशित किया गया. कृष्णा सोबती को 'जिंदगीनामा: ज़िंदा रुख' के लिये सन 1980 में साहित्य अकादमी पुरस्कार भी प्राप्त हुआ.

जिंदगीनामा पंजाब के ग्रामीण जीवन पर आधारित कहानी है.

'हम हशमत': वर्ष 1960 की शुरुआत में इन्होंने अपने उपनाम 'हशमत' के नाम से कुछ प्रकाशन किए जो काल्पनिक ना होकर सत्य पर आधारित थे. इनमें भीष्म साहनी, निर्मल वर्मा एवं नामवर सिंह के बारे में लिखा गया है. उन्होंने अपने उपनाम 'हशमत' (जोकि एक मर्दाना नाम है) के बारे में कहा कि हम दोनों एकदम अलग हैं, मैं पौराणिक हूँ, यह नवीन है, मैं छुपाती हूँ, यह उजागर करता है. कृष्णा सोबती के 'हशमत' को लेखक, आलोचक सभी ने सराहा. इसमें लेखक अशोक वाजपेयी भी शामिल हैं, लेखक सुकरिता पॉल कुमार का कहना है कि 'मर्दाना उपनाम रखने से सोबती बिना किसी हिचक के अपने साथियों के बारे में लिखने में सक्षम हुई हैं.'

इनके अन्य उपन्यासों में डार से बिछड़ी–1958, मित्रों मरजानी–1966, सूरजमुखी अंधेरे के–1972, यारों के यार, तीन पहर–1968, ए लड़की प्रमुख हैं.

सोबती को वर्ष 2010 में भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण की उपाधि दी गई, जिसे सोबती ने ससम्मान अस्वीकार किया. इन्हें वर्ष 2017 में भारतीय साहित्य में इनके योगदान हेतु ज्ञानपीठ पुरस्कार दिया गया.

सोबती का लेखन हिन्दी, उर्दू और पंजाबी संस्कृति से प्रभावित है एवं उसमें दर्शाए व्यक्तित्व हमेशा सशक्त एवं समाज की चुनौतियों को स्वीकार करने वाले होते हैं. हिन्दी की महिला लेखिकाओं में 'कृष्णा सोबती' एक ऐसा नाम है, जो एक नए आधुनिक एवं बोल्ड सोच को लेकर लिखता है. इनकी बेबाकी पाठकों को आकृष्ट तो करती ही है, साथ में सोचने के लिए भी मजबूर करती है.

उपन्यास– जिंदगीनामा • मित्रो मरजानी• डार से बिछड़ी • सूरजमुखी अंधेरे के • यारों के यार • समय सरगम • ए लड़की

लघु कथाएँ – नाफिसा• सिक्का बदल गया • बादलों के घेरे • बचपन

Women Empowerment

Monika Kalia
RBMD, CO Mumbai

Whenever, I think of the subject "Women Empowerment", the first name that comes to my mind is Anandibai Gopalrao Joshi.

When, I read her story, I wondered, how many women in that era could even dream of achieving what she could achieve. The era was marked with British Rule, child marriage, lack of infrastructure for education, health etc. not only for women but for men as well.

Anandibai Gopalrao Joshi (March 1865 to February 1887), one of the earliest Indian female physician and also believed to set foot on American soil from India. Married at the age of 9, she lost her first child due to sickness, as India at that point did not have enough medical facilities. Depressed and frustrated, she wanted that similar thing should not happen to anyone else. Her husband encouraged her to pursue study of medicine sciences. However, as the same was not available within India, she was encouraged to go to America. At the last moment, her husband was not allowed to accompany her and she had to go alone.

From the above story, there are three things to ponder upon:

1. How many of us are willing to go out of our comfort zone?
2. How many of us are willing to take an action, however big or small it may be to create path for women empowerment?
3. It is often said, behind every successful man there is a woman, but it's time for men to realize that behind every successful woman there is a man.

The gender bias is prevalent not only in India but world over. That is why, to date, there is an International Women's Day, which was first held over 100 years ago. It is said, a job is not over until the job itself becomes meaningless. To elaborate, a well known oncologist of Tata Memorial hospital said in an interview that the job of a doctor is to prescribe medicine for recovery of sick patient but the true victory lies, only if, doctors are able to reduce or eradicate sickness and thereby making their job meaningless. There has been enough of talk on the issue and it is now time to start our act in whatever, small or big way to make these talks meaningless in the shortest possible time.

Even in our Constitution, the Father of Indian Constitution Dr. Ambedkar has stated in the principle of equality that each individual should have equal rights irrespective of caste, creed, religion or gender etc. At that point in 1950 also the society had acknowledged and felt gender bias. There were and still are reservations on the basis of caste and religion but none on the basis of gender. But do we need any reservations?? The answer is big NO. Then what do we want as part of women empowerment?

We want to be **treated equally with men,** when we have joined the profession, we are fully aware of our responsibilities at home and office and we are capable of handling those. When, we perform equally, we need to be treated equally. During an interview process, one woman was asked if she is promoted, she may be transferred outstation and in that scenario, how will she handle her family responsibilities. Let me ask a question here, that when a promotion is given to a male colleague, he is never asked, if his wife is also working, how his wife will cope with family responsibilities in his absence from home town. Why this disparity? Do the family responsibilities belong only to women?

This takes me to next issue that even after sensitizing and flagging off the issue of equality on the basis of gender in 1951 in our constitution, why are we still not able to do anything about it? Reason is, it's not only related to office



space, it is in our society. While raising the family, how many of us follow the principle that is now being shown in the advertisement of comfort fabric conditioner manufactured by HUL. Here, the mother is using fabric conditioner and the daughter asks, why she is doing this after the clothes have been washed. To this the son overhearing the conversation says to her sister to learn all this as it will be useful tip for her future. After the son's remarks, the mother subtly calls the son for help and made him wash the clothes with the fabric conditioner and tells him that this work can be done by him as well, then why only the sister should learn. **" A very subtle way for changing the attitude – Charity begins at home."**

Do you know that this kind of thought provoking change in advertisement has been brought in only some 15 years back. Till then, even our product marketing or communication was also gender biased.



There was a commercial of ivory dishwasher soap stating "women all over America are fighting greasy pots and pans" A girl yet in her teens "Meghan Markle" (American Actress and as of now all set to become part of British Royal Family by marrying Prince Harry) found the remarks of the commercial sexist and felt hurt when the male classmates joked about women belonging only to kitchen. With due encouragement from her father she took up the matter through letters with the most powerful people of the time she could think of and her "We can do it" attitude led the manufacturer Procter and Gamble to change the phrase to " People" from "Women". The lesson is **how big or small we may be, we can make the difference.**

The women have now become accustomed to compromise on these biases on a daily basis that many a times they do not even realize anything wrong has happened. In the society also, women are brought up with the values of compromise and adjustment. The fairy tales still talk about the fact that girls need prince charming to bring them out of adversity. Why, are these fairy tales still there? Why can't we replace them with the tales of courage and achievements of women in various fields, right from Jhansi ki Rani, Savitribai Phule, Sunita Williams, Chanda Kochar and various other innumerable examples. What are we women waiting for, why can't we **change the bedtime stories to our girls**. Why can't our newspapers bring out stories of courage and achievements of women instead of crime against women. **Let our achievements scare out the men enough so that they do not dare to commit a crime against us.**

One of the least found attribute in women is **"Confidence".** Confidence is nothing more than believing in yourself, and believing in yourself is about doing things you once didn't believe you could do. For others to believe in you, first you have to believe in yourself and that belief exude in your personality for all.

While it is always said that behind every successful man there is a woman, however, it is equally true that **behind every successful woman there is a man.** Man – may be as father or husband. As a father he helps her equip her with everything that can fuel her imagination and dreams and as a partner for life he gives her wings for achieving that imagination and helps her achieve much more than what she could ever dream of.

Lastly, I would like to state that it is actually stupid of women to think that they are equal to men; they are actually far more superior. Women should believe that **they deserve a place on the table and make sure to get their place on the table, even if, they are not invited by anyone.**

✦✦✦

आज की नारी

नमिता प्रसाद
क्षे. का., हावड़ा

आज की नारी का सफर चुनौती भरा जरूर है, पर आज उसमें चुनौतियों से लड़ने का साहस आ गया है. अपने आत्मविश्वास के बल पर आज वह दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बना रही है. आज की नारी आर्थिक व मानसिक रूप से आत्मनिर्भर है.

परिवार व अपने करियर दोनों में तालमेल बैठाती नारी का कौशल वाकई काबिले तारीफ है. किसी को शिकायत का मौका नहीं देने वाली नारी, आज अपनी काबिलियत व साहस के बूते पर कामयाबी के मुकाम तक पहुंची है.

चुनौतियों का हँसकर स्वागत करने वाली महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपना लोहा मनवा रही हैं. कल तक भावनात्मक रूप से कमजोर महिलाएं आज आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं तथा अपनी जिंदगी के महत्वपूर्ण फैसले भी स्वयं कर रही हैं.

मैं हूँ ना –

शादी के पहले आत्मनिर्भर रहने वाली नारी के जीवन में शादी के बाद अचानक बदलाव-सा आ जाता है. अब उसके लिए अपने करियर के बारे में गंभीरता से नहीं सोचा तो भविष्य अंधकारमय हो सकता है और यदि परिवार की उपेक्षा की तो दांपत्य जीवन.

नारी को अपने करियर संबंधी किसी भी निर्णय को लेने से पहले बहुत सोचना समझना पड़ता है. परिवार के प्रति उसके द्वारा थोड़ी-सी भी कोताही बरतने पर परिवार के सदस्यों की शिकायतें शुरू हो जाती हैं और उस पर कटाक्ष किए जाने लगते हैं. ऐसे में परिवार और कार्यालय में स्वयं को बेहतर सिद्ध करने की वह हर संभव कोशिश करती है और आदर्श बनकर सबका दिल जीत लेती है.

असुरक्षा की भावना –

नारी के साथ असुरक्षा की भावना हर जगह होती है. महानगरों में आए दिन होती छेड़छाड़, बलात्कार व हिंसा संबंधी घटनाएं नारी को भयाक्रांत करने व अपने कदम पीछे लेने के लिए मजबूर करती हैं. परंतु उसका मजबूत मनोबल उसे हारने से रोकता है और उसका यही मनोबल निरंतर आगे बढ़ने को प्रेरित करता है.

नारी के लिए लैंगिक के साथ-साथ सामाजिक व आर्थिक स्तर पर भी असुरक्षा की भावना होती है. सामाजिक स्तर पर परित्यक्ता व विधवा जैसे शब्द उसके मार्ग का रोड़ा बनकर उसे आगे बढ़ने से रोकते हैं पर इतने पर भी वह अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का सही मौका तलाश ही लेती है और कामयाबी के नित नए कीर्तिमान रचती जाती है.

हम किसी से कम नहीं –

चुनौतियों का हँसकर स्वागत करने वाली महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपना लोहा मनवा रही हैं. कल तक भावनात्मक रूप से कमजोर समझी जानेवाली महिलाएं आज आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं तथा अपनी ज़िंदगी के महत्वपूर्ण आर्थिक फैसले भी स्वयं कर रही हैं.

अपनी क्षमताओं से महिलाओं ने आज पुरुषों को पीछे छोड़ते हुए परिवार व समाज में एक अलग पहचान बनाई है. आत्मनिर्भर बनकर आज महिलाएं बाज़ार की हर चुनौती का सामना कर रही हैं.

आज की नारी को सही मायने में आधुनिक कहा जा सकता है, क्योंकि उसने अपनी सभी दुर्बलताओं को दूर करके, नजरंदाज करके, अपने आप को मजबूत करने की पुरजोर कोशिश की है और इसमें वो पूरी तरह से कामयाब भी हुई है. उसने अपनी एक विशेष पहचान समाज के सामने पेश की है, जिसमें वह साहसी, परिपक्व, सहिष्णु तथा एक मज़बूत इरादे वाली महिला के रूप में उभर कर समाज में पेश हुई है. आज की नारी को अगर 'सुपर वुमन' भी कहा जाये तो गलत नहीं होगा, क्योंकि आज समाज का कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं, जिसमें प्रतिस्पर्धा न हो, लेकिन इसका दबदबा देखने लायक है. समाज के लगभग हर क्षेत्र में ये पुरुषों से कहीं बढकर चुनौतियां पेश कर रही हैं. कैसे आज की नारी अपने दोहरे रूप को भी पूर्ण सफलता के साथ निभा रही है. एक तरफ करिअर वुमन का ख़िताब हासिल किये हुए है, तो दूसरी तरफ, होममेकर का ख़िताब तो इसकी झोली में है ही. आज की नारी ने अपनी संकीर्ण विचारधारा को त्याग कर अपने अंदर आत्मविश्वास पैदा कर लिया है. वह पति के ऑफिस की समस्याओं को न केवल भली भांति समझती है, बल्कि उस समस्या को दूर करने में पति का हर संभव साथ भी देती है. आज की नारी ने अपने शारीरिक गठन और श्रृंगार पर भी समुचित ध्यान दिया है ताकि वो ताउम्र स्वस्थ और सुंदर रहने के साथ-साथ अपने पिया की भी प्रिया बनी रहे और दूसरी तरफ पति भी अपनी आधुनिक पत्नी के सुंदर, सुघड़, पढ़ी-लिखी, व्यवहारकुशल और स्वाभिमानी स्वरूप का आदर करने लगे हैं. आज की नारी यह भली भांति जानती है कि आज के प्रगतिशील पति को केवल खाना बनाने वाली, पैर छूने वाली, घूँघट में छुपी हुई पत्नी की नहीं, अपितु उच्च मानसिकता, बौद्धिक तथा सामाजिक स्तर वाली पत्नी की आवश्यकता है. आज की नारी ने न केवल एक खुशनुमा और समझदार पत्नी का तमगा हासिल कर लिया है, बल्कि वह दाम्पत्य को अपने प्यार के बल पर मजबूत करने का प्रयास करती है और काफी हद तक वह इसमें सफल

भी हुई है. आज की नारी में उसके व्यवहार, बोलचाल में आश्चर्यजनक परिवर्तन आये हैं. उसकी उपलब्धियां भी बढ़ी हैं, नए-नए विषयों को जानने का उत्साह भी बढ़ा है. अब वह किसी भी समसामयिक विषय पर अपने पति के साथ-साथ या किसी बाहरी व्यक्ति के साथ भी सफलतापूर्वक सलाह-मशवरा कर सकती है. इससे न केवल पति बल्कि और लोगों की नज़रों में भी इसका मान कई गुना बढ़ गया है. आज की नारी, ऐसे पति को तो पसंद करती है, जो संवेदनशील हो, लेकिन जो हमेशा मुंह लटका कर रखते हों या अति भावुक हों, वो इसे पसंद नहीं आते. भावुकता और प्यार के अंतर को भली भांति इसने समझ लिया है. अब कोई भी पुरुष प्यार के नाम पर इसे मूर्ख नहीं बना सकता. आज की नारी अपने विचार, अपनी समस्याएं, अपने राज़ पहले की तरह किसी के सामने बयान नहीं करती. वह इस बात को भली भांति जानती है कि जो पति-पत्नी एक दूसरे को अच्छा, विश्वसनीय, प्यार करने वाला, एक-दूसरे के प्रति सम्मान की भावना तथा एक-दूसरे के प्रति एक सॉफ्ट कॉर्नर रखते हैं, वही सफल दाम्पत्य को निभा पाते हैं. आज की नारी ने अपने व्यक्तित्व को उच्च शिक्षा, फैशन, सौन्दर्य प्रसाधनों और योग आदि की सहायता से काफी प्रभावी बना लिया है. यहाँ कहने में कोई गुरेज़ नहीं कि एक 'स्पेशल वुमन' की छवि को हासिल कर चुकी है, आज की नारी. आज की कामकाजी नारी को उसका बॉस आर्थिक उदारता, अथवा आर्थिक चकाचौंध का लालच दिखा कर जरा भी असंयत तथा असंतुलित नहीं कर सकता. आज की नारी जीवन के प्रति एक सकारात्मक रवैया अपनाकर अपने और अपने परिवार को अधिक खुशहाल बना रही है. आज की नारी को अपनी सफलता का श्रेय लेना भली भांति आता है. आज की नारी अपनी पुरानी 'अबला' की छवि से निकल कर एक 'सबला' के रूप में अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो चुकी है. प्रगति का शायद ही ऐसा कोई शिखर बचा होगा, जहाँ आज की नारी न पहुंची हो. इसलिए, आइये, हम इनका नमन करें.

✦✦✦

चरक का कोना

अनीता भोबे
यूनियन धारा, कें.का.

कुटकी एक शक्तिशाली आयुर्वेदिक जड़ी-बूटी है जो कि मुख्य रूप से बार बार होनेवाले बुखार, त्वचा विकार और मधुमेह के इलाज हेतु उपयोग में लायी जाती है. मुख्यतः हिमालय में 3000-5000 मीटर की ऊंचाई पर पाई जानेवाली यह जड़ी-बूटी आकार में छोटी होती है, इसके फूल ज़्यादातर सफ़ेद या नीले रंग के होते हैं. यह स्वाद में कड़वी होती है और वह कफ एवं पित्त को संतुलित करती है. कुटकी में जीवाणुरोधी और एंटीवायरल गुण होते हैं.

तो आइए, जानते हैं इसके गुण!

- लीवर सिरोसिस के इलाज में इसका उपयोग किया जाता है.
- पीलिया के इलाज के लिए एक या दो चम्मच कुटकी का पाउडर पानी के साथ लिया जाता है.
- यह गैस्ट्रिक रस का स्त्राव बढ़ाती है तथा कब्ज के इलाज के लिए सहायक होती है.
- जलोदर या पेट में पानी भरने पर 50 ग्राम कुटकी को 200 मिलिलीटर पानी में उबाल कर सुबह-शाम इसका सेवन करने से लाभ होता है.
- पित्त-कफ असंतुलन की वजह से बुखार में भारीपन, आंतरिक जलन, सिरदर्द, महसूस होता है, तो 1 ग्राम कुटकी पाउडर और 3 ग्राम चीनी के मिश्रण को भोजन करने से 10 मिनट पहले दिन में 1 या 2 बार लें.
- एक्जिमा को साफ करने के लिए कुटकी और चिरायता को हल्का गर्म करें. रात में 5 ग्राम कुटकी और चिरायता को किसी कांच के बर्तन में रखें और उसमें 100 मिलीलीटर पानी डालें और सुबह उठने पर उस पानी को छानकर पी जाएं, इससे एक्जिमा ठीक और खून साफ हो जाता है. 1 से 3 ग्राम कुटकी की जड़ के पाउडर को पानी के साथ दिन में 2 बार लेने से त्वचा के सभी रोग दूर हो जाते हैं.
- कुटकी, मंजिष्ठा, त्रिफला, बच, दारू हल्दी, नीम की छाल और गिलोय को बराबर मात्रा में लेकर बनाये गये काढ़े का 40 दिनों तक सेवन करने से सफ़ेद दाग ठीक हो जाते हैं.
- गठिया रोग में कुटकी के साथ शहद सुबह-शाम लेने से रोग ठीक हो जाता है.
- मुलेठी के साथ इसका प्रयोग करने से यह एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इन्फ्लमेटरी गुण देती है, जिससे रक्त विकार, बुखार और हृदय रोग से राहत मिलती है. इसके अलावा 500 मिलीग्राम से 1 ग्राम कुटकी पाउडर को शहद से साथ सुबह-शाम खाने से हृदय की दुर्बलता दूर हो जाती है.
- पीलिया के कारण आनेवाली हिचकी और उल्टी का इलाज एक चम्मच शहद में 1 ग्राम कुटकी को मिलाकर और दिन में 2 बार इसका सेवन करने से लाभ होता है.
- पाचन स्त्राव को उत्तेजित कर अग्नाशयी इंसुलिन स्त्राव को बढ़ाती तथा ग्लाइकोजन के रूप में रक्त शर्करा के संचय में लीवर की सहायता करती कुटकी मधुमेह प्रबंधन में आवश्यक है.
- वजन कम करने के लिए एक मुख्य हर्बल घटक के रूप में कुटकी का उपयोग किया जा सकता है.
- कुटकी और काले जीरे को पीसकर कान के अंदर की गांठों पर गर्म करके लगाने से कान का दर्द ठीक हो जाता है.
- कुटकी, अतीस, हल्दी, पाढ़ल, नागरमोथा तथा जौ का काढ़ा बनाकर कुल्ला करने से मुंह के सभी रोग ठीक हो जाते हैं.
- कुटकी को पीसकर गर्म लेप बनाकर घाव पर लगाने से आराम मिलता है.
- कुटकी वायरल हेपेटाइटिस के इलाज में बहुत मददगार होती है. यह प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देती है.
- 10 ग्राम कुटकी पाउडर को 240 मिलीग्राम शहद में मिलाकर सुबह-शाम बच्चों को सेवन कराने से उनके रोग ठीक हो जाते हैं.

सावधानी :

- गर्भावस्था के दौरान इसके उपयोग से बचना चाहिए.
- यह जड़ी-बूटी प्रतिरक्षा प्रणाली को सक्रिय बनाती है, इसलिए यदि आपको मल्टीपल स्क्लेरोसिस या ल्यूपस जैसी समस्याएं हैं, तो इसका इस्तेमाल करने से बचना चाहिए.
- कुटकी रक्त में शर्करा के स्तर को कम करती है, इसलिए यदि आप मधुमेह के रोगी हैं, तो बड़ी सावधानी से इसका इस्तेमाल करना चाहिए.
- यदि आप कोई सर्जिकल ऑपरेशन कराने जा रहे हैं, तो शस्त्रक्रिया के पूरा होने के दो सप्ताह के बाद ही इसका सेवन करें.

✦✦✦

आधी आबादी की समस्याएँ एवं निराकरण

पूजा वर्मा
नेहरू प्लेस शाखा,
नई दिल्ली

देश के विकास के बारे में समझने के लिए महिलाओं की स्थिति एक महत्वपूर्ण संकेतक है. हमारे भारत देश में महिलाओं को 'आधी आबादी' बताकर संबोधित किया जाता है किन्तु इस आधी आबादी की समस्याओं पर गौर करेंगे तो ज्ञात होता है कि आज भी महिलाओं की स्थिति सुधारने में कई कार्य करने बाकी हैं.

यह सर्व विदित है कि महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई कई दशकों से चली आ रही है, फिर भी वर्तमान में महिलाओं से संबंधित कई समस्याएँ जीवन के सभी क्षेत्रों मे मौजूद हैं, जिसमें सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक रूप शामिल हैं. कागजों पर महिला के सशक्तिकरण की दिशा में प्रगति दिखाई देती है पर वास्तविकता ठीक उसके विपरीत सी प्रतीत होती है. आँकड़ों में दिखता है कि महिला ऊँचे पदों पर कार्यरत है, टॉपर है, सरपंच है और सशक्त हो रही है किन्तु वास्तविकता में महिलाएँ आज भी बराबरी की दौड़ में बहुत पीछे हैं. इसमें कोई संदेह भी नहीं है कि महिलाओं का विकास हो रहा है किन्तु इसकी गति अभी भी धीमी है. हमें प्रयासों की गति को और बढ़ाना होगा.

महिलाओं की समस्याओं की बात करें तो प्रमुख समस्या लिंग के आधार पर किया जाने वाला भेदभाव है. पारंपरिक रूप से महिलाओं को महिला होने के नाते कमजोर समझा और माना जाता है. इसी कारण से उन्हें प्रगति के लिए समान अवसर नहीं मिलते और वे भेदभाव का शिकार होती हैं. पितृ सत्तात्मक व्यवस्था, इस लैंगिक असमानता और भेदभाव का मूल कारण है. यह एक ऐसी व्यवस्था है जहाँ पुरुषों को सत्ता का सुख प्राप्त होता है और यही सत्ता महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव का मार्ग उत्पन्न करती है. उदाहरण के तौर पर, यदि आप अपवादों को छोड़ दें तो आज भी अधिकतर महिलाएँ स्वतंत्रतापूर्वक निर्णय नहीं ले पातीं. ज्यादातर परिवारों में बेटी की शिक्षा पर कम ज़ोर दिया जाता है. घर के कार्यों की जिम्मेदारी और बच्चों की देखभाल करना महिलाओं की जिम्मेदारी मानी जाती है. यही कारण है कि आज भी कामकाजी महिलाओं की संख्या कम है.

इसी पितृ सत्तात्मक व्यवस्था का परिणाम है कि परंपराओं के नाम पर आज भी समाज में कई कुरीतियाँ उपस्थित हैं जैसे दहेज प्रथा, डायन प्रथा, पर्दा प्रथा, तीन तलाक. दहेज के कारण कितनी ही महिलाएँ प्रताड़ित की जाती हैं. इन्हीं कुरीतियों के कारण पुरुषों की तुलना में महिलाओं का लिंगानुपात कम है. तस्करी, बलात्कार और छेड़छाड़ जैसे संगीन अपराध बढ़ रहे हैं, कन्या भ्रूण हत्या और गर्भपात करवाये जाते हैं. बेटा होने की चाहत में कितनी ही बेटियों को सड़क के किनारे, नालों, कूड़ेदान, अनाथालय में छोड़ दिया जाता है. यह सभी लिंग के आधार पर किए जाने वाले भेदभाव के कारण ही होता है. यदि स्त्री–पुरुष में लैंगिक समानता होती तो शायद आज ये सब समस्याएँ भी न होती.

देखा जाए तो जन्म से लेकर मृत्यु तक के सफर में महिलाओं का जीवन बेहद चुनौतीपूर्ण होता है. उन्हें हर पड़ाव पर अपने हक के लिए लड़ना पड़ता है. ऐसी ही एक चुनौतिपूर्ण समस्या और पितृ सत्तात्मक समाज की संकुचित सोच का उदाहरण है – घरेलू हिंसा. आँकड़ों की माने तो विश्व की हर 10 महिलाओं में 6 महिलाएँ घरेलू हिंसा का शिकार हैं. यह हिंसा महिलाओं को शारीरिक, मानसिक, यौनिक एवं आर्थिक तौर पर प्रताड़ित करती है. ज्यादातर महिलाएँ अपने पति या करीबी साथी द्वारा किए जाने वाली हिंसा का शिकार होती हैं. जागरूक होने के बावजूद वह घरेलू हिंसा का विरोध नहीं कर पाती हैं और शोषित होती रहती हैं. सांस्कृतिक प्रवृत्तियाँ, धार्मिक प्रथाएँ, आर्थिक और राजनीतिक परिस्थितियाँ, घरेलू हिंसा को बनाए रखने के लिए जिम्मेदार हो सकती हैं, किन्तु यह एक व्यक्तिगत सोच का परिणाम है. घरेलू हिंसा न केवल शारीरिक चोट का कारण बनती है बल्कि इससे महिलाओं को मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक और सामाजिक ठेस भी पहुँचती है. घरेलू हिंसा विरोधी कानून होने के बावजूद अधिकतर महिलाओं को इसे रोज सहना पड़ता है. वे विरोध नहीं कर पातीं और प्रताड़ित जीवन जीने पर मजबूर होती हैं. घरेलू हिंसा एक ऐसी समस्या है जिसे महिलाएँ समस्या नहीं मानती, जिस पर बात करने में और साझा करने में महिलाओं को संकोच होता है और इसी कारण इसका विरोध भी नहीं करतीं. आवश्यकता है महिलाओं को इस बारें में जागरूक करने की और आवाज़ बुलंद करने की.

समस्याओं की इसी कड़ी में महिलाओं से जुड़ी एक अन्य समस्या है, उनकी सुरक्षा. जहाँ एक तरफ भारत देश विकास की राह पर अग्रसर है वहीं उसी देश की लड़कियाँ / महिलाएँ सुरक्षित महसूस नहीं करती हैं. इसी असुरक्षा की भावना के कारण उन पर कई तरह के बंधन लगाए जाते हैं, जैसे घर के बाहर आने–जाने के समय पर, पहनावे पर, बात करने पर, नौकरी करने पर, घूमने जाने पर. सरकारें दावे करती हैं कि महिलाएँ सुरक्षित हैं, 'बेटी–बचाओ, बेटी–पढ़ाओ' के नारे लगते हैं, फिर भी आए दिन अपहरण, बलात्कार और छेड़छाड़ की घटनाएँ' आम घटनाएँ बन कर रह गयी हैं. पीड़िता को शर्म से छुपना पड़ता है लेकिन आरोपी खुले आम घूमता है. कहा जाए तो लगता है कि देश की कानून और न्यायिक व्यवस्था समाज की मानसिकता के आगे कमज़ोर हो गई है.

एक कामकाजी महिला होने के नाते मैं इस आलेख के

अंत में एक और समस्या के बारे में लिख रही हूँ जो है – कार्यस्थल पर होने वाला यौन उत्पीड़न. कई दशकों की लड़ाई और आंदोलन का परिणाम है कि आज महिलाओं की उपस्थिति हर क्षेत्र में है. सभी क्षेत्रों में महिलाएँ पुरुषों की बराबरी में कार्य कर रही हैं. वह किसी भी मामले में पुरुषों से कम नहीं हैं. लेकिन इन्हीं कार्यस्थलों पर कई बार महिलाएँ यौन उत्पीड़न का शिकार हो जाती हैं. कानूनी व्यवस्था और ढाँचा होने के बावजूद भी महिलाएँ इसका विरोध नहीं कर पातीं और वो चुप रहती हैं. खुद की नौकरी बचाने, प्रतिष्ठा बचाने, कोई मुद्दा न बनाने, स्वयं के ऊपर के दोषारोपण से बचने की कोशिश में वो रोज उत्पीड़न को सहती हैं. कई परिस्थितियों में वह इस उत्पीड़न को नज़रअंदाज़ करती हैं और गुप्त रखती हैं और इस कारण वह मानसिक उत्पीड़न भी सहती हैं.

आज आवश्यकता है इन सभी समस्याओं पर सभी को मिलकर कार्य करने की, जागरूकता फैलाने की, महिलाओं का सम्मान करने की और उन्हें सशक्त बनाने की.

"तू खुद को बदल, तू खुद को बदल,
तब ही तो जमाना बदलेगा.
तू चुप रहकर जो सहती रही,
तो क्या ये जमाना बदलेगा."

–कमला भसीन

समाज की मानसिकता बदलने के लिए बड़े पैमाने पर कार्य करना होगा. कानूनी एवं न्यायिक व्यवस्था को इतना मजबूत बनाना होगा कि जुर्म करने वाला जुर्म करने से पहले भय महसूस करे. हम सबको बदलाव की शुरुआत अपने घरों से करनी होगी जहाँ हम अपने बच्चों में भेदभाव नहीं करेंगे, हम उन्हें महिला का सम्मान करने की सीख देंगे. बदलाव की शुरुआत स्वयं से होती है तो हमें खुद को बदलना होगा, हर शोषण पर आवाज उठानी होगी. स्त्री–पुरुष समानता की लड़ाई लंबी है इसलिए महिला–पुरुष दोनों को साथ में आना होगा. शिक्षित होना होगा और अपने अधिकारों की लड़ाई लड़नी होगी. महिलाओं को स्वयं की इज्जत करनी होगी और अपने आधिकारों के प्रति जागरूक होना होगा. यह जिम्मेदारी पूरे समाज की है कि इस 'आधी आबादी' की समस्याओं को पहचाने और उन्हें दूर करने के लिए साथ में कार्य करे.

✦✦✦

विश्व की आधी आबादी की समस्याएं – निराकरण

पूजा सिन्हा
ठाणे (पूर्व) शाखा
क्षे.का.मुंबई (उ.)

विश्व की कुल आबादी लगभग 760 करोड़ है और स्त्रियों की संख्या का अनुपात विश्व में लगभग पुरुष : स्त्री 105:101 है. अर्थात लगभग आधी आबादी हम स्त्रियों की है. आज 21वीं शताब्दी में स्त्रियों की स्थिति पहले से काफी बेहतर हुई है. परंतु अभी भी स्त्रियों को बुनियादी सुविधाओं की आवश्यकता है.

सबसे मूल एवं प्रथम समस्या शिक्षा की है. भारत में पुरुष की शिक्षा दर 82% के आसपास है, वहीं स्त्रियों की शिक्षा दर मात्र 65% के आस पास है. यूनाइटेड नेशन्स के एक सर्वे के अनुसार हर चार में से एक लड़की अपनी प्राथमिक शिक्षा भी पूरी नहीं कर पाती है. यह स्थिति काफी गंभीर है और गरीब राष्ट्रों में ज्यादा है. किंतु राहत की बात यह है कि शिक्षा दर स्त्रियों में (भारत वर्ष में) पिछले दस वर्षों में 11.80% रही है, पुरुषों के मुकाबले (6.90%). इस समस्या का निराकरण आवश्यक है और सरकार इस दिशा में समुचित कदम उठा रही है.

दूसरी मुख्य समस्या स्त्री स्वास्थ्य है. पूरे विश्व में प्रतिदिन लगभग 800 स्त्रियां मरती हैं. ये उन बीमारियों से मरती हैं, जिनका इलाज चिकित्सा द्वारा संभव है. स्त्री स्वास्थ्य समस्या वहां ज्यादा है, जहां स्त्रियों में शिक्षा का अभाव है.

एक अन्य मुख्य समस्या स्त्रियों के प्रति हिंसा है. यूनाइटेड नेशन्स के अनुसार प्रत्येक तीन में से एक स्त्री हिंसा का शिकार होती है. इसके अलावा प्रत्येक तीन मिनट में एक स्त्री किसी ना किसी तरह की हिंसा का शिकार होती है. इसमें घरेलू हिंसा, रेप, अन्य शोषण इत्यादि हैं.

भ्रूण हत्या और बाल विवाह भी भारत में एक मुख्य समस्या है. आज बाल विवाह के गैर कानूनी होने के 40 वर्षों के पश्चात भी बाल विवाह दर 3.7% है. यह दर पिछड़े राज्यों जैसे बिहार, प.बंगाल, झारखंड में 10% से भी ज्यादा है.

भारत जैसे विकासशील देश में स्त्रियों की स्थिति काफी सोचनीय है. हमें अभी भी कुपोषण, बाल विवाह, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या जैसी कई समस्याओं से जीतना है. इतनी सारी समस्याओं का निराकरण इतनी सरलता से नहीं हो सकता और ना ही सिर्फ सरकारी योजनाओं के भरोसे हो सकता है. सबसे आवश्यक है महिलाओं की शिक्षा पर और जोर देने की. महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना अत्यंत आवश्यक है. इसकी शुरुआत गांवों से, आदिवासियों से करनी होगी.

स्त्रियां बढेंगी, स्त्रियां शिक्षित होंगी तभी तो समाज बढ़ेगा उन्नति की ओर! ✦✦✦

Success Stories of Women

"Being Women" is a gift for which we should be thankful to God and should be proud of.

Amreen Khan
R.O., Jabalpur

"Behind every successful man there is a woman" and "Behind every successful woman is Herself". This saying is not only in the case of a man but this saying stands for the functioning of the whole world.

A female draws out various characteristics which is different from that of a male, varying from factors such as physical, mental and biological. God has created women in such a way that, she can take her generation forward by giving birth to new offsprings. "A Woman is the full circle. Within her is the power to create, nurture and transform."

The most Successful Women don't run from change; they run towards it because she is the Dreamer, A Doer, A Thinker. She sees possibility everywhere.

With the growing importance of women in every field of the community, we can see that a lot and lot more women have made it big, be it in the field of Business, Entertainment, Politics or Social Work. There is a lot we can learn from these Successful Women. Here are the top 9 observed traits of Highly Successful Women; we all need to imbibe in ourselves to be successful.

Believe in yourself: Believe in yourself is the first secret to SUCCESS.

High Self-Esteem and Confidence: Successful women are clear about their goals. They believe they have right to dream and achieve their goals.

Self-Awareness: They evaluate themselves to identify their strengths and areas where they need to develop. They make efforts to work on converting their limitations to their strengths.

Informed Decision Making: They never refuse to the ideas given by others. But at the same time, use their own judgment before taking crucial decisions.

Open to Build Networks: They never miss out a chance to meet new people, socialize with useful personalities and also help others to grow.

Having a Healthy Risk Appetite: Successful women are always ready to take risks. However, they make sure these risks are rewarding and also calculated.

Think Out of the Box: They use innovative and unconventional means to achieve their desired outcome.

Striking the Right Balance Between Work and Family: Equal emphasis on spending time with children and family and for their hobbies helps them cope with stress better.

Finding Happiness in Small Things: The adage of High thinking and simple living makes them take life as it comes. They believe in not complicating life but living it in simplicity.

Being Assertive: The ability to say 'No' when required and being assertive helps in prioritizing their tasks. They make sure to get their points across.

Role Model Powerful Women and their inspiring success stories

1 Keep it real: Vidya Balan, 34, Actor

She has toppled the all dominating hero, reducing him to a supporting role in a male dominated film industry. She transformed from Sabrina Lal in No One Killed Jessica (2011) to Silk in The Dirty Picture (2011), despite people telling her playing Silk wouldn't be worthy of her. She pushed big dorky glasses over her nose, let her stomach hang out in rolls over her jeans and displayed enough cleavage to give item girls a complex, and the audience loved her through it all.

She is doing it again, as a pregnant woman desperately searching for her missing husband in Sujoy Ghosh's Kahaani. She has come a long way in accepting herself as she is, size zero or not.

2 The social network: Kirthiga Reddy, 40, Director Online Operations, Head, Facebook India

Because: She heads the India division of the world's largest social network with over 800 million active users. Since Facebook set up an office in the country in 2010, the user base went up from eight million to over 40 million people in less than two years.

India is Facebook's third-largest market and has an average growth rate of more than one million people per month. Facebook users represent the youngest and most attractive market segment in the country.

3 Show stopper: Ekta Kapoor, 36, Joint Managing Director, Balaji Telefims

2011 was a banner year with five film releases, the most successful of which was the critical and commercial success 'The Dirty Picture', which grossed over ₹114 crore. Despite being written off in 2008 after the saas-bahu bubble burst, Kapoor came back with a bang with big screen releases like 'Love, Sex aur Dhokha', 'Once Upon A Time in Mumbai' and 'Ragini MMS'.

Her production house Balaji Telefilms had a sales turnover of ₹ 151 crore in 2011. She plays the role of the larger than life diva with elan.

4 Fresh start: Renuka Ramnath
CEO and MD, Multiples Alternate Asset Management

Because: As the head of ICICI Ventures, she was dubbed the queen of private equity for managing funds of around ₹ 9,200 crore. She quit at the peak of her career in 2009 to start her own venture. Because her start-up is now a ₹ 2,025 crore private equity fund, backed by top Indian and global institutional investors.

5 Start-up star: Meena Ganesh
CEO & MD, Pearson Education Services

Every time she sells a bright idea for a princely sum, she's ready with the 'next big thing' in IT services. After the sale of Customer Asset, an international call centre



to ICICI in 2002, she recently sold Tutor Vista, an online tutoring service she co-ran with husband Krishnan, to UK-based Pearson for a cool ₹ 577 crore.

6 Class apart: Kareena Kapoor, 32, Actor.

She's second to no hero when it comes to her asking price or endorsements. She starred in the two biggest releases of 2011, Ra.One and Bodyguard, the latter being the biggest hit of the year and grossing over ₹ 100 crore in its first week alone.

Despite being paired opposite the Khan power trio, she's played her roles with trademark spunk, and refused to be overshadowed by the hero. She has reinvented herself as the most versatile female lead in the industry.

7 Building blocks: Pia Singh
Whole time Director, DLF, Ltd.

She is the whole time director of the largest real estate developer in India with a market capitalisation of ₹ 45,000 crore. Because the group has consolidated revenue of ₹ 10,144 crore and a consolidated profit of ₹ 1,640 crore in 2011.

Under her leadership, DLF became the largest mall developers in the nation. She also helped set up the entertainment division of the company.

8 Her own person: Kiran Rao
Filmmaker

Because: Despite the luxe baggage of marrying a Bollywood A-lister, Rao has carved out a niche as one of India's few mainstream female directors. In an industry where scripts are written for men, by men and directed by men, she's created a space for unconventional plot-lines with her directorial debut, Dhobi Ghat (2010).

Rao as a producer, has thrown her weight behind neo-urban narratives like Taare Zameen Par (2007), Jaane Tu... Yaa Jaane Na (2008) and Delhi Belly (2011). Her first solo production, Peepli Live (2010) was nominated in the World Cinema Competition at Sundance. in 2010.

9 Revolutionary road: Kiran Bedi, Social Activist

She has stepped beyond the traditional role assigned to women and set a benchmark of courage for others. Her stand against corruption put her at the forefront of the neo-nationalist anti-corruption movement in 2011. Her drive for social justice goes beyond her uniform. Because she was India's first female police officer.

10 The muse: Neha Kirpal
Founder-director, India Art Fair

As founder-director of the four-year-old India Art Fair(IAF), she's become the face of the contemporary art market in India. Her vision paved the way for the entry of blue-chip galleries like White Cube, Hauser and Wirth and Lisson from the United Kingdom into the country, turning India into a hot global destination for artists and gallerists.

From the time of its inception in 2008 the fair has attracted a total of 2,60,000 visitors, and the number of galleries exhibiting has grown from 34 to 91, with 50 per cent international participation.

11 Retail heaven: Ashni Biyani
Director, Future Group

She is the heir apparent to the Future group that is leading the retail revolution in the country, with a group capitalisation of ₹ 5,900 crore. Big Bazaar now has 150 stores across 90 cities. She is managing the planned ₹ 300 crore investments to open 30 more Big Bazaar centres by June 2012. She is in-charge of Future Ideas that helps come up with strategies to boost sales.

12 The powerhouse: Shikha Sharma
Managing Director and Chief Executive Officer, Axis Bank

She heads India's third largest private sector bank, and has recently been reappointed managing director for another three years. Since she took charge in 2009, Axis Bank's performance has been admirable with a reported profit of Rs 942 crore for the quarter ending June 2011, a 27 per cent increase year on year.

She revolutionised the private insurance sector as the head of ICICI Prudential, crossing 2,00,000 policies within two years and earning a premium income of ₹ 280 crore. She is commanding a pay package of over Rs 2 crore a year.

13 In equal measure: Naina Lal Kidwai
Executive Director and Country Head, HSBC

She heads India's division of HSBC with deposits of close to $12,000 million. Despite the sovereign credit crisis in the Eurozone, under her leadership, the pretax profit rose by 22 per cent to $813 million in 2011. She was the first woman to enter the world of investment banking.

She is the first woman vice president of the Federation of Indian Chambers of Commerce and Industry. She is a non-executive director on the board of Nestle and a member of the Audit Advisory Board of the Comptroller and Auditor General of India.

14 The write aesthetic: Chiki Sarkar
Publisher, Penguin India

She heads the largest English language trade publisher in the subcontinent with over 200 titles every year and an active backlist of over 750 titles. At just 29, she was the editor-in-chief of Random House India. The Oxford educated Sarkar has an exquisite taste in literature, great networking skills and a fine sense of marketing.

15 The strategist: Aruna Jayanthi
CEO, Capgemini India

In 2011, Jayanthi was promoted to the rank of CEO for Capgemini India, whose global revenues for last year were an impressive $12 billion. At Capgemini India she was part of the core team that initiated the company's off-shore capabilities.

She moved quickly from being global head of delivery for outsourcing to being named CEO. In her new role, she manages and mentors a growing workforce of over 36,000 employees.

16 The frontrunner: Chanda Kochhar
MD and CEO, ICICI Bank Limited

She heads India's largest private bank with total assets of ₹ 4,062.34 billion and recorded a profit of ₹ 51.51 billion in 2011. This year the bank expects to maintain its net interest margin (a measure of lending profitablity) at 2.6 per cent, at a time when most lenders have reported a drop because of a hike in RBI interest rates.

Besides being on the board of ICICI Bank, she is a member of the Prime Minister's Council on Trade & Industry, US-India CEO Forum and is a member of the Board of Governors of Indian Council for Research on International Economic Relations (ICRIER). She topped the Fortune India list of most powerful women in business in 2011.She has balanced her family life and hectic work schedule for three decades now. "You often feel as if you are walking a tightrope," she admits.

Her Secret to success: Staying calm in difficult times and focusing on the task at hand.

17 Penny wise: Chitra Ramakrishna
Joint MD, National Stock Exchange

She is one of the architects of the National Stock Exchange (NSE), which is amongst the world's biggest and most efficiently run securities exchange boards. Under her, the NSE has become a transparent market ecosystem that reaches out to more than 1,500 locations in the country.

Last year, the NSE made a profit of ₹ 860 crore under her leadership. In 2011, she was a top contender for the spot of the next chief of UTI Mutual Fund, the fourth largest fund house in the industry. She believes in hiding behind her success. Always media shy, action, she says, speaks louder than words.

18 Mass appeal: Sneha Rajani
Senior Executive VP and Business Head, Sony Entertainment Television

Ever since she became the business head of Sony Entertainment Television (SET) in 2011, she has repeated the success of the IPL on SET Max. Sony has moved from number four to its current number two position with gross rating points (GRP) of 227 as of February 2012, and beaten long term rival Colors. Under her leadership, SET earned ₹ 200 crore in advertising revenues, almost double the income of 2010, from Kaun Banega Crorepati alone.

19 In her blood: Deeksha Suri Murti
ED, Lalit Suri Hospitality Group

She's one-third of the power trio set to inherit The Lalit Suri Hospitality Group, India's largest privately owned hotel company which owns 16 luxury hotels and made a total profit of ₹ 405 crore in 2011.

Despite the recession, the group hasn't shied away from a phased investment of ₹ 2,500 crore in the development of Lalit properties across the country over the next two years.

20 Great expectations: Schauna Chauhan Saluja, CEO, Parle Agro

She heads the over ₹ 1,500 crore FMCG giant Parle Agro. Because she has expanded her company's global presence by exporting to 20 countries. Last year she added Appy Fizz and Frooti successfully to that global portfolio.

She understands innovation and also making Hippo snacks a success story. Because she refuses to stop until she lives her dream of making Parle the number one FMCG company in India.

"As a leader my biggest strength is that I love what I do. I am a team player and work closely with my team towards achieving our business goals."

21 Brand value: Lynn De Souza
Chairman and CEO, Lintas Media Group

She heads one of the largest media agencies in the country which had a 17 per cent growth in revenue in 2011. She is one of the few women to head several industry bodies, storming into the male dominated AAAI (Advertising Agencies Association of India) as its vice president for the year 2010-2011. She plays a significant role in the media dynamics of the nation.

22 Power play: Nirupama Rao
Ambassador of India, United States of America

She was the first woman full-term foreign secretary in India's history. She has been given the task of transforming Indo-US ties. She is the diplomatic channel through which all agreements from outsourcing to counter-terrorism flow. She has served in key diplomatic assignments like China and Sri Lanka. She was also the first woman spokesperson of the Ministry of External Affairs.

23 Top gear: Harshbeena Sahney Zaveri
MD and President, NRB Bearings

She heads NRB Bearings of net worth ₹ 219 crore, which had a turnover of ₹ 466 crore in 2011. She is the brain behind building in-house technology for auto parts. NRB designed the bearings for the dual clutch automatic transmission for the global launch of Ford Fiesta in 2011.

NRB provides cutting edge products for the next generation of two-wheelers, automobiles and trucks for big fish like Volvo and Mercedes, apart from almost every Indian manufacturer.

24 Money wise: Archana Hingorani
CEO and Executive Director, IL&FS Investment Managers Limited (IIML)

She heads one of the oldest and largest private equity fund firms in the country. When she took over in 2005, IIML's private equity was barely $300 million compared to $3.2 billion now. IIML manages funds of major Indian banks and institutions.

25 Art of living: Kiran Nadar 60, Chairperson, Kiran Nadar Museum of Art

She refused to be a trophy wife and became the face of philanthropy in the country instead. She heads the Kiran Nadar Museum of Art (KNMA), a free museum in Delhi which has created a site for confluence of art and not to earn quick commission. She has consistently worked towards educational reforms through Vidyagyan, an initiative of the Shiv Nadar Foundation to empower individuals, and the Shiv Nadar University (SNU). She was named the hero of philanthropy among several others by Forbes Asia in 2010.

"A Woman" is said to be the ultimate strength and support behind the success of an individual. There is a lot of differentiation and discrimination in the name of gender as males and females. Nevertheless this difference does exist in nature from time immemorial. Because "A Successful woman is one who can build a firm foundation with the bricks others have thrown at her."

"Always Be Proud To Be A Women and Prove Yourself"

✦✦✦

SUCCESS STORIES OF WOMEN IN DIFFERENT FIELDS

Ann Mary Thomas
NRO, Chennai

Success means different things to different people. For some people the word success means being famous, for others it means being great at some specific career. We all know of the success of Indra Nooyi of Pepsi, Arundathi Bhattacharya of SBI, Chanda Kochhar of ICICI and Dr. Kiran Mazumdar-Shaw of Biocon Ltd. But I want to share with you, stories of three women who deserve equal attention and whose stories motivated me, hopefully you too.

LAKSHMIKUTTY AMMA

Tribal healer Lakshmikutty Amma, also known as Vanamuthassi or the grand old lady of forests, has been treating patients in her hut deep in the forests of Vithura in Thiruvananthapuram district. The 75-year-old was the first tribal girl from her area to attend school in the 1950s but dropped out after Class 8. She was attracted to traditional medicine and her parents trained her well. Knowledge of traditional medicine was passed from her mother who was a mid-wife. She believes that nature offers all remedies. She makes more than 500 herbal medicines and has treated thousands of patients in the last fifty years

Her home till date does not have a road access till date though it was approved in 1952. Her husband and two sons passed away and the third one is working in the Railways. One of her son had lost his life as he could not be taken to hospital on time as there was no road. Her biggest worry till date is that people are not able to bring patients in time, providing medicine at the earliest is important in poison treatment.

Lakshmikutty Amma also writes poems, dramas and is a teacher in folklore academy. She came to the limelight when the state government conferred the Nattu Vaidya Ratnam award on her in 1995.

She was this year awarded the Country's fourth highest civilian honours Padma Shri Award for her breakthrough in practising traditional medicine and for saving thousands of lives.

SHRADHA SHARMA

Born and brought up in Patna, Bihar, Shradha Sharma is the founder of YourStory.com, India's top media platform for entrepreneurs for promoting and reporting about startups and everything in around the entrepreneurial ecosystem. She has previously worked with the likes of The Times of India and CNBC TV18. During her time gathering work experience, she noticed that the young entrepreneurs had no platform to voice their side of things. Then one night on the job she started YourStory as a blog applying all the business practices she ever learnt from working with newspapers and TV channels. Thus YourStory was born to be the referential and go-to platform for all entrepreneurs and investors in India to read about themselves or and their colleagues.

She featured in a techgigstory as one of "5 women Indian entrepreneurs in India you should know about. The Hindu wrote about her as one who has shattered the glass ceiling. Her company has been described as "India's biggest and definitive platform for start-ups and entrepreneurs-related stories, news, resources and research reports. YourStory has received investments from Ratan Tata, Vani Kola, Karthee Madasamy and T V Mohandas Pai.

She was recogonised by many awards including NASSCOM Ecosystem Evangelist Award, Villgro Journalist of the Year Award in 2010, L'Oreal Paris Femina Award', PAT Memorial Outstanding Alumnus Award. and LinkedIn's most vieved CEO's under Internet category.

THE WOMEN BEHIND LIJJAT PAPAD

Lijjat is a highly popular pappad brand in India. While many may remember the buck toothed bunny that appeared in their TV commercials, many may not be aware of the fact that it's the power of rural women and their self-employment initiative, 'Shri Mahila Griha Udyog' which made the brand possible. Lijjat was the brain child of seven Gujarati women.

They wanted to start a venture to create a sustainable livelihood using the only skill they had i.e. cooking. Today, Lijjat is more than just a household name for 'papad'. Started with a modest loan of Rs 80, the cooperative now has annual sales exceeding Rs 301 crore`. What's more stunning than its stupendous success is its striking simplicity`.

And perhaps that is the most interesting lesson managers can pick up from Shri Mahila Griha Udyog Lijjat Papad. Sticking with its core values for the past forty years, Lijjat has ensured that every process runs smoothly, members earn a comfortable profit, agents get their due share, consumers get the assurance of quality at a good price, and society benefits from its donations to various causes.

This shows how even a group of simple women can have their way into success while benefitting each one of them individually and the society as a whole both financially and in an inspiring way. This is what is would say is true success.

✦✦✦

हाँ मैं बेटी वरदान हूँ

मत रोको मुझे, पढ़ने दो,
मत बांधो मुझे रस्मों में, आगे बढ़ने दो.
शान है बेटी, आन है बेटी,
माँ बाप की जान है बेटी.
रोके से न रुकने वाली,
झुकाने से न झुकने वाली.
माता पिता की सेवा जानूं,
अपने फर्ज को मैं पहचानू.
क्यों दुनिया ने यह रस्म बनाई,
कहते, बड़ा कर, जा बेटी तू है पराई.
मैं अपने घर की शान हूँ,
हाँ मैं बेटी, वरदान हूँ.

प्रियंका भास्कर
मक्सी शाखा

माँ तुम....

तुम ही शक्ति हो,
तुम्ही हो साहस मेरा.
तुम ही मेरी रौनक हो,
अभिमान हो तुम मेरा.
पीछे खड़ी हो मेरे तो,
संबल हो तुम मेरा.
सदा साथ निभाये जो,
ऐसा प्यारा दोस्त मेरा.
मेरे मुश्किल समय में हो तुम,
तकलीफ़ों में तुम्हारी रहूँगी मैं.
तुम्हारे लिए हर मुश्किल,
मुस्कुराकर सहूँगी मैं.
तुम बिन मैं और मुझ बिन तुम,
जैसे पानी बिन कोई प्यासा.

श्वेता जैन
क्षे का इंदौर

बिटिया रानी

बेटी,
ढ़ेर सारी खुशियां लेकर आई है.
मेरे घर की लक्ष्मी बनके,
पापा की लाडली परी है.
मम्मी की प्यारी दुलारी!

बेटी,
उमर के साथ साथ लेती है,
कंधे पे घर की जिम्मेदारी,
कोई भी गम मिटा देती है,
खुशियों की डोरी से!

बेटी,
शादी करके रोशनी देती है,
ससुराल के आँगन में,
पति के हर कदम में साथ होती है,
शक्ति और विश्वास बनके!

बेटी,
माँ बनती है!!
सच्चे प्यार की पहचान है माँ.
ममता का प्रतिबिंब है माँ.
भगवान का प्रतिरूप है माँ.

बेटी,
दूसरों के लिए जीती है.
उसी में अपनी खुशी ढूंढती है.
इसके बिना सब अधूरा है.
बेटी ही जिंदगी को करती पूरा है.

आर. संध्या
बेगमपेट शाखा
क्षे.का. हैदराबाद



नया रास्ता

ज़िंदगी को जीने का, कोई तज़ुर्बा नहीं है,
पर ये बात तो नहीं कि, हममें हौसला नहीं है.
देखा है जो सपना हमने, उसको तो पूरा करना है.
स्वयं बनाए पथ पर, हमको आगे बढ़ना है,
पथ हमारा ऐसा होगा,
न समाज की अड़चन होगी, न होगा किसी से वास्ता,
मंजिल होगी ऐसी सुंदर, पर टेढ़ा होगा रास्ता,
देखा है जो सपना हमने, उसको तो पूरा करना है.
चलना है कांटों पर, चाहे खून टपक जाए,
चलना है धूप में, चाहे बदन झुलस जाए.
आँसुओं से सींच कर, जीवन बगिया महकानी है,
अपने पदचिन्हों को छोड़, लिखनी नयी कहानी है.
देखा है जो सपना हमने, उसको तो पूरा करना है।
अंधेरे में के दीपक बनकर, अपनी ही ज्वाला से जलेंगे हम,
सूरज चाहे नहीं बनें पर, खुद को रोशन करेंगे हम.
दूर कुरीतियों को करके, सम्पन्न समाज बनाएंगे,
मानव जाति के हम सेवक, जग में नाम कमाएंगे.
देखा है जो सपना हमने, उसको तो पूरा करना है।।

रश्मि चौरे
क्षे.का., इंदौर

नारी युग की शान

आज विश्व की पहचान है नारी,
देश विदेश की शान है नारी.

पग–पग पर आसमाँ को छूती,
विश्व की मान है नारी.

नारी ने हर युग में, एक नई छाप है छोड़ी,
विज्ञान हो या अंतरिक्ष, सभी में पहचान है छोड़ी.

माँ की ममता को समेटे, पुरूष की ढाल है नारी.

आत्मसंबल बन, हर युग की पहचान है नारी,

नारी ने आज दी है हर क्षेत्र को नई दिशा,
नारी ने आज बनायी है हर क्षेत्र में एक नई छाप.

नारी ने अपने कौशल से
राजनीति का मुख मोड़ा है.
देश की रक्षा में स्वयं को झोंका है.

लक्ष्मीबाई, इंदिरा गाँधी, भंडारनायके,
मैडम क्यूरी, सरोजिनी नायडू, मदर टेरेसा,
कल्पना चावला अनगिनत नाम हैं,
किस किस की गिनती करूँ. किस किस के नाम गिनाऊँ,

नारी कल भी महान थी, आज भी महान है,
कल भी महान रहेगी,
युग–युग तक अपनी गाथा अमर करती रहेगी,

नि:स्वार्थ सेवा, त्याग, प्रेम की प्रतिमूर्ति
राधा–सीता बन युग–युग को सदैव आलोकित करेगी.

डॉ मीना कुमारी
क्षे.का., दिल्ली (उ)



बाबुल की गलियाँ

इस दर से विदा मैं कैसे करूँ, हृदय जीवन प्राण हो तुम.
जीवन भर की पूंजी हो, ईश्वर का दिया उपहार हो तुम.
आँखियों को न देखो बाबुल की, इनमें आंसुओं की है धार
जीवन भर दिया जो तुमको, ममता भरा ये दुलार.
सखियों की संगी साथी तुम, भाई बहन की प्यारी हो तुम
हर पल महकाया जीवन को, फूलों की महकती क्यारी हो
माता पिता के उपवन में खिला, फूलों का पिरोया हार हो तुम
जीवन भर की पूंजी हो, ईश्वर का दिया उपहार हो तुम.
जाना है किसी और के घर, अब वो ही तेरा संसार है
अपनों को छोडकर जा बेटी, अब वो ही तेरा परिवार है
चंद दिनों का कर्ज था जो, मातापिता को चुकाना है
बाबुल की गलियाँ छोडकर, उस घर को अपनाना है
मेरे घर की हर्षित रौनक, उस घर का अब श्रृंगार हो तुम
जीवन भर की पूंजी हो, ईश्वर का दिया उपहार हो तुम.
वाणी हो तेरी मधुर–मधु, होठों पर सदा मुस्कान रहे.
चन्द्र सा उज्ज्वल हो जीवन, दुख से सदा अंजान रहे
खुशियों से सजा हो घर आँगन, बगिया में सदा बहार रहे
आँखों से न छलकें आँसू कभी, अपनों से सदा प्यार रहे
इस दर से विदा में कैसे करूँ, हृदय जीवन प्राण हो तुम,
जीवन भर की पूंजी हो, ईश्वर का दिया उपहार हो तुम.

दीपिका मालवीय
यूएलपी, भोपाल

महिला बॉस

रेखा नायक
पीबीओडी,के.का.

मानव मन के पारखी कहे जाने वाले हिंदी के प्रसिद्ध रचनाकार प्रेमचंद अपने विश्व विख्यात उपन्यास गोदान में कहते हैं – 'यदि पुरूष में महिला के गुण आ जाते हैं तो वह गुणवान हो जाता है और यदि महिला में पुरूष के गुण आ जाते हैं तो वह अवगुणी हो जाती है? कुछ तीखा सा लगनेवाला यह कथन अपने आप में 'स्त्री' गुणों को बताने के लिए काफी है और यदि यही स्त्री जब शीर्ष पर हो तो फिर पूछना ही क्या? 'बॉस' होने का एक ही अर्थ मैं समझ पाती हूं– 'नेतृत्व'. अपनी टीम को लीड करना. अपने अधीनस्थ या उससे अधिक उचित है यह कहना कि अपने साथियों को, सहयोगियों को विकास और विजय की दौड़, दौड़ने और जीतने के लिए प्रेरित करना. थके, हारे का संबल बनना, हताश–निराश को प्रोत्साहित करना, गिरे हुए को उठाना, बिगड़े हुए को समझाना और जरूरत पड़े तो कुछ भारी आवाज में हल्की सी चपत लगाना. वैसे तो महिला बॉस और पुरूष बॉस में फर्क करना कुछ कठीन बात है क्योंकि भले ही वह महिला हो, उसमें भी आपको वे सभी गुण मिलेंगे, जो एक पुरूष बॉस में होते हैं.

प्राचीन भारत में महिलाएं काफी उन्नत व सुदृढ़ थीं. समाज में पुत्र का महत्व था पर पुत्रियों को भी समान अधिकार और सम्मान मिलता था. हजारों भारतीय महिलाओं ने अपने कर्म, व्यवहार और बलिदान से विश्व में आदर्श प्रस्तुत किया है. भारतीय इतिहास में इन महिलाओं के योगदान को कभी भूला नहीं जा सकता. आज हम देखते हैं कि महिलाएं सिर्फ अपने घर तक ही सीमित नहीं है. उन्होंने अपने घरों के वित्तीय पहलुओं में योगदान करना शुरू कर दिया है. वे आज सिर्फ अपना घर ही नहीं बल्कि अपने कार्यालय, अपने राष्ट्र को भी बेहतर ढंग से संभाल रही हैं.

'आखिर पहुँच ही गयी मेरी सवारी,
जहां पहुँच कर तट पर मैं खड़ी हूँ,
लहरों से लड़ी हूँ,उस किनारे पर बसी मेरी हंसी !
रास्ता सुंदर था, मंजिल और भी खूबसूरत है,
कभी घर से चली थी, फिर सपनों के लिए लड़ी,
आखिर पहुँच ही गयी हूँ !'

ये पंक्तियाँ आज की नारी के संघर्ष, उसकी लड़ाई और उसके सपनों के बारे में बताती हैं. आज के आधुनिक युग में महिला को हम केवल सौन्दर्य के क्षेत्र में ही नहीं बल्कि अन्य बहुत सारे क्षेत्रों में प्रभावशाली रूप से काम करते हुए देखते हैं. शिक्षा का क्षेत्र हो या सैनिक सेवाओं का, सरकारी उद्योगों में काम करने की बात हो या निजी औद्योगिक प्रतिष्ठानों की देखभाल का प्रश्न हो, सभी जगह नारियां कार्यरत हैं और बहुत ही बेहतरीन सेवाएँ दे रही हैं. भारत का संविधान सभी महिलाओं को समान अधिकार (अनुच्छेद 14), राज्य द्वारा कोई भेदभाव नहीं करने (अनुच्छेद 15 (1)), अवसर की समानता (अनुच्छेद 16), समान कार्य के लिए समान वेतन (अनुच्छेद 39 (घ)) की गारंटी देता है. इसके अलावा यह महिलाओं और बच्चों के पक्ष में राज्य द्वारा विशेष प्रावधान बनाए जाने की भी अनुमति देता है (अनुच्छेद 15 (3)), महिलाओं की गरिमा के लिए अपमानजनक प्रथाओं का परित्याग करने (अनुच्छेद 51 (ए)(ई)) और साथ ही काम की उचित एवं मानवीय परिस्थितियाँ सुरक्षित करने और प्रसूति सहायता के लिए राज्य द्वारा प्रावधानों को तैयार करने की अनुमति देता है (अनुच्छेद 42).

अधिकांश कर्मचारी चाहे वह पुरुष हों या महिला, वे एक पुरुष को ही अपने प्रधान के रूप में देखना पसंद करते हैं. हालांकि जब कोई पुरुष किसी महिला को बॉस की स्थिति में देखता है तो उसका अहंकार खतरे में आ जाता है. एक पुरुष द्वारा प्रबंधन के दृष्टिकोण में 'कमांड और कंट्रोल' अधिक होता है, वहीं एक महिला के मामले में 'सलाह और प्रशिक्षण' शामिल होता है और यही दृष्टिकोण कर्मचारियों के साथ संबंध बनाने एवं संगठन के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए सहायक होता है.

हाँ, इतना जरूर हो सकता है कि महिला बॉस को कभी आप खाली नहीं पाएंगे, वह हमेशा आपको बहुत व्यस्त मिलेंगी. इसका भी एक प्रमुख कारण है– पुरुष बॉस को काम की अधिकता होने पर जहां यह लग सकता है कि कोई बात नहीं मैं ऑफिस में और ज्यादा देर तक काम कर लूंगा या फिर ये कुछ काम मैं घर ले जाकर करूंगा. वहीं इस स्थिति में भी महिला बॉस को अपने टाइम मैनेजमेंट कौशल का भरपूर उपयोग करना है क्योंकि दूसरा विकल्प उसके मन में होता ही नहीं. उसे पता है, उसे सभी काम बहुत समय से निपटाना है क्योंकि घर जाने के बाद उसे इस भूमिका से इतर, दूसरी भूमिकाएं निभानी हैं. शायद यही कारण है कि आप शायद महिला बॉस को कभी खाली न पाएं.

आम तौर पर माना जाता है कि महिलाओं में गपशप करने की प्रवृत्ती ज्यादा पाई जाती है, लेकिन इसके ठीक विपरीत महिला बॉस आपको बहुत नपातुला बोलने वाली और 'टू द पॉईंट' कहने वाली मिलेंगी. इसीलिए आपको उनमें बिखराव नहीं मिलेगा और वह अपने काम में बहुत स्पेसिफिक होती हैं.

आज के इस आधुनिक और प्रतिस्पर्धात्मक युग में महिलाएं अपने अधिकार और शिक्षा का उपयोग कर बड़ी तेजी से आगे बढ़ रही हैं. वे कार्यालयों में काम करती हैं, वे कारोबार, व्यापार करती हैं, संस्थाएं, संगठन चलाती हैं, वे खुद अपनी मालिक बनी हुई हैं. ऐसे में वे बॉस बनती हैं, लोगों से काम करवाती हैं.

एक महिला बॉस के नेतृत्व गुणों को अगर मापा जाए तो वे जिस समय अपने व्यवस्थापन को आगे ले जाने के लिए कठोर और सख्त निर्णय लेती हैं, उसी समय वह अपने कर्मचारियों के प्रति नरम व्यवहार से उनकी सभी कठिनाईयों को दूर करने और अपने कार्य के प्रति समर्पित रहने का दिशानिर्देश भी देती हैं. महिला बॉस की संकल्पना इसी के साथ आगे आयी है. दूरदर्शिता, साहस, ईमानदारी, विनम्रता, रणनितीक योजना और सहयोग जैसे गुणों के मिश्रण से बनती है, एक 'नारी बॉस' अगर बात हो पुरुष नेतृत्व के साथ तुलना की तो एक ही बात 'नर से भारी नारी, एक नहीं दो दो मात्राएँ. '

अगर हम दुनिया की कुछ बेहतरीन शख़्सियतों की बात करें तो उनमें, डेन्मार्क की प्रधान मंत्री, हेले थोर्निंग; थायलैंड की प्रधान मंत्री, यिंग्लुक शिनावटरा; ब्रिटेन की प्रधान मंत्री, थेरेसा मे; बांग्लादेश की प्रधान मंत्री, शेख हसीना वजेध; भारत के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक की पूर्व चेयरमैन अरुंधति भट्टाचार्य, न्यू इन्ट्रप्राइसिस एस्सोसियेटस की एम.डी, बाला देशपांडे; आईसीआईसीआई बैंक की एम.डी और सी.ई.ओ चंदा कोचर; नेशनल स्टॉक एक्स्चेंज की एम.डी और सी.ई.ओ चित्रा रामकृष्णा; भारत की रक्षामंत्री निर्मला सिथारमन; भारतीय क्रिकेट टीम की कैप्टन मिथाली राज; भारतीय हॉकी टीम की कैप्टन सुशीला चन्नु जैसे नाम सामने आते हैं. इन सफल महिलायों ने अपने संबन्धित क्षेत्रों में अगर कामयाबी हासिल की, तो वह उनके दृढ़विश्वास, नेतृत्व भावना और कठोर परिश्रम का परिणाम है.

भारत की 1.3 अरब आबादी में से केवल 27% महिलाएं कार्यरत हैं लेकिन जब 50% महिलाएं काम करने लगेंगी तो भारत का चित्र कुछ अलग ही दिखेगा. हमें महिलाओं को जीवन के हर मुकाम पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देनी चाहिए क्यूंकि महिलाएं समाज की वास्तविक वास्तुकार होती हैं. वे खुद शिक्षित होने की वजह से घर परिवार के साथ साथ समाज को भी शिक्षित करती हैं और शिक्षित समाज ही विकास की राह पर आसानी से अग्रसर होता है.

महिलाएं संवेदनशील होने के कारण किसी पुरुष बॉस से एक कदम आगे या पीछे नहीं बल्कि उसके बराबर हैं या कह सकते हैं कि थोड़ा आगे भी हो सकती हैं. बावजूद इसके हमें हमारी पुरुष प्रधान मानसिकता, इस बात को आसानी से स्वीकारने की अनुमति नहीं देती. लेकिन वर्तमान समय में जिस तरह से लड़कियां, महिलाएं उच्च विद्याविभूषित होने के साथ–साथ अपनी निर्णय क्षमता, बेबाकी तथा साहस के लिए जानी जाती हैं, तब यह संकल्पना 'महिला बॉस' उतनी सही नहीं लगती, क्योंकि 'बॉस' बॉस होता है, वहाँ स्त्री–पुरुष भेद करना ही बेमानी है.

लेकिन यदि स्त्री की बात हम करते हैं तो, स्त्री का मानसिक लचीलापन, उसकी समझ, स्थितियों के बारे में गहराई से सोचने की शक्ति, संवेदनशीलता तथा विपरीत स्थितियों में भी अपनी मानसिकता को ठोस व बरकरार रखने का माद्दा उसे सही मायने में 'बॉस' होने की सभी सार्थकता प्रदान करता है.

एक ऊर्जा से भरी सलीकेदार बॉस, जो बड़े स्नेह से आपकी स्थितियों, काम तथा मानसिकता को समझते हुए, आपको समझाते हुए तथा कभी कभी कठोरता से भी आप से काम करवाती है, तो उसमें नाराज या नासाज होने की क्या जरूरत है? आखिर वह आपकी 'बॉस' है.

मेरा सभी महिलाओं से एक ही अनुरोध रहेगा–

'हर चीज से बढ़कर,
अपने जीवन की नायिका बनें'

✦✦✦

Matrilineal Culture

Rajashri Baglari
RO, Siliguri

As we celebrate women in the issue of Union Dhara, it is only natural that there should be an article on the matrilineal culture followed by two tribes in North Eastern part of India. Before we go into detail, I would like to clarify the difference between a matriarchal society and a matrilineal society.

A matriarchal society is a system in which women has control over all the activities, be it social, cultural or political; women hold all the power and call all the shots very much like the legend of the amazons in Greek history, exemplified by Gal Godat in the Warner brother Movie 'The Wonder Women' 2017.

Supriya Nadkarni
Union Dhara, C.O.

Friends, we all admire the cute babies dancing to any rhythmic tune and appreciate them. We all have a dancing gene within us, but a very few make it to good dancers b'coz they go out of their way to acquire proper training and above all take mammoth pains to practice and sharpen their skill. Meet one such colleague who is presently posted as Branch Manager, Dankuni Branch of Howrah Region. She is Ms. MUNMUN BANERJEE. Coming from a middle class family, she is the only child of her parents - her father, a retired Commandant from Civil Defence and her mother, a home maker. Joining our Bank in 2009 as a Rural Development Officer, she is now a Scale-II Officer and married to Mr. Surajit Biswas, Branch Manager, Deogaon Branch, Azamgarh Region. Every struggling artist inspires her while any rhythm compels her to tap her feet. It is her ardent dream to own a dance studio of her own in near future. Apart from dancing, painting, singing, writing, reading and travelling is her other pastimes. Here, in this candid dialogue with Mrs. Supriya Nadkarni, this artist unveils her journey on dancing floor.

• • • • •

- **Who introduced you to this art field? At what age? Who is your "Guru"?**

I have been dancing since my very childhood. Nobody in particular introduced me to this field. It just came naturally. My grandparents & parents greatly inspired me to carry on dancing. I have been introduced to proper dance training at the age of ten. Before that I used to dance on my own. My first teacher was Mrs Shilpi Ghosh, who trained me in Rabindra Nritya, folk & Bharat Natyam for about six years. Next I took up dancing classes from Mrs Tannistha Chakraborty for two years in Creative & Bharat Natyam.Since last four years, I am learning Western Dance from Mr Suman Chakraborty.

- **Brief us about the art of Dancing.**

Dancing is an ancient form of art. We have references of dance in Hindu mythologies about 'apsaras','kinnars' & 'kinnaris' dancing in the courtyards of heaven (Indra Sabha). 'Nataraj', an incarnation of Lord Shiva is the dancing God of Hindu, introducing the dance form known as 'Tandava'. Dancing female idols were found after the discovery of Harappan & Mohenjo-Daro civilizations. Dance is the linguistic expression of any rhythm. Many classical dance forms have originated in India like Bharat Natyam, Odissi, Kathak, Kuchipudi, Mohiniattyam, Kathakali. Other folk forms like Bihu, Jhumur, Bhaowai, Garba, Ghumar, Santali etc vary from one state to another.

The art is obviously not limited to our Indian subcontinent. There are famous western forms like, Hiphop, salsa, Jazz, Flamingo, Belly, Rumba, Zumba, Lindi hop, Tap dance, Afrojazz etc. The basic difference between contemporary classical & other dance forms is the technique used and the form of music. In this modern era, there has been a substantial shift in the art of dancing from being fanatically classical to much more modernized concepts like creative & contemporary.

- **What is your favourite dance genre?**

In Indian form, 'Kathak' is very close to my heart due to its crisp moves and oomph factor. In western form, I have a penchant for the art of 'Belly dance' since the ancient Egyptian music creates a mesmerizing air and the soft and subtle movements ignite the

magic. 'Contemporary'form of dancing is also one of my favourites since it is an art of storytelling through the finest dance moves. Moreover, in a dance performance, both the interpretation and the message that a dancer can gift his audience through his art.

- **Any special attire is required for the dance?**

  Costume plays a very vital role in dance. It increases manifold the charm of this art. Proper costumes, jewels, hair-do, make-up is very essential to take any dance form to the next higher level.

- **Why music accompaniment is must?**

  Music is the soul of dance. It is inter twined and inter dependent to bring out the Gods & Goddesses within any artist.

- **Who are your idols in this field?**

  I feel that Dance Master Terence Lewis is a complete package. I take him as my idol.

- **How do you prepare yourself for a performance?**

  Before any performance, the occasion and the stage plays a vital role in choosing the dance theme. Next, thorough practice is a must accompanied by a strict diet schedule.

- **What is the difference between a 'solo' performance & a group dance? Which one is difficult? Why?**

  Solo performance, as the name suggests, is performed by a single artist while group performance is one having a group of dancers. Group performance is always difficult since thorough practice and absolute synchronization plays a vital role in the presentation.

- **Is the magic of Indian Classical Dance fading out?**

  This is a sad but naked truth that the essence of Indian classical dance is slowly fading away. This is due to the fact that the new generation youth derive more interest from commercial dance forms. Learning classical dance requires lot of patience and is devoid of the so called 'Bollywood' as well as the 'Western' glamour. It is the pure form of art and requires consistent apprentice.

- **What are the career opportunities for an Indian Classical dance?**

  It is an interesting fact that a classical dancer can easily grab any commercial dance style. This makes it easier for them to shine as choreographers, artists & teachers in all dancing fields. Opportunities are always there. It is only required to be grabbed at the correct moment.

- **What was your most challenging dance routine?**

  Learning western dance form has been a challenging routine for me since I had never tried the form in my childhood days. I am into western dance just for four years. The technique, style & body language of western dance is very different from the conventional classical art form. I am still learning and I have a lot more to learn.

- **Any retirement age for this art form?**

  Artists do not retire. They pass on their responsibility of creation and beautification from one artist to another.

- **Tell us in brief about your "paintings"**

  Besides dancing, I am also into painting from my very childhood. I have learned painting from Mr Saptam Panja. I have again taken up learning painting from Mr Biswanath recently. I have participated in different competitions, exhibitions and also home décor. I have used crayons, water colour, pencils, fabric colours, oil colours for different creations. Oil painting of portraits is one of my favourite creations. I love to paint real subjects, be it a live person or still objects.

- **Also narrate us about your wooden handicrafts & paper flowers making.**

  Beautiful creations can be made using the thin wooden peels that come out during polishing of wooden logs. The peels are given different shapes with scissors and are glued on canvasses, boards, articles like flower vases etc. They look beautiful in their nude neutral woody shades and also can look awesome if painted with colours and glitters.

  Paper flowers are usually made from a special type of paper 'crepe paper'. There is a technique of giving them a typical shape with scissors, glues and metal wires. They look artistic with the matt finish of the paper surface and imitate the freshly bloomed flowers, especially roses.

- **Any message to our readers?**

  Always remember that passion never dies, it may remain dormant. Never stop dreaming and never stop chasing your dreams. Time is always scarce, so make sure that you steal some moments from time.

'Union Dhara' wishes her all the Best in her future dancing & artistic endeavours. More power to her creativity!!

✦✦✦

Our Bank's Football team was placed at the 'RUNNER-UP' position in the 23rd All India Late Prakash Sonkar Memorial Football Tournament 2017 held at Indore, Madhya Pradesh.

Our Bank's Football team was placed at the 'RUNNER-UP' position in the 21st All India "Independence Cup" Football Tournament 2017-18 held at Maihar, Madhya Pradesh.

Our Bank's Football team was placed at the 'RUNNER-UP' position in the MDFA Invitation 111th Nadkarni Cup Football Tournament 2018 held at RCF Sports Complex, Chembur, Mumbai.

Mentality and Physicality of Women

Veena Shenoy
NRO, Bengaluru

Swami Vivekananda has rightly said *There is no chance for the welfare of the world unless the condition of woman is improved. It is not possible for a bird to fly on only one wing.*. This Swami Vivekananda's quote shows the importance of women in our society. The Swami also said that no country will progress if it does not respect the women. India is a country where women are worshipped in the form of Devi and Goddess and at the same time abused in various ways. It is an irony that a country whose Defence Minister is a woman, tops among the countries which abuse women in various ways.

Many a times we have debates wherein there are arguments as to who is superior, man or woman. According to me for smooth functioning of a society, for a happy family and also for development of a nation the men and women have to be treated equally in all respects. This is mentioned even in our mythology where Lord Shiva is referred to as Ardhanaresshwara. Ardhanarishvara represents the mixture of masculine and feminine energies of the universe and illustrates how Shakti, the female principle of God, is inseparable from Shiva, the male principle of God.

On woman's day there will be celebrations and functions to honour the successful women and women entrepreneurs and women who have excelled in various fields of life. According to me, Women's day in actual terms is when we respect and empower our women.Of late we see many women organisations which are fighting for entry into various Hindu temples where women are forbidden to enter as per tradition. Hence as woman I request women activists (including those activists who are fighting for women's entry in various temples) to fight for the rights of women and ensure that the women in our society are protected, especially poor and helpless girls who are usually victims of sexual abuse, prostitution and trafficking. Poor and helpless girls usually fall victims to flesh trade, dance bars and are forced entry into these immoral activities due to poverty and lack of education. The day our society empowers and protects girls and women, the society can be called an enlightened one, not by merely earning an entry in a temple or by breaking age old traditions.

On women's day I would also like to ask some questions. Aren't the women equally guilty in case of burning a bride /woman in case of dowry deaths.? Isn't it the mother-in law and sisters –in-law who help other men of the house to burn a woman. How many advertisements (especially in case of Insurance products) show that the insurance money /parents savings is for the education of the daughter or in case of death of the sole bread winner? It is usually for the education of the sons and marriage expenses of the daughter. How many times do we say *fallen men*? It is always the *fallen women*. Instead of waiting for the leaders and politicians to change our fate, the women should work together and change our/ society's attitude towards women by empowering women. As Mrs. Sudha Murthy has rightly said in her book *Wise and otherwise* there is so much misery and gloom but it is better to light a single candle than to remain in darkness.

✦✦✦

मॉडलिंग-विज्ञापन-फिल्म में महिला

प्रणिता कोठावदे
सतर्कता
विभाग, केंका

अक्सर ऐसा कहा जाता है कि हमारा भारत पुरुष प्रधान समाज है, परंतु आज के आधुनिक समाज में महिलाओं के योगदान एवं सामाजिक विकास व उत्थान में उनकी भूमिका को देखते हुए यह कहना शायद अतिशयोक्ति नहीं होगी कि वर्तमान युग में भारतीय महिलाएं अपनी घरेलू भूमिकाओं से बाहर निकलकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक विशिष्ट पहचान स्थापित कर चुकी हैं. इन्दिरा नुई, कल्पना चावला, अरुंधती भट्टाचार्य, प्रियंका चोपड़ा, चंदा कोचर जैसी अन्य अनेक भारतीय महिलाएं इस कथन को सत्य साबित करती हैं.

आज भारतीय महिला न सिर्फ आर्थिक और सामाजिक विकास के लंबे सफर को तय कर पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिला रही हैं, बल्कि मीडिया, फिल्म और विज्ञापन जगत में भी महिलाओं ने अपना अतूलयनीय स्थान बना लिया है. चाहे कार बेचना हो या टूथपेस्ट, खाने पीने का सामान हो या होमलोन हर चीज़ को बेचने के लिए विज्ञापन उद्योग महिलाओं का ही सहारा लेता है. स्टार स्पोर्ट्स का विज्ञापन 'चेक आउट माइ गेम' महिलाओं को घूरने वालों को करारा जवाब देता प्रतीत होता है. इसमें देश की प्रमुख महिला एथलीटों को अपना-अपना खेल खेलते दिखाया गया है, जहां साइना नेहवाल कहती हैं 'मेरी सर्विस देखो', तो मेरी कॉम कहती हैं 'मेरा पंच देखो', तो कोई एथलीट कहती हैं 'मेरा खेल देखो'. यह विज्ञापन महिलाओं के प्रति हमारे समाज के स्टीरियोटाइप रवैये को एक जोरदार पंच मारता है.

भारतीय सिनेमा जगत प्रारंभ से ही पुरुष प्रधान रहा है और भारतीय फिल्मों के पटकथा साहित्यकारों की मानसिकता प्रारंभ से ही भारतीय पुरुषों के पौरुष पर आधारित रही. ऐसे में धीरे-धीरे समाज में अपनी वर्चस्व की अमिट छाप छोड़कर अपनी सशक्त पहचान को स्थापित करना भारतीय महिलाओं की एक ऐसी प्रगति है, जो विश्व के सभी मनुष्यों के लिए अनुकरणीय है. आज की भारतीय नारी पूर्व में प्रचलित अनेक सामाजिक कुरीतियों जैसे दहेज प्रथा, पर्दा प्रथा, लिंग परीक्षण, गर्भपात, लड़कियों हेतु दोहरे मानदंडों, लैंगिक भेदभाव आदि को मिथ्या साबित कर देश की प्रगति में समानुपात में योगदान दे रही है.

आज बॉलीवुड सुपरस्टार माधुरी दीक्षित को 52 साल की उम्र में भी दुनिया की सबसे खूबसूरत महिलाओं में से एक माना जाता है. यहां तक कि उनकी वैसी तस्वीरें भी हमारे सामने होती हैं, जो बिलकुल वास्तविक होती हैं. 80 साल की उम्र में भी अमरीकी लेखक और मॉडल जोन डिडियन मॉडलिंग करती हैं. आज फैशन कारोबार अरबों-खरबों रुपयों का है, जो पूरी तरह महिलाओं के मॉडलिंग और विज्ञापन पर ही आश्रित है.

सिनेजगत और मीडिया भी आज पुरुष समाज का मोहताज न होकर लिंग समानता का साक्षी बन रहा है. आज महिला प्रधान सिनेमाओं का भी निर्माण किया जा रहा है, जिसमें विकास व प्रगति में महिलाओं के योगदान का चित्रण किया जा रहा है. इन सिनेमाओं से न सिर्फ हमें महिलाओं के सशक्त किरदारों का नमूना देखने को मिलता है, बल्कि इनसे हमें हमारे समाज के विकास में महिलाओं की भूमिकाओं के महत्व के बारे में भी जानने का अवसर प्राप्त होता है.

महिलाओं का काम करने का तरीका, सोचने का तरीका, व्यवहार आदि सब पुरुषों से अलग है. इन्हीं तथ्यों को माना जाये तो हम यह कह सकते हैं कि महिलाएं शारीरिक रूप से तथा मनोवैज्ञानिक तरीके से पुरुषों के बराबर नहीं हैं. पर महिलाएं पुरुषों से पीछे भी नहीं हैं.

ब्रिघम यंग की एक प्रसिद्ध कहावत है कि 'अगर आप एक आदमी को शिक्षित कर रहे है तो आप सिर्फ एक आदमी को शिक्षित कर रहे हैं पर अगर आप एक महिला को शिक्षित कर रहे हैं तो आप आने वाली पूरी पीढ़ी

को शिक्षित कर रहे हैं'. महिलाएं परिवार बनाती हैं, परिवार घर बनाता है, घर समाज बनाता है और समाज ही देश बनाता है. इसका सीधा सीधा अर्थ यही है कि महिलाओं का योगदान हर जगह है.

✦✦✦

अर्पिता पाण्डे
क्षे.का., रायपुर

मॉडलिंग - विज्ञापन फिल्म में महिलाएं

भारतीय संस्कृति में नारी को बहुत महत्व दिया गया है. संस्कृत में एक श्लोक है– 'नार्यस्तु यत्र पूजयंते, रमन्ते तत्र देवता' अर्थात जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं. विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्यार प्रकट करते हुए 8 मार्च को पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का महत्व आज सिर्फ महिलाओं को पुरुष सहयोगियों द्वारा फूल भेट करने या विशेष लंच का आयोजन करने तक सिमट कर रह गया है. सामान्य तौर पर हम एक दिन महिलाओं के नाम समर्पित कर अपने कर्तव्य का निर्वाह कर लेते हैं. लेकिन वास्तविक महिला दिवस तो फैशन, विज्ञापन एवं फिल्म इंडस्ट्री की दुनिया में मनाया जाता है. इस कारोबार ने जितना महिलाओं को महत्व दिया है, उतना शायद ही किसी ने दिया है.

मॉडलिंग में महिलाएं:

मॉडलिंग की दुनिया आज खासी बदल चुकी है. इसमें नेम और फेम के साथ-साथ पैसा भी है. यही वजह है कि आज इस क्षेत्र में महिलाएं अपना कैरियर तलाश रही हैं और सफल भी हो रहीं है. आज फैशन कारोबार में महिलाओं को उनके वास्तविक रूप में दिखाने का प्रचलन बढ़ता जा रहा है. मॉडलिंग, बॉलीवुड में कैरियर बनाने वालों के लिए एक लॉंचिंग पॅड बन गया है. महिला मॉडलों की सबसे ज्यादा डिमांड गारमेंट एवं ब्यूटी प्रोडक्ट उद्योगों में होती है.

विज्ञापन में महिलाएं:

महिलाएं हमेशा से विज्ञापन का एक महत्वपूर्ण अंग रही हैं, चाहे वह घरेलू वस्तुओं का प्रचार हो चाहे पुरुषों की रोज़मर्रा की जरूरत की वस्तुओं का प्रचार. महिलाओं को हमेशा से ही विज्ञापन में एक प्रभावशाली यंत्र की तरह इस्तेमाल किया गया है. चाहे वॉशिंग पाउडर हो, बालों के लिए तेल, शैम्पू, फ़ेस क्रीम या प्रेशर कुकर जैसे उपकरण. तमाम विज्ञापनों के जरिए महिलाओं को आकर्षित किया जाता है. विज्ञापन इंडस्ट्री में महिलाएं उपभोक्ता के रूप में बहुत महत्वपूर्ण बन गई हैं. टूथपेस्ट बेचना हो या खाने-पीने का सामान या कपड़ों का विज्ञापन. हर चीज बेचने के लिए विज्ञापन जगत महिलाओं का ही सहारा लेता है. आज फैशन कारोबार अरबों-खरबों रूपये का है, जो पूरी तरह से महिलाओं के विज्ञापन पर ही आश्रित है.

शुरुआती दौर में विज्ञापनों में महिलाओं को एक पत्नी और माँ के रूप में ही देखा जाता था. उसे पारंपरिक रूप से विज्ञापन में प्रस्तुत कर लगभग हर उत्पाद का प्रचार किया जाता था. परंतु उसका चित्रण भी समय के साथ परिवर्तित होता चला गया. जैसे अस्सी के दशक के सर्फ के विज्ञापन की समझदार गृहिणी, नब्बे के दशक में कैडबरी के प्रचार में, क्रिकेट मैदान पर खुलकर नाचती महिला या फिर स्कूटी या कार बेचती महिलाएं. विज्ञापनों में महिलाओं को भिन्न-भिन्न रूप में प्रस्तुत किया गया है. कई प्रस्तुतिकरण हमारी संस्कृति के अनुकूल होते हैं तो कई पाश्चात्य सभ्यता से प्रभावित. परंतु महिलाओं के प्रस्तुतिकरण से उत्पाद की बिक्री पर खासा असर पड़ता है. इक्कीसवीं सदी में विज्ञापनों ने एक नया रूप ले लिया है. एक कार के विज्ञापन में चार महिलाएं पहली बार सक्रिय रूप से कार चलाती और बेचती नजर आईं. फेयरनेस क्रीम के क्या कहने? वह तो सभी औरतों को गोरा करने में तूली है. विज्ञापनों में महिलाओं के दो रूप दिखाई देते हैं. एक तो पूर्णतः बाजारवाद, जिसमें महिला का उत्तेजक व अश्लील रूप मिलता है और दूसरा पूर्णतः पारम्परिक. अश्लीलता से भरे विज्ञापनों के कारण भारतीय सांस्कृतिक मूल की जड़ें टूटने लगी हैं. दुर्भाग्य जनक स्थिति तो उस समय देखने को मिलती है जब विज्ञापन के लिए नारी शरीर का उपयोग उन वस्तुओं को दिखाने में किया जाता है जिनसे नारी का दूर-दूर तक कोई रिश्ता नहीं होता. अश्लील विज्ञापनों से नारी का सम्मान तो कम होता ही है साथ ही साथ नैतिक मूल्यों का भी पतन होता है. विज्ञापनों को तो समाप्त नहीं किया जा सकता लेकिन उन्हें सामाजिक सरोकार से जोड़कर लाभकारी व कल्याणकारी बनाया जा सकता है. इसकी ज़िम्मेदारी कंपनी की तो है ही, उससे कहीं ज्यादा स्वयं नारी की भी है. वह चाहे तो ऐसे अश्लीलता परोसने वाले विज्ञापनों में काम करने से इंकार करके अपना फर्ज पूरा कर सकती है.

फिल्मों में महिलाएं:

फिल्में हमारी संस्कृति की परिचायक रही हैं. क्योंकि फिल्मों ने संस्कृति के विषयों को उठाकर पर्दे के माध्यम से हमेशा से चित्रित किया है. फिल्मों ने माँ की ममता, भावनात्मक बहन, प्यारी पत्नी के जीवन को न्यौछावर कर देने वाली स्त्री चरित्रों को चित्रित किया है. जहां वह क्रोधित होती हैं, टूटती हैं, बिखरती हैं और कभी संघर्ष के लिए खड़ी हो जाती हैं. ऐसी है हमारी हिन्दी फिल्मों की संस्कृति. पुरुष प्रधान समाज में कुछ ऐसी फिल्में बनी हैं जो महिलाओं पर केन्द्रित हैं. इन फिल्मों ने महिलाओं को सशक्त बनाया है. 20वीं सदी की शुरुआत में महिलाएं फिल्मों में काम करने के लिए तैयार नहीं थीं. लेकिन फिल्मों में नारी की मौजूदगी के बिना परदे पर जीवन को दिखाना मुमकिन नहीं था. लेकिन समय के साथ महिलाओं ने भी फिल्मों में काम करना शुरू किया एवं नायकों को चुनौती दी. फिल्मों में महिलाओं के वर्चस्व को देखते हुए निर्देशकों ने नायिका प्रधान फिल्में बनाईं. पचास और साठ के दशक में मीनाकुमारी की लोकप्रियता का आलम यह था कि उन्हें न सिर्फ नायकों से ज्यादा पैसा मिलता था बल्कि फिल्मों के प्रचार में उनका नाम नायकों से पहले दिया जाता था. 70, 80 और 90 के दशक में नायिकाओं का अभिनय और रहन-सहन इतना स्वाभाविक था कि वे सिनेमा के नारी पात्र न लगकर समाज से सीधे आये हुए लगते थे. ये नायिकाएँ अपने अधिकारों के लिए सामाजिक व्यवस्था और उसके ठेकेदारों से टकरा जाती थीं. इन फिल्मों और उनके नारी पात्रों ने औरतों को एक नई शक्ति से भर दिया. 21वीं सदी के आते-आते महिलाओं ने अपनी एक अलग पहचान बना ली थी. अब नायिकाओं पर आधारित फिल्में बनने लगी थीं. 'लज्जा', 'चाँदनी', 'नो वन किल्ड जेसिका', 'मर्दानी', 'चक दे इंडिया' आदि ऐसी तमाम फिल्मों से महिलाओं ने अपने अभिनय का लोहा मनवा लिया. फिल्मों में महिलाओं ने अपना हुनर निर्देशन में भी आजमाया. फरहा खान की 'मैं हूँ ना', जोया अखतर की 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा', रिमा कातकी की 'तलाश', किरण राव की 'धोबी घाट' जैसी फिल्मों को अपार सफलता मिली.

निष्कर्ष यही है कि नारी की जगह मात्र चारदीवारी नहीं है. नारी अब पवन की तरह मुक्त है. सुगंध के समान स्वच्छंद है. सभी क्षेत्रों के द्वार उसके लिए पूर्ण रूप से खुले हैं. इसमें विज्ञापनों एवं फिल्मों की भूमिका भी अहम है. फिल्मों ने नारी को सफलता की ऊंचाइयां छूने का मौका प्रदान किया है. उसे एक नई पहचान दी है. उसमें आत्मविश्वास जागृत किया है.

'मानव कंप्यूटर' – शकुंतला देवी

एन वी एन आर
अन्नपूर्णा,
विजयवाड़ा

शकुंतला देवी, जो गणित को ही अपना जीवन समझ कर जीती हैं. गणित रूपी इनकी जिंदगी की शुरुआत उनके तीन साल की उम्र में ही हो चुकी थी जो मौत के बाद ही जुदा हुई. शकुंतला देवी बचपन से ही अद्भुत प्रतिभा की धनी एवं गणितज्ञ थीं. संख्यात्मक परिगणना में गजब की फुर्ती और सरलता से हल करने की क्षमता होने के कारण वह 'मानव कंप्यूटर' नाम से विख्यात हुईं. उन्होंने अपने समय के सबसे तेज माने जाने वाले कंप्यूटरों को गणना में मात दी थी. गणित की गणनाएँ पलक झपकते ही कर लेने में माहिर शकुंतला देवी का जन्म 4 नवंबर, 1929 को बेंगलूर में एक रूढ़ीवादी कन्नड ब्राह्मण परिवार में हुआ था.

शकुंतला देवी के पिताजी एक सर्कस कंपनी में काम कर जीविका चलाते थे. उनके परिवार की आमदनी उस समय बहुत कम होने के कारण वे औपचारिक शिक्षा भी नहीं ले पाईं तथा स्कूल की पढ़ाई बीच में ही छूट गई. उस तरह की तकलीफें भी शकुंतला की प्रतिभा को रोक नहीं पाई. वह तीन साल की उम्र में जब अपने पिता के साथ ताश खेलती थी तो हर एक बार वह अपने पिता को हरा देती थी. उनके पिता को ताज्जुब हुआ कि 'कैसे कोई इतनी कम उम्र में ताश के क्रम को याद रखकर आगे की चाल समझ सकता है.' उनके पिता को यह भी आशंका हुई कि कहीं उनकी बच्ची उन्हें धोखा तो नहीं दे रही है. बिना कोई शिक्षा ग्रहण किये ही जब वह आसानी से गणित के बड़े से बड़े हिसाब चुटकियों में कर लेती थीं तब उनके पिता को बेटी शकुंतला की मानसिक योग्यता एवं क्षमता का पता चला. शकुंतला देवी की असामान्य स्मरणशक्ति एवं गणित की प्रतिभा का पता चलने के बाद उनके पिता ने सर्कस की नौकरी छोड शकुंतला देवी पर सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित करना आरंभ किया.

छः साल की उम्र में पहली बार शकुंतला देवी ने मैसूर विश्वविद्यालय में अपनी हिसाब और मानसिक गणित हल करने की प्रतिभा का प्रदर्शन किया. बाद में वह प्रदर्शन के लिए अन्नामलाई विश्वविद्यालय एवं उस्मानिया विश्वविद्यालय गईं. 1944 में जब उनकी उम्र 15 साल की थी, उस समय अपने पिता के साथ लंदन चली गईं तथा वहाँ बहुत सी संस्थाओं में अपनी प्रतिभा एवं कला का प्रदर्शन किया. 5 अक्तूबर, 1950 को बीबीसी चैनेल ने शकुंतला देवी के साथ अपना एक कार्यक्रम आयोजित किया. कार्यक्रम के समय होस्ट लेस्ली मिचेल ने उन्हें हल करने के लिए अंकगणित का एक जटिल सवाल पूछा तो शकुंतला देवी ने कुछ ही सेकेंडो में जवाब दे दिया. लेकिन शकुंतला देवी द्वारा प्रस्तुत उत्तर को पहले तो गलत माना गया लेकिन पुन: गणना करने के बाद शकुंतला देवी के उत्तर को सही माना गया और यह खबर पूरी दुनिया में तेजी से फैल गयी और शकुंतला देवी को 'मानव कंप्यूटर' की उपाधि दी गयी. शकुंतला देवी अपने दिमाग में गणना करने में बहुत तेज थी. अनेक बार कुछ ही सेकेंडो में बड़े-बड़े आकलन करके उन्होंने विशेषज्ञों को हैरान कर दिया, जिससे राष्ट्रीय मीडिया सहित अंतर्राष्ट्रीय मीडिया में उन्हें पहचान मिलने लगी.

"गणित के बिना आप कुछ नहीं कर सकते हैं. आपके चारों ओर जो है, वह अंक, संख्या एवं गणित ही है"

शकुंतला देवी की इस अद्भुत क्षमता को हर कोई परखना चाहता था. 1977 में दक्षिणी विश्वविद्यालय, डल्लास में सथरन मेथोडिस्ट यूनिवर्सिटी के लोगों ने शकुंतला देवी को आमंत्रित किया और इसी दौरान उन्हें अमेरिका जाने का मौका मिला. डल्लास में उनका मुकाबला आधुनिक तकनीकों से लैस यूनिवैक कंप्यूटर से हुआ. उन्हें 201 अंकों की एक संख्या का 23वां वर्गमूल निकालना था. यह सवाल शकुंतला देवी ने बिना कागज कलम के सिर्फ 50 सेकेंडो में हल किया जबकि यूनिवैक ने इसके लिए 62 सेकेंडो का वक्त लिया. लेकिन शकुंतला देवी का जवाब सही या गलत है यह जानने के लिए अमेरिकन ब्यूरो आफ स्टैंडर्ड संस्था को यूनिवैक 1101 कंप्यूटर में एक विशेष प्रोग्राम को तैयार करना पड़ा, जिससे यह पता चला कि शकुंतला देवी ने उस समय के आधुनिक कंप्यूटरों को बारह सेकेंड से मात दे दी थी.

अपनी प्रतिभा को साबित करने के लिए 1980 में शकुंतला देवी को दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित लंदन के इंपीरियल कॉलेज में बुलाया गया. यहाँ भी उनका

मुकाबला एक कंम्प्यूटर से हुआ. उन्हें 13 अंकों की दो संख्याओं (7,686,369,774,870 को 2,465,099,745,779 से) का गुणनफल निकालने का काम दिया गया और यहाँ भी उन्होंने सिर्फ 28 सेकेंड में उत्तर देकर अपने आप को कंम्प्यूटर से भी तेज साबित किया. उनकी इस उपलब्धि को 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' के 1982 एडिशन में जगह दी गई. अमेरिका में यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, बेवर्ली के मनोविज्ञान प्राध्यापक अरथर जेनसन ने 1988 में शकुंतला देवी के ज्ञान की उपलब्धियों का अध्ययन किया. अनेक मुश्किल सवालों को जेनसन द्वारा कागज पर लिखने से पहले ही बहुत कम समय में शकुंतला देवी समाधान कर सबको अचरज में डाल देती थीं.

शकुंतला देवी केवल गणित में ही विशेषज्ञ नहीं थीं बल्कि एक अच्छी लेखिका के रूप में भी उन्होंने गणित, वैज्ञानिक अंकों एवं पहेलियों के बारे में अपने लेखों में लिखा है. अपने मानसिक हिसाब के कामों को बढ़ावा देने के साथ ही उन्होंने ज्योतिषशास्त्र पर भी बहुत सी किताबें लिखी हैं. उनकी प्रमुख रचनाएँ 'फन विद नंबर्स', 'एस्ट्रोलजी फॉर यू', 'पजल्स टू पजल्स यू', 'मैथब्लीट', आदि हैं. साथ ही 1977 में उन्होंने भारत में पनप रही समलिंगी कामुकता के बारे में भी अपनी किताब 'दी वर्ल्ड ऑफ होमोसेक्सुअल' में लिखा, जो समलिंगी कामुकता पर लिखी गयी पहली किताब थी.

1969 में फिलिपिन्स विश्वविद्यालय ने उन्हें 'मोस्ट डिस्टिंग्विश्ड वुमन ऑफ दी इयर' का दर्जा देकर सम्मानित किया. 1988 में वाशिंग्टन डीसी ने उन्हें 'रामानुजन गणित ज्ञाता' का पुरस्कार दिया. शकुंतला देवी 1980 में लोकसभा चुनाव में स्वतंत्र रूप से दक्षिण बॉम्बे और आन्ध्र प्रदेश के मेदक से इंदिरा गाँधी के खिलाफ खड़ी हुईं लेकिन वे चुनाव में हार गईं.

गणित में अगणित प्रतिभा की धनी शकुंतला देवी की मौत 83 साल की उम्र में 21 अप्रैल, 2013 को बेंगलूरु के एक अस्पताल में किडनी और दिल में भारी कमजोरी होने की वजह से हुई. उनके 84वें जन्मदिन के अवसर पर गुगल ने अपने डूडल को इनके नाम पर करते हुए सम्मानित किया था. गुगल खोलने पर शकुंतला देवी के मुस्कुराते हुए चेहरे के साथ डिजिटल नंबर्स में गुगल लिखा आता है. ऐसी पहचान पानेवाले बहुत कम भारतीयों में से शकुंतला देवी एक हैं. ✦✦✦

शिखर की ओर...

उच्च कार्यपालक वेतनमान VII में पदोन्नति पर हार्दिक बधाई!!

श्री अतुल कुमार श्रीवास्तव
महाप्रबंधक

उच्च कार्यपालक वेतनमान VI में पदोन्नति पर हार्दिक बधाई!!

श्री ओम प्रकाश बालोदी
उप महाप्रबंधक

श्री गोकुलानन्द दास
उप महाप्रबंधक

हम आपके नेतृत्व में बैंक के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं.

शुभमस्तु...

उच्च कार्यपालक वेतनमान VI में पदोन्नति पर हार्दिक बधाई!!

श्री प्रणब कुमार साहा
महाप्रबंधक

श्री शिशिर कुमार चंद्रा
उप महाप्रबंधक

हम आपके सुखद एवं सक्रिय सेवानिवृत्त जीवन की कामना करते हैं.

WOMEN
AS DOMESTIC WORKER & BREAD EARNER

Ekta Khatri
BPT, CO, Mumbai.

We "WOMEN" never think of our pains, health issues, mindset, heart nothing; the only thing that bothers us is that our family should be happy- be it office or home.

The time has come to realise that we "WOMEN" are not only the bread makers but if time demands can mould ourselves in the role of bread earners as well. We not only limit ourselves to domestic work at home i.e. washing clothes, utensils, cleaning house, prepare food, take care of family members & children, entertain the guests whether invited or the "BIN BULAYE TYPES" etc etc., the list goes on..It's never ending. You say it and the work is done by a lady; be it a mother, daughter, wife, friend or employee in any role. We "WOMEN" never think of our pains, health issues, mindset, heart nothing; the only thing that bothers us is that our family should be happy- be it office or home. Now-a-days though the time is changing, many lady employees opt for higher promotions in career but that does not mean that they don't care or worry about their family or they don't fulfil their household duties; it's just that we "WOMEN" are helping our family, our children that they get a better lifestyle better life that we as kids could not get. We always want to give our children more & more so that they don't face any difficulties in life. Again we as WOMEN have proven better administrators & managers as our skills are in-built or you can say it's in our genes. You need not teach WOMEN how to take care of office or home. She will strive hard to make the office atmosphere like home & make sure that office becomes the 2nd home for employees as they spend maximum time of their day here. There will always be an emotional touch in whatever she does, be it a decision taken in office as manager or a decision at home. In office also sometimes we WOMEN play many roles. We sometimes are a boss, a guide, a friend or a listener for our employees. Sometimes by just talking to a women & discussing issues (official/ unofficial); problems get solved. Many females connect to images of ARUNDATTI BHATTACHARYA or CHANDA KOCHAR of our Banking fraternity. Basically only one question is asked to them, how do they handle work life & home life both? But if we are put in those situations even we can answer those questions. So it's just a lady needs to be put in any situation & she can fight back or in other words come out with flying colours. Because patience & perseverance are there in her blood/genes. God has made her his marvellous creation & it is also said that "GOD CANT BE EVERYWHERE SO HE MADE MOTHER" & we WOMEN as leaders take care of our people as children only. Just by opting for career over family does not mean we are emotionless or bad mothers or bad wives or bad daughter-in-laws. It's just that those who take this road in life are more courageous to face the difficulties in life rather than sitting in one place & seeing the same picture again & again. It may sound harsh but sometimes even we WOMEN suppress our inner feelings & listen or come in influence of our family or friends or peers. I am sure all "WOMEN" are capable enough to handle any responsibility or difficulty or any situation in life. Just listen to your inner voice; it's the one that will never leave you. People will come and go, no-one is going to stay forever; but your inner conscience will always be with you even when your shadow leaves you in darkness. Men should feel fortunate to have WOMEN in their lives that can support them in all spheres of life- financial/emotional/difficult scenarios and not like them who only support in bringing the money for bread. WE AS WOMEN KNOW HOW TO BRING THE BREAD & ALSO HOW TO EARN IT AS WELL.

We say that the world is changing बेटी पढ़ाओ बेटी बढ़ाओ, मुलगी शिकली प्रगति झाली But are we really following it? I think each one should ask this question to oneself. Did our parents think of us as a Liability? No, Not at all. You all agree, Right? Then why not be the change, bring the change and live the change!!!! We all have it in us; don't suppress your emotions. You alone are ONE MAN ARMY..OOPS Sorry ONE WOMEN ARMY. Indira Gandhi ruled over India & though Manmohan Singh was the Prime Minister during Congress Rule but the lady behind him as we all know, Mrs Sonia Gandhi. We all may or may not be the QUEEN to our husbands but we definitely are the PRINCESSES to our parents. So never underestimate yourself, never lose hope and most importantly never give up.

लहरों से डर कर नौका पार नहीं होती
कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती

At least give it a try for our parents no matter what happens, don't worry about the final result. Parents are always there to support us in any circumstance because they only want a smile on our face. My strength is my DAD, whatever I have written is the experience that I learnt in my life with the teachings (added essence) of my father. Be your own strength and never depend on others.

✦✦✦

महिला – मानसिकता

भावना सोनकुसले
क्षे.का.जबलपुर

भारत जैसे पुरुष प्रधान देश में सदियों से परिवारों में पुरुषों का ही राज चलता आ रहा है. यहाँ परिवार में कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय लेना हो वहाँ पर पुरुषों की मनमानी चलती है. घर में कौन क्या पढ़ेगा, किसे कितनी सुविधा देनी है, किसकी इच्छा पूरी करनी है, किसकी नहीं, किसे छूट देनी है, किसे दबाके रखना है, किसे कितना पढ़ाना है इत्यादि. यह सारे कार्य पुरुषों की सलाह से एवं उनके कहे अनुसार ही होते आए हैं, घर का पालन पोषण कर्ता जो है.

परिवार को एक साथ या एक ही माला में पिरोये रखना है तो कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय लेने से पहले परिवार के हर सदस्य की राय जानना, उनकी मर्ज़ी एवं उनकी इच्छाओं का ख्याल रखना जरूरी होता है. कम से कम जिस व्यक्ति का भविष्य उस निर्णय पर निर्भर करता है उस व्यक्ति की राय जानना ही चाहिए. चाहे वह लड़का हो या फिर लड़की.

समाज में कई बार देखने को मिलता है कि जहां एक महिला/ लड़की पर अन्याय हो रहा हो जैसे कि अपने ही बेटी की शिक्षा पर रोक लगा दी हो, तो क्या उसकी माँ का या बड़ी बहन का यह फर्ज नहीं बनता कि एक बार वह अपनी बेटी/ बहन की इच्छा जाने कि वह क्या चाहती है और बात को समझकर उसका पक्ष लें व उसकी तरफ से पिताजी से या फिर घर के बड़े व्यक्ति से बात करे. क्यों हम हिम्मत नहीं जुटा पाते हैं. एक बार सिर्फ एक बार अपनी बात कहने की कोशिश तो करें, बस यही वो बात है जो हम करने से चूक जाते हैं और तुम्हारी पढ़ाई क्यों जरूरी है, तुम्हारी पढ़ाई से इस परिवार को फायदा है यह बात उस लड़की को समझाने में लग जाते हैं.

जहा संयुक्त परिवार रहता है वहां तो और ज़्यादा बंदिशे रहती हैं, वहां पर तो चाचा, ताऊ, दादा इन सब लोगों की अटकले, घर की बहू/बेटियों को झेलनी पड़ती हैं. पूरा परिवार महिलाओं को चैन की सास लेने नहीं देता. ये मत करो तो वो मत करो, घूँघट डाल के रखो, ज़्यादा हंसना मना है, बड़े लोगो के सामने बोलना तक मना होता है. ऐसे में घर की कोई बुजुर्ग महिला अगर सामने से इस बात का विरोध करे तो हो सकता है कि बाकी लोग भी इस बारे में सोचना चालू करें एवं पुराने रीति रिवाज छोड़कर नए जमाने के साथ चलना सीखें.

ज्यादातर घरेलू हिंसा का कारण महिलाओं का महिलाओं के खिलाफ होना ही माना जाता है. घर में जब नई बहू से मारपीट हो रही हो, उस पर अन्याय हो रहा हो, उसे जली कटी सुनाई जा रही हो, दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा हो तो अक्सर यह पाया जाता है कि घर की बाकी महिलाएं तेल में घी डालने का काम करती हैं या तमाशा देखती हुई नज़र आती हैं. जबकि एक महिला होने के नाते आपका यह फ़र्ज़ है कि उस महिला के साथ खड़े हो या उसे बचाने की कोशिश करें. यहां पर वह महिला जिस पर अत्याचार हो रहा है वह अगर कानून का सहारा लेना चाहे तो भी वह ऐसा करने के लिए सोचती है क्योंकि घर की सारी महिलाएँ उसके खिलाफ हैं.

आज देश भर की ज्वलंत समस्या है कन्या भ्रूण हत्या, किसी लड़के का माता या पिता बनना है या लड़की का यह निर्णय पूरी तरीके से उस माता पिता पर छोड़ देना चाहिए, जिन्हें उस बच्चे का पालन पोषण करना है. ऐसा करते समय माँ की इच्छा का भी ख्याल रखना चाहिए परंतु यह निर्णय एक तो पुरुष या फिर घर के बड़े लोग ही निर्धारित करते हैं. पर जब भी कोई पुरुष इस बारे में निर्णय लेगा तो वह अक्सर उसकी अपनी वित्तीय परिस्थिति के अनुसार होगा, जब बड़े बुजर्ग करेंगे तो वह खानदान की परंपरा के अनुसार होना चाहिए इस तरह की सोच होगी पर जब माँ कहेगी तो उसके लिए दोनों ही बराबर हैं. चाहे वह लड़का हो या लड़की. क्योंकि वह दिल से निर्णय लेगी. पर जब भी गलत बात की संभावना दिख रही हो तो तुरंत हमें आवाज उठानी चाहिए या जरूरत होने पर कानून का सहारा लेना चाहिए. पर यहीं पर हमारे होठ क्यों सिल जाते हैं? क्यों हम एक कदम पीछे हट जाते हैं? क्यों हम पति की हां में हां मिलाते हैं, क्यों हम उस दर्द को महसूस नहीं कर पाते हैं कि जिसकी जान पर बन आई है वह भी हमारी तरह एक महिला ही है. जिस तरह से हमें पीड़ा होती है ठीक उसी तरह क्या उसे नहीं होती है ?

हम महिलाओं को पहले खुद की पहचान समझनी होगी. समाज में अपनी जगह बनानी होगी. हमें अपने आप को पहचानना होगा. महिला है तो संसार है. वरना ये संसार बेकार है. जब हम बेटियों को समझाये तो यह नहीं समझायें कि वह इस दुनिया मे सिर्फ सहन करने के लिए आयी हैं. पति की सेवा करने के लिए हैं. बुजुर्गो की परंपराओ को आगे बढ़ाने के लिए आई हैं. हमेशा ही त्याग करने के लिए हैं बल्कि उसे उसके अधिकारों के बारे में बताएं, अन्याय के खिलाफ लड़ने के लिए एवं अन्याय ना सहन करने के लिए प्रोत्साहन दें, महिलाओं को अपनी मानसिकता बदलनी होगी और यह काम एक स्त्री होने के नाते आप ही कर सकती हैं, यह ज़िम्मेदारी महिलाओं को ही उठानी है. हम अपने बेटियों को ऐसी शिक्षा देना सुनिश्चित करेंगे तो एक सशक्त महिला समाज का निर्माण हो सकेगा जो देश को सतर्क, सशक्त एवं सुदृढ़ बनाएगा.

✦✦✦

Women SHGs

Priti Shire
RO, Baroda

One of the most **successful SHGs** are running a milk business unit. Together the village women of Musaravakkam village were able to buy qualitative milk cows which give **around 10 litres of milk per day**. A part of the fresh milk is offered to the village people. The other milk is been supplied to a government milk farm in **Chennai**. The earned money is going to be invested by the **women into their family's income**, house keeping & new farm machines for their agricultures. Recently these hard working people were selected by the NABARD as an excellent society.

Women are an integral part of every economy. All round development & growth of a nation would be possible only when women are considered as equal partners in progress with men. Empowerment of women is a holistic concept. Since immemorable times women have been collectively struggling against direct & indirect barriers to their self development & their social, economic & political participation. The women's organization started to struggle for women's rights in the early part of the 20th century. The conceptual framework of self help is a tool for empowerment. The Self-Help Group are a potential source to empower & encourage marginalized women to save & utilize savings to build self confidence & self respect, which provides greater access to & control over resources. SHGs help women to establish common platform to solve their problems. Many NGOs are promoting the SHG mechanism & linking it to various other development interventions. Many NGOs have formed women's SHGs with the support from various government programs. NABARD launched a pilot project for linking SHGs in February, 1992. The NABARD gives 100 percent refinance to the Bank's on their lending through the SHGs.

In our country, the pioneer in this field is Self Employed Women's Association started in 1972. Though it started as a Trade Union for women in the unorganized sector, today SEWA boasts of running the first women's Bank in our country. By the year 2000 SEWA has a membership of 209250. The SEWA Bank has 87263 depositors & 41757 borrowers whose loan outstanding as ₹ 887 lakhs 4 as on March 1998. SEWA has also networked many co-operatives in the country. In southern India, some women organizations wise PRADAN, MYRADA, ASSEEFA, MALAR etc. have entered into this rural credit system. PRADAN has a membership of 7000 women who have availed 40000 loans worth ₹ 600000 as on March 1997. MYRADA has 62769 members who have saved ₹ 48 lakhs & availed loan to the tune of ₹ 2.90 crores. MALAR has a membership of 15000 women who have saved ₹ 86 lakhs & availed loan to the tune of ₹ 2.23 crores. MALAR has emerged as a new self-reliant model of our nation. Already 10 districts in Tamilnadu have undergo training at MALAR & started similar SHGs for micro credit.

One of the most successful SHGs are running a milk business unit. Together the village women of Musaravakkam village were able to buy qualitative milk cows which give around 10 litres of milk per day. A part of the fresh milk is offered to the village people. The other milk is been supplied to a government milk farm in Chennai. The earned money is going to be invested by the women into their family's income, house keeping & new farm machines for their agricultures. Recently these hard working people were selected by the NABARD as an excellent society. For their success the bank are going to commend them with an extra financial support. The SHG in Madhya Pradesh's Sakdi village has become an agent of change. They started off as any Self Help Group depositing a small part of their income in a common pool, so that when someone has apressing need for money, this can come handy. They realized that a number of people were going hungry. So, they decided to do something about it. From pooling in money, they graduated to contributing a fistful of food grains to a food bank. This, in turn, helps feed the hungry. Their aim is that no one should sleep hungry in the village. The success of Sakdi village has now become a template for other village to follow. Rupjyoti SHG is a female group at Daloigaon under Central Jorhat Development block. The group was formed in the year 2006 with a membership of twenty women. This SHG's experience

proves how women with the help of the cooperative principles organize themselves to beat proverty & despair.

NABARD is proud to say that the SHG-Bank Linkage Programme which is the largest microfinance programme in the world today touches 10 crore households through more than 85 lakhs SHGs with saving deposits of about ₹ 16114 crore as per Annual Report of NABARD 2016-17.

Total no. of SHGs	Achievement	
	Physical (Nos in Lakhs)	Financial (₹ in crs)
Total no of SHGs Saving linked with Banks	85.77	16114.23
Total no of SHGs Credit linked during 2016-17	18.98	38781.16
Total no of SHGs Loan outstanding as on 31-03-2017	48.48	61581.3
average loan amount outstanding as on March 17	.....	127016.62
Average loan amount disbursed during 16-17	.....	204313.51
Estimated no of families covered upto 31 March 17	1010	.....

(Source: NABARD annual report 2016-17)

NABARD attempted digitization of SHGs under a project called E Shakti to take advantage of the available technology to address the problem of book keeping, capturing the credit history of SHG members, generating SHG grading report based on its financial & non-financial records & making them available to all important stakeholders. Data of 1.3 lakh SHGs has since been digitized shown great increase. SHG-Bank Linkage Programme has traversed 25 years of unabated journey towards empowering the rural women & now covering more than a hundred million rural households.

सफलता की उड़ान

श्वेता सिंह
क्षे.का., पटना

गौरव की भाषा नई सीख, भीख़मंगों की आवाज बदल
सिमटी बाहों को खोल गरुड, उड़ने का अब अंदाज बदल.

कहते हैं ईश्वर उन्हीं की मदद करते हैं जो स्वयं की मदद करते हैं. यह कोई परियों की कहानी या स्वप्न की कहानी नहीं है. यह कहानी है बिहार राज्य के एक छोटे से गाँव की. बहुत ही सामान्य सी दिखने वाली महिलाओं; धनश्री देवी, ऊषा देवी और ललिता देवी की! जिन्हें देखकर सबके मन में यही आता है कि गाँव की गरीब, निर्धन व असहाय महिलाएं हैं. इन्होंने एक ऐसा सपना देखा, जिसे देखना तो सभी चाहते हैं किन्तु पूर्ण करने की हिम्मत और साहस कोई नहीं जुटा पाता. वह काम किया इन्होंने. किसी ने सच ही कहा है कि सपने वह नहीं हैं जो नींद में देखें जाते हैं बल्कि सपने वह हैं जो हमें सोने नहीं देते. इनके गाँव में लोगों को दो जून की रोटी ही जुटा पाना सबसे बड़ी उपलब्धि मानी जाती है और इन्होंने सपना देखा, गाँव के हर घर की खुशहाली और समृद्धि का. जिनके हिम्मत और जज़्बे को सलाम किए बिना रहा ही नहीं जाता है.

गाँव में अधिकतर घरों के पुरुष अपने जीवनयापन हेतु नज़दीक या दूर के शहर की तरफ प्रस्थान कर चुके. गाँव में बची सिर्फ महिलाएँ, वृद्ध पुरुष एवं बच्चे. कहीं से इन्हें स्वयं सहायता समूह के बारे में पता चला. यह सभी अबिलंब अधिक जानकारी हेतु हमारी यूनियन बैंक की बिक्रम शाखा पहुँच गईं. वहाँ इन्होंने शाखा प्रबन्धक से अपनी समस्याएँ तथा अपने जज़्बे के बारे में बताया. शाखा प्रबन्धक ने इन सभी के साथ–साथ गाँव के अन्य लोगों को भी स्वयं सहायता समूह के बारे में बताया तथा समझाया कि किस प्रकार अपनी छोटी सी बचत एवं मानव संसाधन के उचित प्रयोग से वे एक लघु उद्योग की शुरुआत कर सकते हैं. साथ ही बिहार सरकार एवं बैंक द्वारा इन सभी को उचित मार्गदर्शन एवं समय–समय पर यथावश्यक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया.

सबसे पहले इन्होंने अपनी छोटी सी बचत करके एक छोटा सा समूह बनाया. जिसमें इन 3 लोगों को मिलकर 9 महिलाएं थीं. शुरुआत में इन्होंने कुल बाँस से बनाईं जाने वाली कुटीर चीजें बनाईं. धीरे–धीरे इन्हें इनके काम में सफलता मिलने लगी. जैसे–जैसे इन्हें सफलता मिलती गई. इनके गाँव में छोटे–छोटे कुटीर उद्योग स्थापित होते गए. जिस गाँव में खाने को लाले पड़े थे वहाँ अब घर के पुरुष शहर से वापस आकर इन्हें उद्योग धन्धों जैसे– बकरीपालन, मुर्गीपालन, दुग्ध व्यवसाय, मस्त्यपालन, बाँस की टोकरी, टोपी, सूप, आर्टिफिसीयल ज्वेलरी इत्यादि बनाने में हाथ बटाने लगे. अब स्थिति यह हो गई है कि गाँव में शायद ही ऐसा कोई घर होगा जहाँ खाने या अन्य किसी मूलभूत चीज की कोई समस्या हो. यदि कोई समस्या होती भी है तो यह तीनों दीदी एकजुट होकर उससे निजात पाने की कोशिश करती हैं. किसी ने सच ही कहा है – ''सफलता का कद आपकी सोच तय करती है. जब व्यक्ति ठान लेता है तो ईश्वर भी उसकी खुले दिल से सहायता करते हैं.''

यह कहानी सिर्फ एक धनश्री देवी, ऊषा देवी और ललिता देवी की नहीं है स्वयं सहायता समूह ने न जाने कितने परिवारों, गांवों में ऐसी सफलता की रोशनी पहुंचायी है कि अब उन्हें किसी अन्य के सामने हाथ फैलाने की आवश्यकता नहीं है. अंततः यही कहना चाहूंगी –

लहरों से डर कर नौका पार नहीं होती,
कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती.
कुछ किए बिना ही जय जयकार नहीं होती,
कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती.

✦✦✦

भारत की प्रथम महिला

नमिता विजय कदम
क्षे.का.पुणे

भारतीय महिलाओं का इतिहास अनेक उपलब्धियों से भरा है. जिन्होंने लिंग के अवरोध को तोड़ दिया है और अपने अधिकारों के लिए कड़ी मेहनत की है एवं राजनीति, कला, विज्ञान, कानून आदि क्षेत्रों में प्रगति की है. झांसी की रानी से इरोम शर्मिला तक, भारतीय महिलाएं हमेशा अपने अधिकारों के लिए खड़ी हुईं और प्रतिबंध एवं सीमाओं के बावजूद उनकी लड़ाई लड़ी. वे उम्मीद की जीवित मिसाल हैं और अपने संबंधित क्षेत्रों में आदर्श समर्पण को प्रदर्शित करती हैं. समय-समय पर भारतीय महिलाएं अपने घरों की दहलीज और पुरुष-प्रभुत्व की दुनिया से आगे बढ़ीं. समय-समय पर उन्होंने अपने प्रयासों और कठोर परिश्रम और लचीलेपन के साथ मंजिल हासिल की है. वे पुरुष प्रधान क्षेत्र में 'सबसे पहले' रही हैं और ऐसा करने से, सैकड़ों लड़कियों के लिए मिसाल बनी हैं.

किसी विशेष क्रम में नहीं, सहज रूप में यहां कुछ अद्‌भुत भारतीय महिलाओं की सूची दी जा रही है:

रोशनी शर्मा: कश्मीर तक अकेले वाली भारत कन्याकुमारी से बाइक सवारी करने की पहली महिला

जिस काम को पहले किसी भी महिला ने नहीं किया था उस काम को रोशनी शर्मा ने कर दिखाया – कन्याकुमारी से कश्मीर तक अकेले मोटर सवारी. उसने इस स्टिरियोटाइप को तोड़ दिया कि महिलाएं बाइक की सवारी नहीं कर सकतीं और इसके साथ आने वाली चुनौतियों को गले लगा लिया. वह अपने आप में एक यात्री बन गईं और एक ऐसी उपलब्धि हासिल की जो कई महिलाओं को अनुयायी होने के लिए प्रेरित करती है.

अरुणिमा सिन्हा: माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली भारत की पहली अपंग महिला

अरुणिमा सिन्हा एक राष्ट्रीय स्तर की वॉलीबॉल खिलाड़ी हैं, जिन्होंने एक दुखद दुर्घटना में अपने बाएं पैर को खो दिया था. हालांकि, उनकी यह कमी उन्हें माउंट की ऊंचाइयों को पार करने से रोक नहीं सकी. और एवरेस्ट पर्वत पर चढ़ने वाली भारत की पहली अपंग महिला बन गईं और उन्हें 2015 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया.

शीला देवरे: भारत की पहली महिला ऑटो रिक्शा चालक

1988 में, देवरे देश की पहली महिला ऑटो रिक्शा चालक बनने के लिए पुणे आईं, ऑटो चालन एक ऐसा पेशा था जिस पर अब तक पुरुष-प्रभुत्व माना जाता था. नियमित वाहन चालकों के छुट्टी पर जाने के बाद उन्होंने वाहन चलाना शुरू कर दिया और जल्द ही खुद ऑटो को खरीदने के लिए पर्याप्त धन जुटाया. उनका नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी सूचीबद्ध है.

टेसी थॉमस: भारत में मिसाइल परियोजना का नेतृत्व करने वाली पहली महिला वैज्ञानिक

टेसी थॉमस 'मिसाइल वुमन ऑफ इंडिया' के रूप में जानी जाती हैं. थॉमस ने 2009 में 5000 किलोमीटर दूरी की अग्नि-4 मिसाइल की परियोजना बनायी. 2012 में इसकी सफलतापूर्वक जांच की गई. थॉमस देश में मिसाइल परियोजना का नेतृत्व करनेवाली सबसे पहली महिला वैज्ञानिक हैं.

नीरजा भनोट: सबसे युवा अशोक चक्र पुरस्कार विजेता

नीरजा भनोट मुंबई में पैन अमेरिकन वर्ल्ड एअरवेज की विमान परिचारिका (एयर होस्टेस) थीं. 5 सितंबर 1986 के मुम्बई से न्यूयॉर्क जा रहे पैन एम फ्लाइट 73 के अपहृत विमान में यात्रियों की सहायता एवं सुरक्षा करते हुए वे आतंकवादियों की गोलियों का शिकार हो गई थीं. उनकी बहादुरी के लिये मरणोपरांत उन्हें भारत सरकार द्वारा शान्ति काल के अपने सर्वोच्च वीरता पुरस्कार अशोक चक्र से सम्मानित किया गया और साथ ही पाकिस्तान सरकार और अमरीकी सरकार ने भी उन्हें इस वीरता के लिये सम्मानित किया है. अपनी वीरगति के समय नीरजा भनोट की उम्र 23 वर्ष थी. इस प्रकार वे यह पदक प्राप्त करने वाली युवा महिला और सबसे कम आयु की नागरिक भी बन गईं. पाकिस्तान सरकार की ओर से उन्हें तमगा-ए-इन्सानियत से नवाज़ा गया.

आंचल ठाकुर: स्काइंग में अंतर्राष्ट्रीय मेडल जीतनेवाली पहली भारतीय महिला

आंचल ठाकुर एक भारतीय महिला अल्पाइन स्काइंग हैं. उन्होंने इंसब्रुक में आयोजित 2012 के शीतकालीन युवा ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया. 2012 के यूथ शीतकालीन ओलंपिक में उसने एल्पाइन स्काइंग – गर्ल की स्लैलम एंड गर्ल की विशालकाय स्लैलम इवेंट्स में भाग लिया. ठाकुर को भारत की 2017 एशियाई शीतकालीन खेलों की टीम में फरवरी 2017 में नामित किया गया था. 2018 में, आंचल ठाकुर ने अंतर्राष्ट्रीय स्काइंग प्रतियोगिता में पदक का दावा करने वाली पहली भारतीय स्कायर बनने के बाद इतिहास का निर्माण किया. उन्होंने 2018 एल्पाइन एज 3200 कप में कांस्य पदक जीता, जो तुर्की फेडरेशन इंटरनेशनेल डी स्काय द्वारा आयोजित किया गया था.

हालांकि कई महिलाएं अपने घरों के बाहर अपने चुने हुए क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन तो करती ही हैं, लेकिन बहुत सारी महिलाएं घरों के कामकाज में भी व्यस्त रहती हैं और कहा जाता है कि पुरूष अभी भी दुनिया के मालिक हैं. हर कामयाब महिला के पीछे, उसका परिवार ही है और परिवार की सूत्रधार माँ ही है जैसा कि वर्तमान की **विश्वसुंदरी आरुषि चिल्लर** ने भी कहा कि 'माँ ही सर्वोत्तम है'.

✦✦✦

महिलाओं की क्षमता एवं सामर्थ्य

प्रियंका सिंह
क्षे.का., बडौदा

**अंधकार में दीप जलाना, सबके बस की बात नहीं.
मुश्किलों में हाथ बढ़ाना, सबके बस की बात नहीं.
छाए हों, जब चारों ओर से तकलीफ़ों के तूफ़ान...
तूफ़ानों को पीकर मुसकाना, सबके बस की बात नहीं.**

जब कभी भी बात क्षमता और सामर्थ्य की होती है, हम हमेशा पुरुष और स्त्री के बीच तुलना करते हैं. हमेशा महिलाओं को पुरुषों की बराबरी करते हुये स्वयं को साबित करने के लिए प्रेरित करते हैं. परंतु, क्या वाकई में इसकी जरूरत है? मेरी सोच में इसकी जरूरत नहीं है. महिलाएं और पुरुष दोनों की अपनी योग्यताएँ एवं प्रवीणताएँ होती हैं. महिलाएं जिनके ऊपर आज के समय में घर और बाहर दोनों की जिम्मेदारियाँ होती हैं और हर महिला इसे बहुत अच्छे तरीके से निभाती है. महिलाओं की कुछ अपनी विशेषताएँ होती हैं जो कि उन्हें पुरुषों से अलग करती हैं. जैसे कि, वो सभी चीजों को अच्छे से संभालना सहेजना, उनकी ईमानदारी, वास्तविकता, दूसरों के प्रति सहानुभूति, महत्वाकांक्षा, दृढ़ता, त्याग आदि, ये गुण ही उन्हें अलग बनाते हैं.

महिलाओं में एक और बड़ी खूबी होती हैं कि वो किसी भी परिस्थिति में खुद को ढ़ाल सकती हैं और यह उनकी मजबूत शख्सियत का परिचय देती है. औरत अगर महत्वाकांक्षी भी हो, तो अपने परिवार और काम दोनों में सामंजस्य बैठाने का प्रयास करती हैं. शायद इसी खूबी के कारण ही भारतीय विवाह परंपरा अभी भी टिकी हुई है, अभी भी औरतें बड़ी आसानी से किसी दूसरे घर को अपना लेती हैं और परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढ़ाल लेती हैं. मैंने अपने ही कार्यालय में एक बहुत ही प्यारी-सी मैडम को हर रोज परिवार और कार्यालय के बीच सामंजस्य स्थापित करते हुए देखा है. इस बीच वो हमेशा जिसका त्याग करती हैं वह है अपनी सहूलियत और अपने आराम का. तब समझ में आता है कि त्याग अपने आप में ही एक बड़ी शक्ति है, जो किसी मजबूत शख्स की ही शोभा बनता है. घर-परिवार और ऑफिस के बीच पीसकर जब भी वह स्त्री मुस्कुराती है तो यकीन मानिए उससे शक्तिशाली मुझे और कोई नहीं दिखाई पड़ता. मैंने उन्हें कभी गुस्सा करते नहीं देखा. हमेशा मुस्कुराहट के साथ सुबह की शुरुआत और कार्यालयीन शाम की समाप्ति करते हुये देखा है. वह दुःखी तो होती हैं, लेकिन इसका प्रभाव कभी आसपास के लोगों पर नहीं पड़ने देतीं, तब मुझे लगता है कि वह औरत वाकई ताक़तवर है, उसे कोई नहीं हरा सकता.

औरतों में सृजन करने की क्षमता होती है. निश्चित रूप से यह क्षमता दैवीय है. इसके अतिरिक्त भाव, कोमलता, सौन्दर्य, समेटना, सहेजना और प्रेम, ये सभी शस्त्र हैं महिलाओं के. ये वही गुण हैं जो महिलाओं को विशिष्ट श्रेणी के अंतर्गत रखते हैं और हम महिलाओं को उनके इन्हीं गुणों के साथ देखते हैं. महत्वाकांक्षा, सफलता, ख्याति, संपत्ति ये सभी को प्रिय होते हैं किन्तु रिश्तों के लिए इनसे समझौता करने की अद्भुत ताकत केवल औरतों में ही हो सकती है. समझौता अपने आप में एक आँधी होती है और हर औरत कमोबेश मात्रा में इस आँधी को अपने दिलो-दिमाग में रखती हैं. तो औरतों की क्षमता और सामर्थ्य का अंदाज़ा लगाया जा सकता है. लेकिन क्या वाकई में लगाया जा सकता है? तो जवाब शायद 'नहीं' होगा. यह कितनी अजीब बात है कि इतनी ताकत को अपने भीतर समाहित करने वाली औरत अधिकांशतः खुद की ताकत से ही अपरिचित रहती है.

यदि हम क्षमता, ताकत, प्रवीणता, शक्ति की बात करें तो हमें शारीरिक शक्ति के साथ-साथ मानसिक शक्ति का भी विश्लेषण करना चाहिए. निश्चित रूप से, शारीरिक क्षमता/बल पुरुषों के मुक़ाबले स्त्रियों में कम होता है किन्तु मानसिक क्षमता औरतों में पुरुषों के बराबर होती है. आज कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं है, जहां महिलाएं अपना कदम नहीं जमा रही है. वे लगातार नई-नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रही हैं और देश के सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक तथा सांस्कृतिक विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं. यदि हम व्यापार एवं बैंकिंग के क्षेत्र में ही देखें तो कई ऐसे उदाहरण वर्तमान में मौजूद हैं जो औरतों की क्षमता और सामर्थ्य की पूर्ण छवि प्रस्तुत करते हैं. चाहे वह चन्दा कोचर (सीईओ, आईसीआईसीआई बैंक) हो या नैना लाल किदवई (कंट्री हैड, एचएसबीसी इंडिया), या चित्रा रामकृष्ण (सीईओ, नेशनल स्टॉक एक्स्चेंज ऑफ इंडिया), या शिखा शर्मा (सीईओ, एक्सिस बैंक) या शीलाश्री प्रकाश (चीफ़ आर्किटेक्ट, शिल्प आर्किटेक्ट). ये मात्र कुछ गिने चुने उदाहरण हैं, पूरी सूची तो शायद काफी लंबी हैं और महिलाओं की उपलब्धि इसी बात से प्रमाणित हो रही है कि इन सभी उपलब्धियों को अब उँगलियों पर गिनने जितना आसान नहीं रहा. अब संख्या भारी है, वास्तव में, काफी बड़ी है. औरतें हर क्षेत्र में प्रवेश कर रही हैं और अपने सामर्थ्य का लोहा मनवा रही हैं. पहले जहां केवल शिक्षा-क्षेत्र ही महिलाओं का 'कम्फर्ट एरिया' रहा था अब उस कम्फर्ट एरिया से निकल कर औरतें ट्रेन, बस, हवाईजहाज यहाँ तक कि ऑटो भी चला रही हैं, हर दिन एक नए क्षेत्र में उनका पहल करना सामाजिक समानता की ओर बढ़ते उनके कदमों को दर्शाता है. एक बने-बनाए साँचे से औरतें खुद को निकाल रही हैं और आधुनिक समाज का एक हिस्सा बन रही है. यह केवल-और-केवल उनकी क्षमता और सामर्थ्य का ही फल है.

✦✦✦

महिला प्रधान क्षेत्रों में महिला

प्रीति साह
क्षे. का., कोलकाता

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है. हमारे समाज में दो वर्ग हैं:स्त्री और पुरुष. दोनों एक सिक्के के दो पहलू हैं. एक के बिना दूसरा अधूरा है. जीवन में एक सामंजस्य बनाए रखने के लिए इन दोनों की ही अपनी-अपनी भूमिका है. मेरे इस लेख की मुख्य भूमिका में महिला प्रधान कार्य क्षेत्र है.

आज स्त्रियाँ पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है. जीवन के हर क्षेत्र में घर से लेकर बाहर तक अपना वर्चस्व सिद्ध करती है. काम काजी महिलाओं की ज़िम्मेदारी दुगुनी है. एक ओर जहां वो अपने घर की पूरी ज़िम्मेदारी उठाने के लिए सदियों पहले से प्रतिबद्ध है वहीं दूसरी ओर पढ़ी लिखी महिलाएं अच्छे पदों पर कार्यरत हैं जो उनकी जिम्मेदारियों को दुगुना कर देता है. किसी कवि ने कहा है : नर से बढ़कर नारी – क्योंकि इसमें दो मात्राएं ज्यादा होती हैं. इसके अलावा भी नारी को लेकर कई उक्तियाँ लिखी गईं. हमारे आदि-ग्रन्थों में नारी को गुरुतर मानते हुए यहाँ तक घोषित किया गया है- 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता' अर्थात जहां नारी की पूजा होती है, वहाँ देवता निवास करते हैं. सर्वेक्षणों में यह भी पाया गया है कि महिलाएं कई क्षेत्रों में पुरुष से बेहतर कार्य करती हैं. इसका उदाहरण भी हम अपने देश में देख सकते हैं, जहां बड़ी बड़ी कंपनियों की सीईओ (CEO) के रूप में महिलाएं सफलतापूर्वक कार्यनिष्पादन कर रही है. चंदा कोचर, शिखा शर्मा, इंद्रा नुई, मल्लिका श्रीनिवासन, विनीता बाली, अरुणा जयंती, चित्रा रामकृष्ण, एकता कपूर, रूपा कुदवा, रोशनी नाडर, मीना गणेश, निशि वासुदेव, विनीता गुप्ता, सूची मुखर्जी, अनिषा सिंह, इंद्राणी मुखर्जी इत्यादि.

अभी हाल ही में सभी समाचार चैनलों की हेड लाइन रही भारत की अवनि चतुर्वेदी. जिसने विश्व की पहली महिला फाइटर पायलट के रूप में अपना नाम दर्ज करवाया है. इसके अलावा कल्पना चावला, नीरजा, भारत की महिला प्रेसिडेंट प्रतिभा देवीसिंह पाटिल इत्यादि कई नाम है जो भारतीय महिलाओं की प्रतिभा को उजागर करते है. आज हम बात करेंगे महिला प्रधान उन कार्य क्षेत्रों की जहां अपनी प्रतिभा, विनम्रता, सादगी, शालीनता, सहिष्णुता, कलागत निपुणता, धैर्य शीलता के कारण महिलाओं ने अपना वर्चस्व साबित किया है. निम्नलिखित कुछ ऐसे कार्यक्षेत्र है जहां महिलाओं ने पुरुषों को पीछे छोड़ दिया है :

1. **कढ़ाई-बुनाई एवं कशीदाकारी :** कढ़ाई-बुनाई एवं कशीदाकारी का कार्य मुख्यतः महिलाओं से जुड़ा रहा है. महिलाएं घरों में सिलाई-बुनाई का काम करती आ रही है. रंगीन धागों से सुंदर डिजाइन/कढ़ाई बनाने का काम भी महिलाएं कर रही है.

   आज के आधुनिक दौर में फैशन डिजाइनर का कोर्स कर महिलाएं बड़ी कंपनियों और पदों पर फैशन मॉडेल के रूप में कार्यरत है. बड़े शहरों एवं महानगरों में उनके अपने बुटीक हैं और वे एक से बढ़कर एक डिजाइनर कपड़े तैयार कर रही हैं. महिलाओं सृजनशीलता की वजह से ऐसा ज्यादा संभव होता है.

2. **नर्सिंग एवं आतिथ्य सेवा :** अस्पतालों में महिलाएं ही सेविका के रूप में सबसे ज्यादा देखी जाती है. पुरुषों की तुलना में महिलाएं अपनी शालीनता एवं ममता के कारण इस क्षेत्र में वर्षों से कार्यरत हैं.

   इसके अलावा होटल मैनेजमेंट में रिसेप्शनिस्ट के पद से लेकर प्रबन्धक के पद तक महिलाएं आतिथ्य सत्कार कार्यो में अपना वर्चस्व बनाए हुये है. हवाई जहाजों में एयर होस्टेस के रूप में लड़कियां, हमें आतिथ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध करवाती नजर आती हैं.

3. **शिक्षिका के रूप में :** आरंभिक स्कूलों एवं माध्यमिक स्कूलों तक हम पाते हैं कि महिलाएं शिक्षिका के रूप में उत्तम कार्य निर्वाह कर रही हैं. विद्यार्थियों को संभालने-समझने और समझाने के क्षेत्र में महिलाओं की मुख्य भूमिका है. इस क्षेत्र में उनकी सूझ-बूझ पुरुषों से काफी ज्यादा है. ब्रिघैम यंग का कहना है, 'जब आप एक आदमी को शिक्षित करते है; आप एक आदमी को शिक्षित करते हैं, परंतु जब आप एक औरत को शिक्षित करते हैं, आप एक पीढ़ी को शिक्षित करते हैं'.

4. **ज्वेलरी डिजाइनर :** आभूषणों के व्यापार का सबसे मुख्य पहलू होता है, उसकी बनावट और सुंदरता. आभूषण की डिजाइनिंग बड़ी महत्वपूर्ण होती है. आभूषणों की बिक्री ही इस बात पर निर्भर करती है कि उसकी डिजाइन कितनी सुंदर है. इसके लिए महिलाएं ज्वेलरी डिजाइनिंग भी करती है. इस क्षेत्र में महिलाओं का ही वर्चस्व होता है. अपनी सूझ-बूझ एवं क्रियेटिविटी के कारण महिलाएं कम सोने के वजन में भी सुंदर डिजाइन प्रस्तुत करती हैं. इमिटेशन आभूषणों में भी महिलाएं पुरुषों से अग्रणी है.

5. **सामाजिक कार्यकर्ता :** सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में हम देखें तो इस क्षेत्र में महिलाएं काफी तत्पर एवं कार्यकुशल है. वह कई एनजीओ (NGOs), वृद्धाश्रम (Old Age Homes), अनाथाश्रम (Orphanage Homes) से जुड़ी हुई मिलती है. काम-काजी महिलाएं भी छुट्टियों के दिन अपना कुछ समय इन सामाजिक स्थलों पर जाकर बिताती है. बाल मजदूर, चाइल्ड ट्राफिकिंग इत्यादि कई मामलों में सजग होकर कार्यरत दिखती है.

   इसके अलावा भी कई क्षेत्र ऐसे है, जहां महिलाएं अपनी उत्तम सेवा प्रदान कर रही है:

6. **मेडिकल एंड हेल्थ सर्विस:** मेडिकल एवं हेल्थ सेवाओं वाले संगठनों में महिलाएं मुख्य भूमिका में है. वो डॉक्टर हैं, नर्स है. सेविका एवं परिचारिका की भूमिका में मरीजों का इलाज करती है, उनकी सेवा करती है. नारी के अंदर मौजूद शालीनता और सहिष्णुता ही

है जो इस कार्यक्षेत्र में उसे संबल प्रदान करती है और वह बड़े ही प्रेम पूर्वक बीमारों की सहायता करती है. साइकोलोजिस्ट तथा कौंसिलर के रूप में भी महिलाएं पूरे देश में विख्यात हैं.

7. **जन संपर्क प्रतिनिधि :** बड़े-बड़े संगठनों में महिलाएं जन संपर्क प्रतिनिधि के रूप में कार्यरत हैं. बाहर जाकर काम करना तथा अन्य कंपनियों को अपने संगठन के साथ जोड़ना इत्यादि कार्यों मे सफलता पूर्वक काम करने में पुरुषों की तुलना में महिलाएं ही निपुण है.

8. **मार्केटिंग क्षेत्र :** आजकल कई कंपनियों की विपणन अधिकारी महिलाएं ही हैं. महिलाओं के अंदर बात करने की कला, उत्पादों की प्रस्तुति आदि पुरुषों से भिन्न है. यही कारण है कि कई कंपनियाँ जिसमें बीमा कंपनियाँ भी हैं जो महिलाओं को मार्केटिंग ऑफिसर के रूप में नियुक्त कर रही हैं.

9. **मानव संसाधन :** कार्यालयों में मानव संसाधन विभाग में भी महिलाएं कार्यरत हैं. मैनपॉवर की आवश्यकताओं को समझते हुए उनकी तैनाती पर विशेष ध्यान देती हैं. इसके अलावा कार्मिकों के बीच एक खुशनुमा माहौल बनाए रखने के लिए वह त्योहारों पर ड्रेस कोड बनाती हैं, छोटे-छोटे त्योहारों का आयोजन करती है, कार्मिकों के बीच प्रतियोगिताओं का भी आयोजन करती हैं. इस प्रकार वह उत्तम कार्य करने का एक माहौल तैयार करती हैं और कार्यक्षेत्र में नीरसता और मोनोटोनस भाव नहीं आने देतीं.

10. **वित्तीय सलाहकार:** वित्तीय सलाहकार के रूप में महिलाएं ज्यादा सफल हैं. उनके अंदर एक कल्पना शक्ति होती है, जिससे भविष्य की आवश्यकताओं को वह समझ लेती हैं और उसके अनुसार निवेश आदि की सलाह देती हैं.

11. **आयोजक :** किसी भी तरह की बैठक, कार्यक्रम के आयोजन में महिलाएं धैर्यपूर्वक और बड़ी ही शालीनता से कार्यों को अंजाम देती है. वह पहले आवश्यक वस्तुओं की सूची बनाती है. पुनः एक-एक कर उनकी व्यवस्था करती है. अपने कार्यों में वह संपूर्णतः (Perfection) का पूरा ध्यान रखती है. चेर ने कहा है, 'महिलाएं समाज की वास्तविक वास्तुकार होती हैं'.

12. **चाइल्ड केयर सेंटर :** शहरों में काम काजी महिलाओं के लिए बच्चों को पालने की बड़ी ज़िम्मेदारी है. ऐसे में, महानगरों और बड़े शहरों में एकल परिवारों - जिसमें सिर्फ पति-पत्नी हैं, बच्चों की देख-भाल के लिए चाइल्ड केयर केन्द्रों की आवश्यकता महसूस हुई. ऐसे केन्द्रों में माँ के स्थान पर महिलाएं ही हैं, जो धैर्यपूर्वक दूसरों के बच्चों को भी अपने बच्चे की तरह खिलाना-पिलाना, सुलाना आदि सब कुछ करती है. ऐसे संगठनों में भी मुख्य भूमिका महिलाओं की ही रहती है.

इस प्रकार कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां महिलाओं के लिए विशेष स्थान है. शॉपिंग मौल हो या ज्वेलरी शॉप महिला अधिकारियों की विशेष मांग होती है. कई महिलाएं लेखिका एवं कवयित्री भी हैं जिनके अनुभवों तथा कल्पनाशीलता के अनमोल खजाने से साहित्य जगत भरा पड़ा है. आज के दौर में महिलाएं साहित्य जगत को अपनी लेखनी से कई उपहार दे चुकी है एवं नोबल पुरस्कार विजेता भी हैं.

✦✦✦

नारी होने का अधिकार है...

मैं नारी हूँ
मुझे नारी होने का अधिकार है

अब तुम्हारे चरणों की
धूल होने से मुझको इनकार है।

उठ खड़ी हूँ मैं अपने पैरों पर
नहीं मुझे किसी सहारे की दरकार है।

गम हो या खुशी, होंगें मेरे सारे अपने
मन मेरा हर फैसले के लिए तैयार है।

सुकोमल है स्वरूप मेरा,
सौम्य मेरा व्यवहार है

हद जिस दिन तुमने पार की,
हाथों में मेरे फिर तलवार है।

जननी होने का मुझको सम्मान है
पर देवी होने से इनकार है।

मैं नारी हूँ
मुझे नारी होने का अधिकार है।

उपासना सिरसैया
क्षे. का., भोपाल

भारतीय समाज में महिलाएँ

रंजना कान्त
क्षे.का., पटना

यदि हम भारतीय समाज में महिलाओं की स्थिति पर चर्चा करें, तो वैदिक युग से लेकर आधुनिक काल तक महिलाओं की स्थिति में अनेक उतार-चढ़ाव आते रहे हैं.

वैदिक युग में स्त्रियों की स्थिति सुदृढ़ थी, परिवार तथा समाज में उन्हें सम्मान प्राप्त था. शिक्षा प्राप्ति, संपत्ति तथा सभा व समितियों में भाग लेने का उनको बराबरी का अधिकार प्राप्त था. व्यक्तित्व और सामाजिक विकास में उनका अधिक योगदान होता था.

लेकिन मध्यकाल में महिलाओं की स्थिति बहुत ही दयनीय हो गई. एक तरह से यह महिलाओं के सम्मान, विकास और सशक्तिकरण का अंधकार युग था. मुगल शासन, सामंती व्यवस्था, केंद्रीय सत्ता का नाश होना, विदेशी आक्रमण और शासकों की विलासपूर्ण प्रवृत्ति ने महिलाओं को उपभोग की वस्तु बना दिया था. जिसके कारण महिलाओं को बाल-विवाह, पर्दाप्रथा, बालश्रम, सतीप्रथा, विधवाओं के पुनः विवाह पर रोक इत्यादि कुरीतियों का सामना करना पड़ता था. समाज में महिलाओं की शिक्षा नाम की कोई चीज नहीं थी. उनकी स्वतन्त्रता और अधिकारों को प्रतिबंधित कर दिया गया था. पुरुषों की इच्छानुसार चलने के लिए वे बाध्य थीं.

उन्नीसवीं सदीं के पूर्वार्ध में भारत के कुछ समाजसेवियों जैसे राजा राममोहन राय, दयानन्द सरस्वती, ईश्वरचंद विद्यासागर तथा केशवचंद्र सेन ने समाज की इन कुरीतियों के खिलाफ आवाज़ उठायी. इन्होंने तत्कालीन ब्रिटिश शासकों के समक्ष स्त्री-पुरुष समानता, स्त्री-शिक्षा, सती-प्रथा पर रोक तथा बहु-विवाह पर रोक की आवाज उठायी. इसी का परिणाम था सती प्रथा निषेध अधिनियम, बहु-विवाह रोकने के लिए नोटिव मैरिज एक्ट इत्यादि. इन सभी कानूनों का हमारे समाज में नारी की स्थिति को सुधारने में काफी योगदान रहा.

भारत की आजादी के बाद महिलाओं की स्थिति में काफी सकारात्मक बदलाव देखा गया है. सरकार द्वारा उनकी आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक स्थिति में सुधार लाने तथा उन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं और विकासात्मक कार्यक्रमों का संचालन किया गया है.

इक्कीसवीं सदी तक आते-आते महिलाओं की स्थिति में काफी सुधार हुआ और महिलाओं ने शैक्षणिक, राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक, प्रशासनिक, खेलकूद आदि विविध क्षेत्रों में उपलब्धियों के नए आयाम तय किए. आज की महिलाएँ आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वासी हैं, जिसने जीवन के हर चुनौतिपूर्ण क्षेत्र में भी अपनी योग्यता बखूबी प्रदर्शित की है. आज वह केवल डॉक्टर और शिक्षिका ही नहीं बल्कि इंजीनियर, पायलट, वैज्ञानिक, तकनीशियन, सेना, पत्रकारिता जैसे क्षेत्रों में भी सफलतापूर्वक योगदान दे रही है. यहाँ तक कि अंतरिक्ष भी महिलाओं से अछूता नहीं है.

जवाहर लाल नेहरू ने कहा था- ''यदि आपको विकास करना है तो महिलाओं का उत्थान करना होगा. महिलाओं का विकास होने पर समाज का विकास स्वतः हो जाएगा.''

इसी संदर्भ में गाँधी जी ने कहा था कि एक लड़की की शिक्षा एक लड़के की शिक्षा से ज्यादा महत्वपूर्ण है क्योंकि लड़के को शिक्षित करने पर वह अकेला शिक्षित होता है किन्तु एक लड़की की शिक्षा से पूरा परिवार शिक्षित हो जाता है.

आज शिक्षा ने महिलाओं को आर्थिक, राजनैतिक व सामाजिक न्याय तथा पुरुष के साथ समानता के अधिकारों की मांग को काफी प्रेरित किया है. 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाना महिलाओं की प्रगति एवं सम्मान के प्रतीक के रूप में माना जा सकता है. वर्ष 2001 में पहली बार राष्ट्रीय महिला उत्थान नीति बनाई गई, जिससे देश में महिलाओं के लिए विभिन्न क्षेत्रों में उत्थान और समुचित विकास की आधारभूत विशेषताएं निर्धारित किया जाना संभव हो सका.

हमारे देश में तीन तलाक के खिलाफ या निर्भया कांड के खिलाफ, जो भी कानून बनाए जा रहे हैं, वह महिलाओं की स्थिति सुधारने में बखूबी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे. यह सत्य है कि वर्तमान समय में स्त्रियों की स्थिति में काफी बदलाव आया है, लेकिन फिर भी वह अनेक स्थानों पर पुरुष प्रधान मानसिकता से पीड़ित हो रही है.

समाज सुधारक एवं राष्ट्र निर्माता स्वामी विवेकानंद ने राष्ट्र की प्रगति को नारी की प्रगति के साथ जोड़ते हुए कहा था किसी भी राष्ट्र की प्रगति का सर्वोत्तम थर्मामीटर है, वहाँ की महिलाओं की स्थिति! हमें नारियों को ऐसी स्थिति में पहुँचा देना चाहिए, जहां वे अपनी समस्याओं को अपने ढंग से स्वयं सुलझा सकें. हमें नारी शक्ति का उद्धारक नहीं वरन उनके सेवक और सहायक बनना चाहिए. भारतीय नारियां संसार की अन्य किन्ही भी नारियों की भाँति अपनी समस्याओं को सुलझाने की क्षमता रखती हैं. भारत के उज्ज्वल भविष्य की संभावनाएं इसी आधार में निहित हैं.

✦✦✦

ऋतु पारिक
क्षे. का., मुंबई (प)

पुरुष बनने की दौड़ में दौड़ती महिलाएं

नारी जाति आधी मानव जाति है. पुरुष की जननी है, संगिनी है, अर्धांगिनी है. चाहे ऋषि मुनि हों, पैगंबर हों या कोई महापुरुष, सभी इसी की गोद में पले बढ़े हैं. परंतु समय साक्षी रहा है कि नारी की कोख से पैदा होने वाले पुरुषों ने ही उसे बहुत अपमानित किया है, बहुत ही तुच्छ समझा है, उसके आत्मसम्मान को छलनी किया है.

अपने आत्मसम्मान को संभालने के लिए नारी ने आजादी चाही और स्वावलंबन व आर्थिक निर्भरता की ओर बढ़ी. समाज सुधारकों के प्रयासों से नारी की स्थिति समाज में उन्नत हुई और यहाँ तक कहा जा सकता है कि राष्ट्रों के निर्माण व उत्थान में नारी का बहुत बड़ा योगदान रहा है. सामूहिक व्यवस्था हर क्षेत्र में साफ तौर पर नजर आ रही है. परंतु यह सिक्के का एक पहलू है, जो बेशक अच्छा, चमकीला व संतोषजनक है. नारी जाति की वर्तमान उपलब्धियां– शिक्षा, उन्नति, आजादी, प्रगति और आर्थिक व राजनीतिक सशक्तिकरण आदि यकीनन गौरवपूर्ण व सराहनीय हैं.

परंतु सिक्के का दूसरा पहलू हमें कुछ और ही तस्वीर दिखाता है. नारी को जब आजादी मिली तो लिंगीय समानता की बात शुरू हुई और इस दिशा में आगे बढ़ते–बढ़ते उसे पुरुष के समान सिर्फ अधिकार ही नहीं अपितु कर्तव्य भी दे दिये गए. बराबरी का पैमाना तय किया गया कि कर्तव्य क्षेत्रों में नारी–पुरुष का फर्क ही मिटा दिया जाये और आगे बढ़ने के जुनून में इस तथ्य की अनदेखी की गई कि सृष्टि व शारीरिक रचना के अनुसार कुछ मामलों में औरत के तो कुछ मामलों में पुरुष के अधिकार एक दूसरे से ज्यादा होते हैं. इसी तरह कर्तव्य व जिम्मेदारियाँ भी कुछ मामलों में मर्दों की, कुछ मामलों में औरतों की अधिक होती हैं. अतः अंधाधुंध बराबरी न्याय नहीं, विडम्बना है.

इसी विडम्बना के फलस्वरूप नारी के सामने कई प्रत्यक्ष व परोक्ष समस्याएँ आ खड़ी हुईं. जब बंधनों में बंधी, अधिकारों से वंचित, अपमानित व शोषित नारी जाति को आत्म–विश्वास मिला तो वह स्वतंत्रता से कब स्वच्छंदता पर पहुँच गई पता ही नहीं चला. नारी की स्वच्छंदता को आसानी से मीडिया द्वारा देखा जा सकता है. जिस लाज शर्म को नारी का गहना माना जाता था उसे ही नारी ने उतार फेंका क्योंकि वह उसके लिए परेशानी का सबब बनने लगा था. बराबरी की अंधी दौड़ में, नारी सही गलत का निर्णय लेना ही भूल गई और कई तरह के व्यसनों से ग्रस्त होने लगी.

धीरे धीरे पति–पत्नी सहयोगी न रहकर प्रतियोगी बन गए. बच्चों की पैदाईश और माँ बनने से औरतें विरक्त होने लगीं और परिणाम स्वरूप सामाजिक ताना बाना बिखरने लगा. परिवार छोटे होने लगे व एकल परिवार की नई परंपरा बनने लगी. बच्चों की देखभाल आया करने लगी और इसी वजह से माता–पिता व बच्चों के बीच में पारस्परिक संबंध कमजोर पड़ने लगे. जो बच्चे आया की देखभाल में बड़े हुए थे वे अपने बुजुर्ग माता–पिता को वृद्धाश्रम भेजने लगे.

नारी को मिली शिक्षा, बराबरी व अधिकार के निश्चित रूप से कई सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं. राष्ट्र निर्माण व उन्नति में नारी ने बड़ा योगदान भी दिया. लेकिन जो भी उसने पाया उसकी उसे बड़ी कीमत चुकानी पड़ी. पुरुष बनने की वीभत्स दौड़ में नारी अपना नारीत्व ही खोने को उतारू हो गई. नारी भूल गई कि समाज में उसका महत्व व पूजनीय स्थान उसके नारीत्व की वजह से ही है.

घर में रहकर पत्नी व माँ की भूमिका निभाने से स्वतंत्र हो जाने के भरसक प्रयासों के बावजूद प्रकृति के नियमों से आजाद हो पाना संभव नहीं था. इसलिए इस अवश्यंभावी प्रतिकूल अवस्था में नारी, घर में बाहर धन कमाने निकली तो उस पर दोहरी ज़िम्मेदारी और दोहरी मेहनत का बोझ पड़ गया. परिवार को संभालने की भी ज़िम्मेदारी और जीविकोपार्जन की भी ज़िम्मेदारी. यदि यही ज़िम्मेदारी स्त्री व पुरुष साझा करें तो ना केवल स्त्री जीवन की जटिलताएं कम होंगी बल्कि समाज की तस्वीर ही कुछ और हो सकती है. लेकिन मेरे कहने का तात्पर्य यह कतई नहीं है कि समाज पुरातन व्यवस्था में लौट जाए, जहां स्त्री घर में सजा दी जाने वाली एक वस्तु मात्र थी और पुरुष घर और बाहर के सर्वे सर्वा.

आधुनिक समाज में यह आवश्यक हो गया है कि स्त्री–पुरुष एक दूसरे के सहभागी बनें न कि प्रतिभागी. घर व बाहर की जिम्मेदारी को मिलकर निभाएं.

क्योंकि आज हर स्त्री आर्थिक स्वतंत्रता, शिक्षा व रोजगार चाहती है तो उसे आत्म–निर्भर बनने दिया जाए. स्त्री–पुरुष, एक दूसरे से कंधे से कंधा मिलाकर चलें और मिलकर राष्ट्र का निर्माण करें. न कि पुरुष से बराबरी करने की अंधी दौड़ में अपनी पहचान ही खो दें.

✦✦✦

हमें गर्व है

दि. 13.01.2018 को क्षे.का., जबलपुर एवं जबलपुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शाखाओं के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया, जिममें शाखाओं की टीम विजयी रही. विजेताओं को पुरस्कृत करते हुये मुख्य अतिथि श्री अरुण कुमार, क्षेत्र प्रमुख, जबलपुर.

श्री प्रफुल्ल चोणकर, प्रबंधक, कांदिवली पूर्व शाखा, मुंबई ने दि. 28.01.2018 को चारकोप, कांदिवली, मुंबई में आयोजित मिनी मैराथॉन में हिस्सा लेते हुये उसे सफलतापूर्वक पूर्ण किया.

हमारी निकोल शाखा, अहमदाबाद के दफ्तरी **श्री दिनेशभाई सोलंकी** ने शाखा के लॉकर रूम के निकट, ग्राहक द्वारा भूलवश छूटी हुयी सोने की अंगूठी ग्राहक को लौटायी.

हमारे यू एल पी, जयपुर के विपणन अधिकारी **श्री हेमन्त कुमार लखेरा** द्वारा किसानों को कैसे मिले उपज का सही दाम ? इस विषय पर लिखे हुये पत्र/लेख को बिजनेस स्टैंडर्ड अखबार द्वारा उनके दि. 05.02.2018 के प्रकाशन में प्रकाशित किया गया एवं उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया.

बधाई! बधाई!

श्री चिन्मय गावड़े, सुपुत्र श्री विजय गावड़े, सहायक महाप्रबंधक, यूएलपी, कांदिवली, मुंबई ने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाण्टंट्स ऑफ इंडिया द्वारा नवंबर, 2017 में आयोजित 'सनदी लेखाकार' (सीए) की परीक्षा उत्तीर्ण की.

सुश्री अथुल्य सुनील, सुपुत्री श्री सुनील कुमार के सी, एसडब्ल्यूओ, अथनी शाखा, नोक्षेका, एर्णाकुलम (जो निर्मला हायर सेकेंडरी स्कूल, अलुवा की 8वीं कक्षा की छात्रा है) ने दि. 08.01.2018 को आयोजित केरल स्टेट कल्चरल कॉम्पीटीशन "केरल नादनम डान्स" प्रतियोगिता में 'ए' ग्रेड के साथ केरल राज्य में प्रथम स्थान अर्जित किया.

सुश्री पौलोमी चटर्जी, सुपुत्री श्री उत्पल चटर्जी, एसडब्ल्यूओ-बी, कैमेक स्ट्रीट-चौरंगी रोड शाखा, क्षे.का., कोलकाता जनवरी, 2018 में सेंट जेवीयर्स कॉलेज, कोलकाता में आयोजित इंटर कॉलेज नृत्य प्रतियोगिता में विजेता रहीं. कोलकाता के स्कॉटिश चर्च कॉलेज की बी ए फ़ाइनल इयर की यह छात्रा पढ़ाई के साथ-साथ कथ्थक नृत्य एवं गिटार वादन में भी निपुण है.

सुश्री अमनदीप कौर, सुपुत्री श्री दर्शन सिंह, सहायक प्रबन्धक, क्षे.का., कोलकाता ने 'प्राचीन कला केंद्र', चंडीगढ़ द्वारा आयोजित 'भरत नाट्यम डांस - प्रारम्भिक पार्ट-2, संगीत भूषण - पार्ट 1 एवं 2' में प्रथम स्थान अर्जित किया. साथ ही यूथ गिल्ड फॉर फ्रेंडशिप रशियन सेंटर ऑफ साइन्स एंड कल्चर, कोलकाता द्वारा आयोजित 'द इंडिया-रशिया फ्रेंड्शिप फेस्टिवल - कल्चरल कॉम्पिटीशन 2016' में अपना सहभाग देते हुये मेडल अर्जित किया.

सुश्री चैत्राली, सुपुत्री श्रीमती चित्रा कर्वे, घाटकोपर पूर्व शाखा, मुंबई ने 'रशियन ओपन वर्ल्ड कप, मॉस्को 2017' में हिस्सा लेते हुये 'एरोबिक्स' श्रेणी के इंडिविजुअल और टीम ट्रायो कैटेगरी में 2 स्वर्ण पदक प्राप्त किये. साथ ही उन्होंने गाजियाबाद में हुयी 12वीं आईएसएएफएफ चैम्पियनशिप 17-18 में 2 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य पदक प्राप्त किए. उन्होंने कथ्थक नृत्य की पाँचवी परीक्षा उत्तीर्ण करते हुये 'सेंट्रल गव्हर्नमेंट कल्चरल रीसोर्स एंड ट्रेनिंग, दिल्ली' से शिष्यवृत्ति प्राप्त की. 'रोप मल्लखांब' में राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी के रूप में उन्होंने बहुत सारे स्वर्ण और रजत पदक अपने नाम किए हैं.

सुश्री रीषिका, सुपुत्री श्री आर.के. मिश्रा, प्रबंधक, मंगोलपुरी शाखा, क्षे.का., दिल्ली (उत्तर) को एसयूएनएआईएनए सोसायटी (जिसे युनेस्को की इंटर नेशनल काउंसिल ऑफ डांस की सदस्यता प्राप्त है) द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित भरत नाट्यम प्रतियोगिता में 'विशिष्ट पुरस्कार' से सम्मानित किया गया.

The Skilled Rope Skipper

The national rope skipper, Miss GEETANJALI, daughter of Mr. Ranjan Sharma, Branch Manager, Batala Road Branch, Amritsar is a Std. IX student of Shri Ram Ashram School, Amritsar.

This avid reader of books and novels has carved a niche for herself in rope skipping. She began her journey in the world of 'rope skipping' at the tender age of 8 under the able guidance of Ms.Nidhi, Vice President, Rope Skipping Association, Punjab. Her passion and hard work for the sport paid off within a year. Since then she is participating in rope skipping championship.

She also represents her state at National level. She is participating in Rope Skipping Championships since 2012. She bagged many laurels for her school and state also. 2013 was the sensational year for her when she clinched Gold at the 59th National Rope Skipping Tournament by SGFI (School Games Federation of India) at Dewas, M.P., followed by 2 Golds at the State Rope Skipping Championship at Attari, Amritsar and a Silver & a Bronze at the CBSE National Skipping Championship at D.A.V. Amritsar. In 2014, she bagged 2 Silver medals at CBSE National Skipping Championship at Indore, M.P. In 2015, she again clinched 1 Gold and 2 Silvers at CBSE National Skipping Championship, Samalkot, A.P. followed by a Silver & 2 Bronzes at the 60th National Rope Skipping Tourney by SGFI at Delhi. In 2016, she won2 Silvers at 61stNational Rope Skipping Tourney by SGFI at Delhi and again 2 Silver medals at the 62nd National Rope Skipping Tournament by SGFI at Jabalpur, M.P. In 2017, she is back on the 'Gold' track by clinching a Gold and a Bronze medal at the CBSE National Skipping Championship at Nalagarh, Solan, H.P.

Inspired by her role model Ms. Sania Mirza, the international Lawn Tennis player and ably supported by her parents, she aspires to become an IPS Officer.

Union Dhara wishes her all the success in her future 'Skipping' endeavours! More skill to her rope!!

The Dashing Rowing Queen

Miss NEHA, daughter of Mr.Vasant Y. Baviskar, SWO-B, Sindhi Colony Branch, Jalgaon, Maharashtra is a national level rowing player. B.Tech. (Mech) from College of Engineering, Pune, this girl was fascinated by this water sport 'ROWING – SWEEP & SCULLING' since her college days in Pune. Initially coached by her college seniors and regularly practicing at the local Boat Club (which was available free of cost for the engineering students with a lifetime membership), she participated at various competitions and earned laurels. She bagged 'Ladies Champion of the year award' at COEP, College Annual Regatta followed by 4 Silver medals at 'Dragon Boat National Championship, Kerala'. She was a member of the Maharashtra Women's Team at the 35th National Games, Kerala in 'Women's Coxless Fours' event, they earned 6th position. She clinched Gold medal in 'Women's Double Scull' event at the MRA State Championship 2015. During this stint, many of her college seniors and Indian rowers like Mr. Swarn Singh, Padmashree Bajrang Lal Takhar have been very influential in sculpting her rowing career.

Currently, she holds a license for National Rowing Umpiring. She is also an active member of Rowing Federation of India (RFI) and Maharashtra Rowing Association (MRA). They (umpires) are called for the competitions arranged by RFI every year, as Jury Members. She has been a Jury Member to 3 National and 2 State Rowing Championships. After 3 years of decent umpiring experience, a National Umpire can appear for Fedération Internationale des Sociétés d'Aviron (FISA) i.e. International Rowing Federation Umpiring Examination. Once an individual acquires a FISA Umpiring License, he/she becomes eligible to umpire for various International championships viz. Asian Rowing Championships, World Rowing Championships, Olympics, etc. She aspires to become a FISA Umpire in near future and contribute to the sport she loves and appreciates the most!

Union Dhara wishes her all the success in her future 'Rowing' endeavours! More skill to her oars!!

हेल्थ टिप्स

नीलगिरी-तेल

सुप्रिया नाडकर्णी
यूनियन धारा, के.का.

नीलगिरी तेल के स्वास्थ्य लाभों ने पूरे विश्व का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है और इसका उपयोग परंपरागत चिकित्सा के साथ-साथ अरोमाथेरेपी में किया जा रहा है. इसका तेल लम्बे, सदाबहार नीलगिरी पेड़ के ताजे पत्तों से प्राप्त किया जाता है. दुनिया में नीलगिरी तेल का मुख्य स्त्रोत ऑस्ट्रेलिया है.

तो चलिये नीलगिरी तेल के स्वास्थ्य लाभों के बारे में जानते हैं:

➢ नीलगिरी तेल के रोगाणुरोधक गुण होने के कारण यह एंटीसेप्टिक के रूप में काम करता है. इसलिए इस तेल का उपयोग घाव, अल्सर, जलन, कटने, खरोच और फोड़े के उपचार के लिए किया जाता है. यह कीड़ों के काटने और उनके डंक के प्रभाव को कम करने में लेप के रूप में काम करता है. प्रभावित क्षेत्र पर सुखदायक एहसास देने के अलावा यह खुले या कुपित घाव के क्षेत्र को जीवाणु संक्रमण से बचाता है.

➢ यह तेल सर्दी की समस्याओं के इलाज के लिए भी लाभदायक है. यह सर्दी, खांसी, नाक बहना, गले में खराश, अस्थमा, नाक में कफ, ब्रोंकाइटिस और साइनुसाइटिस के इलाज में मदद करता है. इस तेल में जीवाणुरोधी, कवकरोधी, रोगनुरोधी, एंटीवायरल, सूजनरोधी और सर्दी खांसी रोधक गुण होते हैं. गले में जख्म के उपचार के लिए गर्म पानी में नीलगिरी तेल के मिश्रण से गलगला करने से बहुत लाभ मिलता है. नीलगिरी तेल की 1-3 बूंदों से छाती पर मालिश करने से इसकी सुखदायक, सुगंधित भाप गले को साफ करती है और आसानी से श्वास ली जा सकती है. अस्थमा के लक्षणों से राहत पाने के लिए इसमें मौजूद सूजनरोधी गुण बहुत लाभदायक है.

➢ नीलगिरी तेल का ठंडा और ताजा प्रभाव आम तौर पर सुस्ती से पीड़ित लोगों में शक्ति बढ़ाकर थकान और मानसिक सुस्ती को दूर करता है. यह तनाव और मानसिक विकार तथा मानसिक थकावट के उपचार में भी लाभदायक है.

➢ इसके तेल में पीड़ा हरने और सूजन-रोधी गुण होते हैं. इसलिए गठिया, कमर दर्द, मोच, कठोर मांसपेशियों, लगातार दर्द, फाइब्रोसिस आदि से पीड़ित लोगों के लिए भी इसका उपयोग किया जाता है. शरीर के प्रभावित क्षेत्रों पर इस तेल से गोलाकार गति में मालिश की जानी चाहिए.

➢ नीलगिरी तेल के रोगाणुरोधी गुण के कारण यह अनेक प्रकार के दातों की समस्या जैसे दातों में छेद, दातों में गंदगी, मसूड़े में सूजन और अन्य प्रकार के दातों के संक्रमण के लिए बहुत लाभदायक है. यही कारण है कि नीलगिरी का तेल आमतौर पर माउथवॉश, टूथपेस्ट और अन्य दंत स्वास्थ्य उत्पादों में एक सक्रिय घटक के रूप में पाया जाता है.

➢ जूँ का दवाइयों से उपचार बालों के लिए हानिकारक हो सकता है, साथ ही साथ ये दवाइयाँ खतरनाक रसायनों से बनी होती हैं. इसलिए जूँ-पीड़ित सिर से छुटकारा पाने के लिए नीलगिरी तेल कि कुछ बूंदें बेहतर और स्वस्थ समाधान हैं.

➢ इस तेल का उपयोग बुखार के इलाज और शरीर के तापमान को कम करने के लिए भी किया जाता है. यही कारण है कि नीलगिरी के तेल को 'फीवर आयल' के नाम से भी जाना जाता है. इस तेल का उपयोग पेपरमिंट तेल के साथ मिलाकर शरीर से दुर्गंध दूर करने और शरीर के तापमान को कम करने के लिए स्प्रे के रूप में किया जाता है.

➢ यह तेल पेट के कीड़ों को दूर करने की दवा के रूप में काम करता है और अक्सर आंत से रोगाणुओं को हटाने में मदद करता है.

➢ नीलगिरी के तेल का उपयोग आपके बालों को चमक और मोटाई देता है. यह बालों के सम्पूर्ण स्वास्थ्य में भी मदद करता है. लेकिन इसका बहुत अधिक उपयोग करने से बालों की चमक कम हो जाती है और खोपड़ी चिकनी हो जाती है. इसलिए अधिकांश विशेषज्ञों का मानना है कि स्नान से एक घंटे पहले बालों पर नीलगिरी तेल का उपयोग करके फिर अच्छी तरह शैम्पू से बालों को धो लेना चाहिए.

➢ त्वचा के संक्रमण (विशेष रूप से चाले, दाद, मुँहासे और चिकन पॉक्स) का इलाज करने के लिए नीलगिरी तेल का उपयोग संक्रमित त्वचा पर लगा कर किया जाता है. इसको सेब साइडर सिरका (Apple Cidar Vinegar) की संतुलित मात्रा के साथ मिलकर समस्याग्रस्त क्षेत्रों पर लगाने से समस्या से जल्द राहत मिलती है.

➢ नाक में कफ जमने से राहत पाने के लिए इस तेल की कुछ बूंदों को सूँघने से फायदा मिलता है. यह न केवल नाक के मार्ग को साफ करने में मदद करेगा बल्कि आप को अच्छा महसूस कराने में भी मदद करेगा.

➢ नीलगिरी तेल के एंटीसेप्टिक और दुर्गंधनाशक गुणों के कारण अस्पतालों में इसका उपयोग रूम फ्रेशनर के रूप में किया जाता है. यह हवा में मौजूद बैक्टीरिया और रोगाणुओं को मारता है और कमरे के वातावरण को साफ और रोगाणुहीन रखता है. इन्हीं कारणों से इसका उपयोग साबुन, डिटर्जेंट और घरेलू क्लिनर में किया जाता है.

➢ नीलगिरी के तेल के ताज़गी दायक और एंटीसेप्टिक गुण के कारण बहुत से लोग इसका उपयोग स्नान, स्पा और सौना बाथ में करते हैं. नीलगिरी का तेल वाष्प के माध्यम से, मालिश के माध्यम से और इसके सेवन के माध्यम से हमें लाभ पहुँचाता है. इसलिए अरोमाथेरपी में स्पा उपचार के लिए इसका उपयोग किया जाता है. नीलगिरी के तेल का उपयोग मौसमी एलर्जी, मुँहासे, एंडोमेट्रियोसिस और हरपीज़ सिम्प्लेक्स वायरस के इलाज में भी किया जा सकता है.

लेकिन सावधान! नीलगिरी के तेल का अधिक सेवन विषैला हो सकता है. साथ ही यह अन्य होमिओपैथिक उपचारों में हस्तक्षेप भी कर सकता है. इसके अलावा, जो लोग एलर्जी के प्रति अतिसंवेदनशील हैं, उन्हें इसके उपयोग से एयरबोर्न कॉन्टॅक्ट डर्मेटाइटिस जैसी समस्या हो सकती है. ऐसी स्थिति में अपने चिकित्सक से तुरंत परामर्श करें या एलर्जी का परीक्षण करें.

✦✦✦

व्यंजन

लौकी का हलवा

वृषाली कदम
सीसीडी, के.का.

सामग्री:

लौकी-500 ग्राम
दूध-200 ML
चीनी-100 ग्राम
पेड़ा - 4-5 केसर मावा पेड़ा, (स्वादानुसार)
देसी घी-3 बड़े चम्मच
ड्राइफ्रूट्स-4 से 5 बादाम, काजू, किशमिश, पिस्ता.
हरी ईलाईची पाउडर-1/4 टी स्पून

विधि: लौकी का हलवा बनाने के लिए पहले लौकी को धो लें और छील कर कद्दूकस कर लें. कढ़ाई में मध्यम आंच पर 3 बड़े चम्मच घी को गर्म करें. कद्दूकस किए हुए लौकी को कड़ाई में डालें और उसे 10 से 15 मिनट तक भून लें. उसके बाद उबालकर ठंडे किये गए दूध को ड़ालें और मिश्रण को अच्छी तरह धीमी आंच पर पकाएं. जब दूध की मात्रा कम हो जाए तो चीनी और दूध की मलाई एवं मिल्कमेड पाउडर डाल दें और मिश्रण को चलाते हुए सूखने तक पकाएँ.

मिश्रण सूख जाए तो उसमें केसर मावा पेड़ा क्रश कर के ड़ालें और 5 से 7 मिनट तक पकाएँ. बाद में बादाम, काजू, पिस्ता हरी ईलाईची पाउडर, किशमिश डाल कर 5 मिनट पकाएँ.

आप की पाती
Opinion Gallery

"प्रतिष्ठित, सुपरिचित पत्रिका 'यूनियन धारा' देखने, पढ़ने का सौभाग्य 'सुसाहित्य पुस्तकालय' में हुआ. प्रत्येक अंक बेहतर से बेहतरीन है. प्रत्येक अंक रुचिकर, ज्ञानवर्धक व पठनीय है. आप के इस सुप्रयास के लिए संपादक मण्डल बधाई व साधुवाद का पात्र है."

संतोष बी. गुप्ता
विशेष कार्यकारी अधिकारी, अमरावती

"आपके सम्पादन में प्रकाशित आपकी द्विभाषी त्रैमासिक पत्रिका 'यूनियन धारा' का जुलाई-सितंबर अंक पढ़ने को मिला. पत्रिका सामग्री, साज-सज्जा व प्रस्तुतिकरण सभी दृष्टि से उत्कृष्ट है. बधाई!"

डॉ. माणिक मृगेश
पूर्व वरिष्ठ प्रबन्धक (प्रशा. एवं कल्याण), आईओसी एल; पूर्व सदस्य सचिव, नराकास, वडोदरा
प्रधान संपादक, हिन्दी प्रभा, पश्चिमांचल हिंदी प्रचार समिति

प्रतियोगिता क्र. 145

'मां' पर कविता लिखें... *Compose a poem on 'Mother'*

प्यार, स्नेह और ममता का अथाह सागर यानी 'मां'. हर शख्स के दिल का एक कोना अपनी मां के लिए हमेशा आरक्षित रहता है. उस प्यार, स्नेह या 'मां' से जुड़ी आपकी भावनाओं को शब्दबद्ध करते हुए हमें 'uniondhara@unionbankofindia.com' या 'sulabhakore@unionbankofindia.com' पर दिनांक **30.04.2018** को या उससे पूर्व प्रेषित करें. प्रविष्टि प्रेषित करते समय अपना नाम, पदनाम, तैनाती स्थान एवं 15 अंकों वाला खाता क्रमांक व शाखा का नाम (name, designation, posting, 15 digit account number & name of the branch) लिखना ना भूलें.

हिन्दी या अंग्रेजी में अपनी प्रविष्टि 'संपादक, यूनियन धारा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, केंद्रीय कार्यालय, यूनियन बैंक भवन, 11वीं मंज़िल, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400 021' इस पते पर भी प्रेषित कर सकते हैं. ध्यान रहे, आपकी कविता 10 पंक्तियों की सीमा से अधिक न हो. कविता आप हिन्दी या अंग्रेजी में लिख सकते हैं. दोनों ही श्रेणियों के लिए अलग-अलग पुरस्कार रखे गए हैं. कृपया नोट करें कि यह प्रतियोगिता सिर्फ बैंक के सेवारत कार्मिकों के लिए ही है. प्रथम तीन कविताओं को क्रमशः ₹1500/-, ₹1000/- तथा ₹750/- के पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे. इन पुरस्कार प्राप्त प्रविष्टियों को यूनियन धारा में प्रकाशित किया जाएगा. फिर इंतज़ार किस बात का? उठाइये अपनी कलम और शुरू हो जाइये... हमें आपकी प्रविष्टियों का इंतज़ार रहेगा.

Union Dhara, R. N. 27989/76



सदियां बीत गईं, आराम –चैन के इंतजार में
झुर्रियां बयां करती रह गईं, सुकून की चाह को
रूकना नहीं, थकना नहीं, चलना है उस पार
जहां इंतजार करता है, मेरे अपनों का प्यार
धूप, सर्दी या बरसात हो, कोई फर्क नहीं पड़ता,
बाधाएं कितनी भी आएं, जीवन रूक नहीं सकता.

फोटो एवं शब्द :
डॉ. सुलभा कोरे,
यूनियन धारा, कें. का., मुंबई

Printed and published by Dr. Sulabha Kore on behalf of Union Bank of India and printed at SAP PRINT SOLUTIONS PVT.LTD. Lower Parel, Mumbai-400013 and published at Union Bank Bhavan, 239, Vidhan Bhawan Marg, Nariman Point, Mumbai-400021. Editor -Dr. Sulabha Kore.